जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11


खेल
आईपीएल : धोनी ने लगातार तीन 666 लगाने के साथ रचा इतिहास

Page 06

देश
जोधपुर लोकसभा सीट पर अशोक गहलोत का रहा दबदबा, 5 बार दर्ज की जीत

शुक्ल पक्ष पुष्य संवत 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 16 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 125 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## आठवां दिवस



### महागौरी

महागौरी का अर्थ है – वह रूप जो कि सौन्दर्य से भरपूर है, प्रकाशमान है – पूर्ण रूप से सौंदर्य में डूबा हुआ है। प्रकृति के दो छोर या किनारे हैं – एक मां कालरात्रि जो अति भयावह, प्रलय के समान है, और दूसरा मां महागौरी जो अति सौन्दर्यवान, देदीप्यमान, शांत है – पूर्णत: करुणामयी, सबको आशीर्वाद देती हुई। यह वो रूप है, जो सब मनोकामनाओं को पूरा करता है।

## अलवर में प्रियंका गांधी ने किया 2.7 किमी का रोड शो

- हाथ जोड़कर किया अभिवादन

**अलवर (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लोकसभा चुनाव को लेकर आज राजस्थान में पहला रोड शो किया। अलवर शहर में कंपनी बाग के सामने शहीद स्मारक से दोपहर एक बजे रोड शो शुरू हुआ। रोड शो के दौरान प्रियंका ने हाथ हिलाकर और जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। लोगों ने अपनी समस्याएं कागज पर लिखकर रथ पर



पहुंचाई। अलवर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में रोड शो दोपहर 1:50 बजे पूरा हुआ। प्रियंका ने 50 मिनट तक करीब 2.7 किमी तक लोगों का अभिवादन स्वीकारा। प्रियंका के साथ रथ में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह भी थे। रोड शो में अलवर लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों के कार्यकर्ता भी साथ चल रहे थे।

## पाकिस्तान में सिख व्यक्ति की पगड़ी उतार नंगा कर पीटा

### वीडियो वायरल किया, बीजेपी नेता बोले- कट्टरपंथी संगठन टीएलपी जिम्मेदार

**अमृतसर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में बैसाखी का त्योहार मनाते हुए सिख व्यक्ति को नंगा कर जमकर पीटा गया। यही नहीं, पाकिस्तान के कट् ?टरपंथी संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान (अस्क्र) ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। जिसे अब सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। यह वीडियो भाजपा के नेता मनजिंदर सिरसा ने सोशल मीडिया (ङ्क) पर पोस्ट कर भारत सरकार से कार्रवाई की मांग की है। सिरसा ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा– %% पाकिस्तान से एक बर्बरता वाला वीडियो सामने आया। जिसमें एक सिख व्यक्ति को नंगा किया गया। पैर बांधे गए। पगड़ी उतारी गई। फिर लाठी– डंडों से पीटा गया। वीडियो में तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान (अस्क्र) का लोगो लगा है। मुझे बताया गया कि अस्क्र कट् ?टरपंथियों ने निर्दोष सिख को सिर्फ इसलिए पीटा कि वह बैसाखी मना रहा था।%% स्त्रक्क्ष्ट सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि ये निंदनीय घटना है। वीडियो के आधार पर स्त्रक्क्ष्ट पाकिस्तान सरकार को लिखेगी। पाकिस्तान में सिखों व अल्पसंख्यकों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाना सही नहीं है। मनजिंदर सिरसा ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को सोशल मीडिया पर टैग करते हुए लिखा– यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार और प्रधानमंत्री

## तिरुवनंतपुरम में बोले मोदी- कांग्रेस-लेफ्ट का अब सिर्फ नाम बचा

### आज केरल की चर्चा राजनैतिक हिंसा और अपराधों के लिए होने लगी है



**पलक्कड़/तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को केरल और तमिलनाडु के दौरे पर थे। दोपहर में तिरुवनंतपुरम अटिंगल पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस का केवल नाम ही बचा है। दोनों का केवल नाम ही बचा है। जनता ने दोनों को रिजेक्ट कर दिया है। केरल की जनता आज इसी पीड़ा से गुजर रही है। आज केरल की चर्चा राजनैतिक हिंसा और अपराधों के लिए होने लगी है। कल दिल्ली में भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा का संकल्प पत्र यानी मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी में भारत विश्वस्तरीय संरचना का केंद्र बनेगा। मोदी की गारंटी में भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में गगनयान जैसी स्मरणार्थ उपलब्धि हासिल करेगा। मोदी की गारंटी में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा किसानों को मिलना जारी रहेगा और इन सब के साथ ही गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर भी बनेंगे।

70 साल के ऊपर के हर नागरिक को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। यानी भाजपा के विकास दृष्टिकोण में केरल के हर वर्ग और हर समाज के लिए एक व्यापक रोडमैप मौजूद है। बीजेपी सरकार ने पहले भी देश में स्कैम के 17 हजार करोड़ रुपए लोगों को वापस कराए हैं। को-ऑपरेटिव के पीड़ितों को आश्वासन देता हूं कि स्कैम का पूरा आपको वापस मिले, इसके लिए पूरा ताकत लगा दूंगा। केरल के पर्यटन में काफी संभावनाएं हैं। हम वैश्विक पर्यटकों को अपनी विरासत से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## माफिया को राम नाम सत्य की यात्रा कराते हैं: योगी

### नवादा में कहा-यूपी में कुछ जेल गए तो कुछ जहन्नुम चले गए

**औरंगाबाद/नवादा (एजेंसी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बिहार के औरंगाबाद और नवादा में दो सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने नवादा में कहा कि उत्तर प्रदेश में 7 साल में कोई दंगा नहीं हुआ। कोई कर्फ्यू नहीं लगा। वहां तिनका भी नहीं मिलता। वहां माफिया और अपराधियों को राम



नाम सत्य की यात्रा कराते हैं। कुछ जेल गए तो कुछ जहन्नुम चले गए। ये काम भाजपा सरकार ही कर सकती है। इसके पहले योगी ने औरंगाबाद में कहा कि राजद से कोई उम्मीद मत कीजिए। वो सिर्फ परिवार की पार्टी है। लालू यादव को परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता, परिवार के लोगों को टिकट देते हैं। विपक्ष ने केवल समस्याएं दीं, मोदी जी ने समाधान दिया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी राम मंदिर नहीं बनवा पाती। ना लोगों को मुफ्त राशन दे पाती। योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। कहा कि लालू के एक परिवार वाले यूपी में भी हैं। हमने उन्हें बिल्कुल शांत कर दिया है। बीजेपी जो कहती है, करके दिखाती है। यही मोदी की गारंटी है। हमने एक तरफ भगवान राम के लिए भव्य मंदिर बनवाया।

## केजरीवाल को सोमवार को लगा डबल झटका

### सुप्रीम कोर्ट से तत्काल राहत नहीं और अब हिरासत भी बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को सोमवार को एक के बाद एक दो झटके लगे। पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए मामले को 29 अप्रैल तक टाल दिया तो करीब आधे घंटे बाद ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को कथित शराब



घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। एक अप्रैल को कोर्ट ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोमवार को उन्हें वर्चुअल माध्यम से स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। कोर्ट से यह फैसला ऐसे समय पर आया जब कुछ ही मिनट पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में भी संक्षिप्त सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की अर्जी पर जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया।

## टूटे सारे रिकॉर्ड, मतदान से पहले ही 4658,13 करोड़ जब्त

- 75 साल के इतिहास में ईसी ने वसूले सबसे ज्यादा अवैध पैसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार जोरों पर चल रहा है। देशभर में कुल 7 चरणों में नई सरकार के चुनाव के लिए वोटिंग की जाएगी। 19 अप्रैल को पहले फेज का मतदान होना है। और हर बार की तरह इस बार भी चुनाव आयोग तत्पर है ताकि निष्पक्ष चुनाव हों। अब जानकारी मिली है कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के अब तक 75 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा अवैध पैसे जब्त किए हैं। 2024 के आम चुनाव में धनबल पर नकेल कसने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी मुहिम चला रखी है। आयोग द्वारा शेयर की गई जानकारी के मुताबिक, 1 मार्च 2024 से अब तक हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती की गई है। आयोग का कहना है कि मतदान शुरू होने से पहले 4650 करोड़ जब्त किए जा चुके हैं।

## महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे का गढ़ मांग रही है भाजपा

### 9 सीटों पर फंसा है पेंच, नहीं सुलझ रही एनडीए की गुत्थी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी महायुति अब तक



सीट बंटवारा नहीं कर सकी है। खास बात है कि महाराष्ट्र में चुनावी दौर शुरू होने में महज 5 दिनों का ही समय रह गया है। कहा जा रहा है कि तीनों दलों के बीच 9 सीटों पर पेच फंसा हुआ है। इधर, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी की खबर है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि महायुति रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, सतारा, औरंगाबाद, नाशिक, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर दक्षिण को लेकर सहमति नहीं बना पा रही है। अब रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और सतारा में 7 मई को मतदान होना है, औरंगाबाद में 13 मई और अन्य सीटों पर 20 मई को वोटिंग होगी।

## कुछ लोग अपने फायदे के लिए ज्यूडीशियरी पर दबाव बना रहे

- 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ लोग सोचे-समझे ढंग से दबाव बनाकर, गलत सूचनाएं और सार्वजनिक रूप से अपमानित करके न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशें कर रहे हैं। ये लोग ओछे राजनीतिक हित और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम कर रहे हैं। चिट्ठी लिखने वाले 21 जजों में से 4 सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं। जबकि बाकी 17 राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस या अन्य जज हैं।



## अब लालू के 'खास' ही बन गए विरोधी, बिहार में होगा 'खेला'

### अपने ही बिछाए गए जाल में उलझ गए हैं राजद सुप्रीमो

### आधा दर्जन सीटों पर दिख रहा बागी इफेक्ट, बढ़ा संकट

**पटना (एजेंसी)।** टिकट बंटवारे में को लेकर इंडी अलायंस के घटक दलों में मचा कोहराम थम तो गया है, लेकिन जिन्हें टिकट नहीं मिला, वे खतरनाक खेल की तैयारी में जुट गए हैं। यह खेल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस में ही ज्यादा होने की संभावना है। समर्थकों में जिस तरह की तनातनी इन दोनों दलों के भीतर दिख रही है, उससे पहली ही नजर में उनकी हालत पतली नजर आने लगी है। औरंगाबाद की सीट कांग्रेस चाहती थी। उसने तकरीबन अपने उम्मीदवार का चयन भी कर लिया था। नाम का औपचारिक ऐलान बाकी था। लालू प्रसाद यादव ने खेल कर दिया। कांग्रेस को वह सीट नहीं दी। इतना ही नहीं, झटके में उन्होंने इस सीट से अपने उम्मीदवार अभय कुशवाहा को सिंबल थमा दिया। औरंगाबाद की सामाजिक बनावट में राजपूतों का वोट अधिक मायने रखता है। निखिल कुमार राजपूत बिरादरी से ही आते हैं। मौजूदा सांसद भाजपा के सुशील सिंह भी राजपूत जाति से ही हैं।



## रॉबर्ट वाड्रा बोले-राहुल-प्रियंका की मेहनत को देश समझे

- परिवार का आशीर्वाद होगा, तभी राजनीति में आऊंगा, बांके बिहारी में की श्रृंगार आरती

**मथुरा (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा सोमवार सुबह बांके बिहारी के दर्शन के लिए वृंदावन पहुंचे। उन्होंने श्रृंगार आरती की। अमेठी से चुनाव लड़ने पर कहा- वहां से पुकार आ रही है। मगर परिवार का आशीर्वाद होगा, तभी राजनीति में आऊंगा। मैं चाहता हूं कि देश राहुल और प्रियंका की मेहनत को समझे। अमेठी में स्मृति ईरानी ने कोई काम नहीं किया। वह सिर्फ मीडिया में बने रहना चाहती हैं। वाड्रा ने दर्शन कर वापस जाते समय वृंदावन की कचौड़ी का भी स्वाद लिया। बांके बिहारी मंदिर के सेवायत घनश्याम गोस्वामी ने रॉबर्ट वाड्रा को पूजन-अर्चन कराया। अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट किया। जब वह मंदिर से बाहर आए, तो प्रसादी वस्त्र पहने थे। हाथ में मुरली (बांसुरी) थी। वाड्रा ने कहा- मैं बांके बिहारी के दर्शन कर बहुत खुश हूं। मेरी प्रार्थना है कि देश में सुख शांति का माहौल हो। मेरा पूरा परिवार देश के साथ लगा हुआ है। लोग राहुल-प्रियंका की मेहनत को समझे।



## उत्तर भारत में फिर बदलेगा मौसम, करेगा 'खेला'

### • जम्मू-हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी-ओले की संभावना • एमपी-राजस्थान में बारिश, तीन राज्यों में तापमान 40 के पार

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर (एजेंसी)।** देश में गर्मी के मौसम में बर्फबारी, बारिश, ओले गिरने का दौर लगातार जारी है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट है। इन राज्यों के कुछ इलाकों में रविवार को स्नोफॉल देखने को मिला था। इन्हीं तीन राज्यों में ओले गिरने की भी संभावना जताई गई है। उधर, देश के 10 राज्यों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली ,हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, बिहार, झारखंड शामिल है।मौसम विभाग ने बताया कि हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में आज 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलेगी। इसके अलावा देश के कुछ राज्यों में गर्मी का भी असर देखने को मिल रहा है। तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। वहीं, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुछ जिलों में आज हीटवेव भी चल सकती है। पिछले साल आईएमडी ने 96 फीसदी बारिश का अनुमान जताया था। हालांकि, सीजन में 94 फीसदी बारिश हुई थी। मध्य प्रदेश में बारिश का दौर आज सोमवार को भी जारी रहेगा।





मौसम वैज्ञानिकों ने जबलपुर, भिंड, छिंदवाड़ा, विदिशा समेत 12 जिलों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। हालांकि, ओले या तेज आंधी का अलर्ट नहीं है। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। दिन के टेम्प्रेचर में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में अधिकतम तापमान में आज कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल और अररिया में बारिश होने की संभावना है। विभाग की माने तो मंगलवार से गुरुवार के बीच अधिकतम तापमान में 2 से 4 में डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस ऐक्टिव होने से रोहतांग दर्रा सहित लाहौल स्पीति के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हल्का हिमपात और अन्य क्षेत्रों में बीते 24 घंटे के दौरान बारिश हुई है। इससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज के लिए भी बारिश, तूफान और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। झारखंड में आज मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश के कई जिलों में सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है। आने वाले दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। हालांकि, कई जिलों मं हल्के बादल छाए रहेंगे, लेकिन फिलहाल गर्मी से कोई निजात मिलने की संभावना नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार 20 अप्रैल तक राज्य में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। तापमान में बढ़त दर्ज की जा रही है, जो अधिकतम 38 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गाँव में सोमवार की सुबह विद्युत स्पर्शाघात से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक प्रखण्ड के खड़सारी पंचायत के रुस्तमपुर गांव निवासी अशोक मण्डल का 22 वर्षीय पुत्र बिक्की कुमार बताया जाता है। जिसकी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

### समारोहपूर्वक मनाई गई भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती

**नवादा।** भारतीय संविधान के जनक एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री , भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया, नवादा के बहुद्देशीय सभागार में समारोह पूर्वक मनाई गई| कार्यक्रम की अध्यक्षता मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष, जाने माने शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने की| जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए जिला परिषद एवं पंचायत प्रतिनिधि, बुद्धिजीवियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए| कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ.अनुज ने अंबेडकर जी के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नवादा वासियों से अपने दायित्वों और जिले के विकास के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया| सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अंबेडकर जी कई भाषाओं के विद्वान तो थे ही उन्होंने जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ़ लंबी लडाई लडी| मगर हमारा समाज, विशेष रुप से बिहार राज्य और नवादा जिले में अभी भी जाति का प्रभाव ही हावी है जो हमारे राज्य और नवादा जिले के विकास में बहुत बडी बाधा है। हमलोग अंबेडकर जी के विचारों से प्रेरणा लें और एकजुट होकर अपने जिले, राज्य और देश के विकास के लिए काम करें। आज अंबेडकर जयंती के अवसर पर नवादा से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी श्री विवेक ठाकुर भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और भीमराव अंबेडकर के जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने नवादा लोकसभा क्षेत्र से आए हुए जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवों को संबोधित भी किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री विवेक ठाकुर ने कहा कि आज देश से नहीं पूरी दुनिया में भारत के सस्ती प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश में विकास का परचम लहरा रहे हैं। आज पूरी दुनिया यह मान रही है कि भारत तरक्की के रास्ते पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंच संचालन कर रहे समाजसेवी और नेता अनिल सिंह जी ने कहा कि चाहे हम जिस राज्य और जिले में रहते हों हमें राजनैतिक और सामाजिक रुप से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए| अंबेडकर जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए| इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद सिंह, संजय पासवान, प्रोफेसर कृष्ण कुमार, पूर्व पैक्स अध्यक्ष विनय सिंह, रामनरेश शर्मा, रामाधीन चौहान, विजय प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार,डॉ. शशिभूषण आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए| उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन और नवादा जिले में शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में डॉ.अनुज कुमार के द्वारा किए जा रहे कार्यो के लिए उनकी भरपूर प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया| कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए हुए कई गणमान्य लोग एवं हज़ारों श्रोता मौजूद रहे|

### मतदान प्रारम्भ के 48 घंटे पूर्व बंद होंगे प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार कार्य

**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी नवादा श्री प्रशांत कुमार सी.एच. के द्वारा बताया गया की 39-नवादा संसदीय क्षेत्र का मतदान दिनांक 19.04.2024 (षुक्रवार) को निर्धारित है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) के अनुसार ''कोई भी व्यक्ति किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले अड़तालीस घंटों की कालावधि के दौरान, - (क) निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेंगा, या (ख) चलचित्र, टेलीविजन या वैसे किसी अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्षन नहीं करेगा, या (ग) कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा।''अतः 39-नवादा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व से ही उक्त प्रतिबंध लागू होगें। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर 39-नवादा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत मतदान की तिथि एवं मतदान का समय निम्नवत् हैः- दिनांक 19.04.2024 को पूर्वा. 7.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक 235-रजौली (अ.जा.) वि.स.नि.क्षे. एवं 238-गोविन्दपुर वि.स.नि.क्षे. दिनांक 19.04.2024 को पूर्वा. 7.00 बजे से अप. 06.00 बजे तक 236-हिसुआ वि.स.नि.क्षे., 237-नवादा वि.स.नि.क्षे. ,239-वारिसलीगंज वि.स.नि.क्षे. ..............................मेरा

### कमजोरों वर्ग की आत्मा हैं अम्बेडकर : डॉ भारती

**बरौनी बेगूसराय।** भारतीय फ्रेंड्स क्लब द्वारा कोल बोर्ड रोड में डॉक्टर संजीव भारती ने केक काटकर डॉ अंबेडकर की जयंती मनाई तथा रेल हाता स्थित अंबेडकर धाम में जाकर माल्यार्पण किया। नगर परिषद बरौनी के क्लब के कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए डॉक्टर संजीव भारती ने कहा कि संविधान बचाने के लिए घर-घर जाकर अंबेडकर के विचार को पहुंचना है तथा सी ए ए कानून के तहत मांगी जाने वाली साक्ष्य जुटाने में लोगों को मदद करनी है। संविधान से छेड़छाड़ कर दलित - पिछड़ा को गुलाम बनाने वाली साजिशकर्ता को पहचान करने तथा उसके विरोध करने को तैयार रहने की जरूरत है। चाहे कुछ भी मगर अपने बच्चों को शिक्षित करे।बैठक में डॉक्टर राजकुमार आजाद ने कहा कि संविधान अगर बदल दिया गया तो पुनः जाति आधारित कार्य करवाए जाएंगे इसलिए शस्त्र और शास्त्र की तैयारी रखनी होगी। दशरथ राम, विनय रजक ,कपिल राम ,संजय राम सहित दर्जनों लोगों ने अपनी बात रखें।

### शिक्षा विरोधी है मुख्य सचिव के के पाठक का मानसिक संतुलन बिगड़ गयाः कन्हैया कुमार

**मंझौल, बेगूसराय।** एवीबीपी चेरिया बरियारपुर प्रखंड इकाई अंतर्गत कार्यकर्ता अभिनव कुमार के आवास पर सोमवार को शाहपुर में बैठक कर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के खिलाफ आवाज बुलंद किया गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस अवसर पर राज्य विश्वविद्यालय संयोजक कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के मनमानी के कारण स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक की गरिमा को तार-तार हो रहा है। एबीवीपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके जेल के अंदर डालने की मानसिकता पाले बैठे सोच वाले मुख्य सचिव के खिलाफ काली पट्टी बांधकर खुलेआम विरोध करते हुए छात्र नेताओं पर अत्याचार को बंद करने का एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए एबीवीपी सरकार से माँग करती है। जिला सहसंयोजक रवि कुमार एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिंह गप्पू ने कहा कि के के पाठक शिक्षा विभाग को अपना जागीर तो समझते हैं। सरकार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के नकारात्मकता का विद्यार्थी परिषद खुलेआम विरोध करता है एवं अपर मुख्य सचिव को हटाने का जल्द-से-जल्द सरकार से माँग करता है। अगर केके पाठक को शिक्षा विभाग से नहीं हटाया गया तो विद्यार्थी परिषद सरकार के खिलाफ आमने-सामने लड़ने के लिए विवश होगी। मौके पर अमित कुमार, रवि कुमार, अभिनव कुमार आदि उपस्थित थे।

### नुरुल्लाहपुर के एखलाकबने जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** सागी पंचायत के नुरुल्लाहपुर गांव निवासी मोहम्मद इलियास के पुत्र मोहम्मद एखलाक को जनता दल यूनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है. जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज आलम ने उन्हें इस पद पर मनोनीत किया है. मोहम्मद एखलाक को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष मनीष कुशवाहा, जदयू नेता अमरेन्द्र कुमार सिंह, कुंदन झा समेत अनेक एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं दी है.

# लालू परिवार पर बरसे यूपी के सीएम

## विवेक ठाकुर के लिये माँगा वोट




निज संवाददाता। **नवादा**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवादा लोकसभा के हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र के डीही आहर के मैदान में सोमवार को एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में सभा की। उन्होंने कहा कि राजद से कोई उम्मीद मत कीजिए। वो सिर्फ परिवार की पार्टी है। लालू यादव को परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता, परिवार के लोगों को टिकट देते हैं। विपक्ष ने केवल समस्याएं दीं, मोदी जी ने समाधान दिया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस कभी राम मंदिर नहीं बनवा पाती। ना लोगों को मुफ्त राशन दे पाती। योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। कहा कि लालू के एक परिवार वाले यूपी में भी हैं। हमने उन्हें बिल्कुल शांत कर दिया है। बीजेपी जो कहती है कर के दिखाती है। यही मोदी की गारंटी है। हमने एक तरफ भगवान राम के लिए भव्य मंदिर बनवाया, दूसरी तरफ अपराधियों और माफिया को राम नाम सत्य पर भेजने का काम किया।

**योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और लालू परिवार पर जमकर निशाना साधाः-** योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस और आरजेडी वाले राम मंदिर पर सवाल उठाते थे। पहले काशी में 10 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, लेकिन अब 5 लाख लोग आते हैं और कोई समस्या नहीं है। ये संभव हो पाया है मोदी जी के कारण। ये कांग्रेस और आरजेडी वाले पहले राम जी पर सवाल उठाते थे, कहते थे राम हैं ही नहीं। अब कहते हैं राम सबके हैं। इसलिए इनका भरोसा मत करना।

**दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाः-** योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद पर लगाम लगी है। इन लोगों ने कश्मीर में हमारे जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन उस कश्मीर को आजाद किया है हमारे पीएम ने। वहां से 370 को हटाया है।

**देश में नक्सलवाद की समस्या काफी कम हुईः-** देश में नक्सलवाद की समस्या काफी कम हुई है, कुछ बचे- खुचे होंगे तो इस 5 साल में समाप्त हो जाएंगे। 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना। 12 करोड़ लोगों के लिए शौचालय। 10 करोड़ महिलाओं के लिए उज्वला योजना पहुंची है। हम यूपी की 80 सीटों के मनको की माला बनाकर मोदी जी को पहनाएंगे। योगी जी का नवादा पहली बार आने के कारण लोगों में काफी उत्साह था। दो बजकर बारह मिनट पर हेलिकॉप्टर के उतरने के पूर्व ही मैदान खचाखच भर चुका था तो लोग खासकर महिलाओं ने छतों का सहारा लिया।

## पुलिस ने शराब लदे दो मोटरसाइकिल को किया जब्त, धंधेबाज फरार




निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के खुशहाली भित्ता गांव के समीप से एसआई पिंकी कुमारी ने शराब लदे दो वाहनों को जब्त की है।जबकि शराब धंधेबाज पुलिस गिरफ्त से बाहर रहे।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त करने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से लगातार छापेमारी अभियान की जा रही है।वहीं चुनाव के मद्देनजर भी थाना क्षेत्र में हो रही गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।थानाध्यक्ष ने कहा कि बीते रविवार की शाम को बरवा गांव की ओर से मोटरसाइकिल द्वारा शराब की खेंप की गुप्त सूचना मिली।गुप्त सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित एसआई पिंकी कुमारी को सशस्त्र बलों के साथ सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर भेजा गया।इस दौरान खुशहाली भित्ता गांव के समीप दो मोटरसाइकिल के सीट पर शराब बांधकर दो धंधेबाज आ रहे थे।पुलिस वाहन को दूर से आता देख दोनों शराब धंधेबाज मोटरसाइकिल को सड़क पर पटक कर भाग खड़े हुए।जबकि दोनों मोटरसाइकिल पर लदे कुल 40 लीटर शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त मोटरसाइकिल एवं शराब को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## चुनाव के कारण यात्रियों को नहीं मिल रहे वाहन, जान-जोखिम में डाल सफर करने को मजबूर



निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बायपास में बने अस्थाई बस स्टैंड में तिलैया एवं नवादा की ओर जाने वाली यात्री वाहनों की संख्या में काफी कमी आ गई है।इसका एक मुख्य कारण 19 अप्रैल को होने वाला लोकसभा सांसद हेतु मतदान बताया जा रहा है।जिसके कारण यात्रियों को अपनी जान जोखिम में डालकर बसों के छतों एवं ट्रक आदि पर चढ़कर यात्रा करना पड़ रहा है।वहीं शादी-विवाह का सीजन भी जोरों पर है।जिसमें तिलक से लेकर शादी विवाह के साथ ही बर्थडे आदि में लोगों को एक जगह से दूसरे जगह जाने में काफी परेशानी हो रही है।हरदिया निवासी किशोर सिंह ने कहा कि मेरी बेटी का ब्याह आगामी 18 अप्रैल को है।जिसको लेकर उन्होंने पहले से ही गाड़ियां बुक कर रखी दी।किन्तु चुनावी में प्रशासन द्वारा गाड़ियों के पकड़े जाने के डर से वाहन मालिक दूसरे जिले में गाड़ियां नहीं भेजना चाह रहे हैं।जिससे लड़की के पिता काफी असहज महसूस कर रहे हैं।वहीं सड़कों पर रोजाना चलने वाली लोकल बसों की भी संख्या कम हो जाने से लोग बैठने की क्षमता से दोगुना की संख्या में बस के अंदर एवं छतों पर बैठकर सफर करने को मजबूर हैं।ऐसे में शादी विवाह के कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य शुभ कार्यों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं शेखपुरा जिले के मेहुस से रजौली में अपने भांजे के बर्थडे में शामिल होने आए सुनील वर्मा ने कहा कि वे भाड़ा पर एक वाहन के मालिक को कहे थे।किंतु चुनाव में गाड़ियों के धड़पकड़ के कारण वाहन चालक शेखपुरा से रजौली जाने को तैयार नहीं हुए।वाहन चालक का कहना था कि दूसरे जिले में चुनावी ड्यूटी में काफी परेशानी होती है।जिसके कारण वे बड़ी मुश्किल से दूसरी वाहन को किराया कर रात्रि को रजौली आये हैं और अहले सुबह वापस हो जाना पड़ा है।वहीं कुछ लोग जिनके पास निजी वाहन हैं,वे भी चुनाव होने तक इधर-उधर जाने से कतरा रहे हैं।

# भाजपा मनस्मृति लागू करने के एजेंडे पर काम कर रही और संविधान को खत्म करना चाहती है : पिंकी भारती

**अपने समर्थकों क़े साथ जदयू क़े कद्दावर नेता पिंकी भारती तेजस्वी क़े मच पर लेगी राजद की सदस्यता**



निज संवाददाता। **नवादा**

जदयू क़ो छोड़कर नवादा की तेजतर्रार वरिष्ठ नेत्री,पूर्व प्रमुख पूर्व व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती अब राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामेंगी। उन्होंने अपने सिरदला स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह घोषणा किया है। वे मंगलवार क़ो सिरदला क़े ज़र्रा बाबा मैदान में आयोजित चुनावी सभा में तेजस्वी यादव क़े समक्ष प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करेगी। इस दरम्यान उन्होंने कहा जैसा कि आप लोगों को मालूम हुआ कि मैंने एक सप्ताह पूर्व जदयू के प्रदेश सचिव,बिहार सह नालन्दा जिला संगठन प्रभारी और लोकसभा चुनाव के दरम्यान राजगीर विधानसभा प्रभारी पद सहित प्रथमिक सदस्यता से स्तीफा दे दिया है । साथ ही उन्होंने कहा मैंने लगभग 15 साल तक जदयू का झंडा ढोया है । जदयू और भाजपा के गठबंधन में जदयू हमेशा से बड़े भाई की भूमिका में रहते हुए सामाजिक न्याय की बाते करती थीं जो अब नही रहा । भाजपा जदयू पर अब हावी हो रही है । हमेशा गठबंधन में भाजपा से अधिक या बराबर की सीट पर लड़ने वाली जदयू 16 और भाजपा 17 सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है । भाजपा मनस्मृति लागू करने के एजेंडे पर काम कर रही है । संविधान को खत्म करना चाहती है । आरक्षण खत्म करना चाहती है । ऐसे में जदयू के साथ अब चल पाना मुश्किल था । उन्होंने कहा मैंने पिछले एक सप्ताह में अपने क्षेत्र के जनता रूपी भगवान से लगातार सम्पर्क किया है । ढेरों अभिभावक तुल्य हमारे साथियों ने मेरे आवास पर सम्पर्क किया है और उनसे विमर्श के बाद ही मैंने सामाजिक न्याय के योद्धा,मंडल मसीहा, हिमालय की तरह लोहिया और कर्पूरी की विचारधारा के साथ अडिग रहने वाले आदरणीय नेता लालू प्रसाद जी के हाथों को मजबूत करने हेतु राजद की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला लिया है । उन्होंने कहा भाजपा ने नवादा को राजनीतिक पर्यटन बना दिया है । नवादा को गिरवीं रख कर भाजपा एक वर्ग के वोटर को साधने की कोशिस करती रही है । हमे नवादा को उस गिरवीं से छुटकारा दिलाना है और यही मौका भी है और दस्तूर भी । बात नवादवासियों की अस्मिता की है । जिस वर्ग को टिकट मिला है उस वर्ग में दर्जनों काबिल बेटा/बेटी नवादा की धरती ने जन्म दिया है । ऐसे में नवादा को बंधक रखना नवादा के अस्मिता और इज्जत के साथ भाजपा का खिलवाड़ है । उन्होंने कहा भाजपा शासित केंद्र सरकार महंगाई और बेरोजगारी को दूर करने के नाम पर सत्ता में आयी और आज कमर तोड़ महंगाई एवं बेरोजगारी से जनता बेहाल है । दलितों पर अत्याचार से अखबार भरी पड़ी रहती है । भाजपा की महिला नेत्री मधु मिश्रा खुले आम कहती है कि याद करो आज तुम्हारे सर पर संविधान के सहारे बैठकर जो राज़ कर रहे है वो कल तक तुम्हारे जूते साफ किया करते थे,आज हुज़ूर बना बैठे है । इस से साफ ज़ाहिर है कि भाजपा षड्यंत्र कर रही है । लोकतंत्र को निगलकर मनुस्मृति लागू करना चाहती है । ये लोकसभा चुनाव नही संविधान बचाने की लड़ाई है और मैं आज आप के माध्यम से कहना चाहती हूँ कि मैं संविधान बचाने वाले का साथ दूंगी । जल्द ही राजद की सदस्यता ग्रहण कर,पूरी ईमानदारी से मैं राजद को मजबूत करने में जुट जाऊंगी ।

# स्वीप गतिविधि के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

निज संवाददाता। **नवादा**

> ▪ ''आओ मिलकर अलख जलाएं शत्-प्रतिशत मतदान कराएं।''
> ▪ ''उम्र अठारह पूरी है, मतदान देना जरूरी है।''

19 अप्रैल 2024 को मतदान तिथि निर्धारित है। मतदान का समय नजदीक आ चुका है। नवादा जिला में मतदान की तैयारियों को लेकर जोर-शोर से जागरूकता फैलायी जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा के निदेशानुसार संबंधित विभागों द्वारा स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। आज प्रखंड, पंचायत स्तर पर सुदूरवर्ती इलाकों में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। ''आन बान अरू शान से, सरकार बने मतदान से।'' ''प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता है।'' आदि स्लोगन के द्वारा जागरूकता फैलायी जा रही है। विकास मित्र, आशा कार्यकर्ता, जीविका, कृषि सलाहकार, स्काउट एण्ड गाईड आदि समूह के द्वारा डोर-टू-डोर जाकर, मेहंदी, पेंटिंग प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, मैराथन, कैंडिल मार्च, प्रभात फेरी, संध्या चौपाल आदि के द्वारा लोगों को जागरूक कर रहे हैं। प्रत्येक महाविद्यालय में कैम्पस एम्बेसडर के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता के लिए साक्षरता क्लब का गठन किया गया है। युवा मतदाताओं को निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने हेतु क्वीज प्रतियोगिता, कविता लेखन, साईकिल रैली, स्वीप गान, माई वोट माई ड्यूटी फिल्म का प्रदर्शन, सेल्फी प्वाइंट आदि के माध्यम जागरूकता फैलायी जा रही है। निर्वाचन संबंधी आईटी अप्लीकेशन यथा-वोटर हेल्पलाईन, सी-वीजिल, एनवीएसपी एवं सक्षम ऐप (पीडब्लूडी ऐप) आदि का जानकारी देते हुए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा किया गया डोर टू- डोर कैंपेनिंग----जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार लो वीटीआर वाले क्षेत्र में लगातार भ्रमण किया जा रहा है इसी बीच आज पसाढ़ी मेसकौर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया स जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने पसाढ़ी गाँव, निमचक गाँव एस सी, निमचक गाँव बी सी एवं मदारी गाँव के लगभग 200 घरों में जाकर डोर टू डोर कैंपेन किया और लोगों से अपील की गयी की 19 अप्रैल 2024 को सब जरूरी काम छोड़ कर पहले मतदान करेंगे फिर जलपान करेंगे।

# उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ संपन्न


निज संवाददाता। **रजौली**



सोमवार की अहले सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ संपन्न हो गया। रजौली नीचे बाजार स्थित राज शिवाला छठ घाट, बथान टोला, रजौली पुरानी पुल, अमावां संगत स्थित छठ घाट व हरदिया, अंधरवारी आदि छठ घाटों पर हजारों की संख्या में छठ व्रतियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया। अहले सुबह 4 बजे से ही छठ घाटों पर छठ व्रतियों की भीड़ पहुंचने लगी थी। जैसे-जैसे आसमान में सूर्य की लालिमा दिखाई दी। वैसे-वैसे छठ व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देना शुरु कर दिया।हजारों की संख्या में खड़ी छठ व्रतियों को बस भगवान सूर्य के एक झलक दिखजाने का इंतजार था। भगवान सूर्य के उगने के इंतेजार में छठव्रती पानी में हाथ जोड़े सूप लेकर अर्घ्य देने के लिए खड़ी थी। इस दौरान सभी छठव्रतियों के द्वारा गीत गया जा रहा था। इनके द्वारा उगह हो सूरज देव होल अरग के बेर आदि गीत गुनगुनाए जा रहा था। लेकिन भगवान सूर्य उगने का नाम ही नहीं ले रहे थे।जैसे हीं आसमान में लालिमा बिखेरते हुए भगवान भास्कर दिखाई दिये। छठ व्रतियों ने अर्घ्य देना शुरु कर दिये। छठ घाट पर दर्जनों लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन भी करवाया। इसके अलावा छठ घाटों पर पानी के बीच खड़े होकर सैकड़ो नवयुवक-युवतियों को अपने-अपने मोबाइल से फोटो खिंचने व खिंचवाने में मशगूल थे।हर कोई अपने तरह से छठ पर्व मनाने में लगे हुए थे।हालांकि छठ घाट की सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन दिखाई नहीं दिये। इधर बथान टोला, पुरानी बस स्टैंड स्थित छठ घाट पर भी सैकड़ों लोगों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।रजौली के अलावे प्रखंड क्षेत्र के अमावां संगत स्थित छठ घाट, हरदिया के छठ घाट समेत दर्जनों छठ घाटों पर व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। वही अमावां संगत स्थित छठ घाट पर छठ व्रतियों के स्नान के लिए झरना की व्यवस्था की गई थी।

# नाटक सैया भये कोतवाल ने किया भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार

निज संवाददाता। **बेगुसराय**






स्थानीय दिनकर कला भवन में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित एवं एक्टिव कल्चरल सोसायटी द्वारा प्रदर्शित बसंत सबनीश द्वारा लिखित इम्तियाजुल हक डब्लू द्वारा निर्देशित नाटक ,सैया भये कोतवाल , का सफल मंचन किया गया। इस आयोजन के प्रथम सत्र में मंच पर उपस्थित अतिथि के रूप में (समाजसेवी ) दिलीप कुमार सिन्हा, संजय गौतम, डॉ रमन झा( रंग निर्देशक ) अमित रोशन, संजय राज, मो0 फैय्याजुल हक, सुनील राय शर्मा द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित किया गया इस दौरान संस्था ने सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र कियाइस हास्य और व्यंग्य नाटक के माध्यम से निर्देशक ने बड़ी खूबसूरती के साथ लेखक के तथ्यों को मजबूती देते हुए सहज और सरल रूप में भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर करारा प्रहार किया। एक राजा जिसे अच्छे और बुरे की पहचान नहीं होती है राज्य के हाल-चाल से बेखबर राजा अपने में मगन रहता है, उसी राज्य में मैनावती नाम कि नाचने गाने वाली से हवलदार का प्रेम चलता है और कोतवाल बनने के बाद शादी करने का वादा करता है। उस कोठा पर प्रधान से लेकर सभी ऑफिसर का आना-जाना होता है , एक दिन कोतवाल की मौत हो जाती है मैनावती और हवलदार यह खबर सुनकर खुश होता है और अपनी शादी की तैयारी में लग जाता है। तभी अचानक परिवार बाद का परिचय देते हुए प्रधान अपने अनपढ़ साला को कोतवाल घोषित कर देता है। फिर मैनावती हवलदार सिपाही मिलकर अनपढ़ कोतवाल के खिलाफ षड्यंत्र करता है और कोतवाल को मैनावती अपने जाल में फसाती है धीरे-धीरे राजा की सभी कीमती समान कोतवाल से चोरी करवा लेती है,इस बात की सूचना राजा को हवलदार देता है रूप बदलकर राजा कोतवाल को पकड़ता है उसे सजा मिलती है और उसकी जगह हवलदार को कोतवाल बना दिया जाता है फिर होती है हवलदार मैनावती की शादी। नाटक में राजा हरीकिशोर ठाकुर, मैनावती नैंनसी प्रिया, कोतवाल रविशंकर रंक , हवलदार दिवाकर कुमार, शाक्या शुभम कुमार सिपाही शशिकांत कुमार ने अपने अभिनय से दर्शकों कि खूब वाहवाही लूटी तो वहीं दूसरी ओर सूत्रधार हरिश्चंद्र कुमार, भारती कुमारी, प्रधान रोबिन कुमार ने सशक्त अभिनय का परिचय दिया तो कोरस में चंद्रशेखर पासवान, रेबी कुमारी, संजय कुमार के अभिनय को दर्शकों ने पसंद किया ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani |com
ई-पेपर
sonvarshavani |com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट पर बहन ने की थी आत्महत्या, भाई गिरफ्तार

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** सनोखर थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में भाई के मारपीट करने के कारण ही गुस्से में पारण पासवान की 14 वर्षीय पुत्री सपना कुमारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पिता के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी में भाई मंतोष कुमार को मारपीट करने का आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने मंतोष को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शुक्रवार की रात की है। बड़ी भाभी से सपना का कुछ विवाद हुआ था। देवर ने भाभी का पक्ष लेते हुए सपना के साथ मारपीट की थी।

### बेसुध पड़े युवक को पुलिस ने पीएचसी पहुंचाया

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** बाथ थाना क्षेत्र स्थित सड़क किनारे बेसुध पड़े एक युवक को थाना पुलिस ने उठाकर असरगंज पीएचसी पहुंचाया। रविवार देर शाम पीएचसी लाए गए युवक का चिकित्सक द्वारा इलाज शुरू किए जाने पर उसे होश आया। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार झा ने बताया कि युवक की पहचान सुधांशु पासवान,कुमारपुर, फुल्लीडुमर,बांका के रूप में किए जाने पर उसके परिजनों को पीएचसी बुलाया गया है। युवक बोल नहीं पाता है।परिजनों के आने पर ही कारण स्पष्ट हो सकता है।

### 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आठ युवक गिरफ्तार

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव पुलिस ने अभियान चलाकर कहलगांव के विभिन्न मोहल्ले से 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। कहलगांव पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली के कुछ युवक ब्राउन शुगर खरीद बिक्री कर रहे हैं। पुलिस बल ने कुलकूलिया में छापेमारी कर रामपुर खंडहरा के भवेश प्रसाद सिंह, शहर के वार्ड संख्या 13 के सौरव कुमार, कुलकूलिया के विक्की उर्फ विकास कुमार, वार्ड चार के अलतमस खान, वार्ड 5 पठानपुरा मुहल्ला के मो. सवाकरीम, विक्रमशिलानगर मोहल्ला के मो. महमूद खान, एकचारी त्रिमुहान निवासी पृथ्वी सिंह, पूरब टोला के कुंदन कुमार को पकड़ा। सभी के पास से 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 11 हजार रुपये नकद बरामद किया। पुलिस ने बताया कि सभी को जेल भेज दिया गया है। कहलगांव के बजरंगबली चौक के पास से एक व्यक्ति को नशे में हंगामा करते शिवकुमारी पहाड़ निवासी रमन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### बीबीगंज में करंट से मजदूर झुलसा, गंभीर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाने के बीबीगंज मोहल्ला में रविवार को निर्माणाधीन मकान में सरिया का काम कर रहा एक मजदूर करंट लगने से झुलस गया। साथ में काम कर रहे अन्य मजदूर ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टर ने मेडिकल रेफर कर दिया। यहां बर्न वार्ड में उसका इलाज हो रहा है। वह 80 प्रतिशत झुलस गया है। डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर बनाई है। उसकी पहचान करजा थाने के कतहा छपरा हुसैन गांव निवासी गुड्डू साह ( 35 ) के रूप में हुई है। पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मेडिकल ओपी प्रभारी ललन पासवान ने बताया कि मजदूर मकान के काम के दौरान करंट लगने से झुलसा है। बयान दर्ज किया जाएगा।

### 2100 कुंवारी कन्याओं ने निकाला शोभा यात्रा

**मुजफ्फरपुर/परसौनी, एजेंसी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देमा टोला पमरा पुल चौक से रविवार को माता महारानी दुर्गा पूजा समिति के सौजन्य से चैत नवरात्र को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें 2100 कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी के बावजूद कुमारी कन्याओं ने लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय कर कलश में जल भरी। कलश शोभा यात्रा महारानी स्थान देमा टोला पामरा पुल से निकल कर धोधनी का परिभ्रमण करते हुए ढंागर से पोखर के पास पहुची। जहां पंडित रोहित कुमार शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 2100 कुंवारी कन्याओं ने कलश में जल भरा। फिर पुनः कलश यात्रा धोधनी कंचनपुर होते हुए महारानी स्थान देमा टोल पमरा पुल लौट गई। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान भक्तो के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। कलश शोभा यात्रा में शामिल युवाओं की भीड़ जय दुर्गे, जय भवानी उद्घोष करते चल रहे थे।

**चैती छठ के आखिरी दिन पटना के गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

# उगते सूर्य को अर्घ्य

## 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म







**पटना, एजेंसी।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के चौथे दिन आज व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त हो गया। सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। आचार्य राकेश झा ने बताया कि छठ महापर्व पर ग्रह-गोचरों का शुभ संयोग बन रहा है। आज पुनर्वसु नक्षत्र और सुकर्मा योग में उदीयमान सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य देकर व्रत का समापन हुआ। सूर्य को अर्घ्य देने का समय सुबह 05~40 बजे के बाद का है।

**प्रातःकाल अर्घ्य देने से होती विद्या, यश और बल की प्राप्ति :** आचार्य झा ने बताया कि सुबह के समय जल में रक्त चंदन, लाल फूल, इत्र के साथ ताम्रपात्र में आरोग्य के देवता सूर्य को अर्घ्य देने से आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है। स्थिर एवं महालक्ष्मी की प्राप्ति के लिए सूर्य को दूध का अर्घ्य देना चाहिए। सूर्य देवता को जल से अर्घ्य देने से मानसिक शांति और जीवन में उन्नति होती है। 12 अप्रैल को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हुई थी। 13 को खरना था। 14 अप्रैल को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया था।

### आरोग्यता और संतान के लिए उत्तम है छठ व्रत

पंडित गजाधर झा के मुताबिक सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्यता, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। स्कंद पुराण के मुताबिक राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। स्कन्द पुराण तथा वर्षकृतम में भी इस प्रतिहार षष्ठी की वर्णन है।

### सूर्य के साथ इनकी पत्नी की भी होती है पूजा

पंडित झा ने बताया कि सूर्य ऐसे देवता हैं जिनको प्रत्यक्ष देखा जा सकता है ढ्ढ सूर्य की शक्ति का मुख्य स्त्रोत उनकी पत्नी उषा और प्रत्युषा है ढ्ढ छठ में सूर्य के साथ दोनों शक्तियों की संयुक्त आराधना होती है ढ्ढ पहले सायंकालीन अर्घ्य में सूर्य की अंतिम किरण ( प्रत्युषा ) और फिर उदीयमान सूर्य की पहली किरण ( उषा ) को अर्घ्य देकर नमन किया जाता है।

# सोन नदी में डूबने से छात्र की मौत, नहाने के दौरान हुआ हादसा, ग्रामीणों ने निकाला शव



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के अबगिल्ला गांव स्थित सोन नदी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्र टाउन थाना क्षेत्र के काजी टोला मोहल्ला निवासी मो.वकील कुरैशी का 22 वर्षीय पुत्र याकूब कुरैशी उर्फ मुन्ना है एवं वह दसवीं कक्षा का छात्र था। इधर,मृत छात्र के पिता मो.वकील कुरैशी ने बताया कि तीन माह पूर्व वह सहार थाना क्षेत्र के अबगिल्ला गांव अपनी बहन तबस्सुम परवीन के ससुराल घूमने गया था।

### बहन के ससुराल गया था घूमने

जहां पर उसकी बहन ने उसे घर पर ही उसे रोक लिया था। रविवार की शाम वह गांव के कुछ लड़कों के साथ अबगिल्ला गांव स्थित सोन नदी के किनारे गया था। जाने के बाद वह सोन नदी में नहाने लगा। सोन नदी में पानी अधिक गहरा होने के कारण वह उसमें डूब गया।

### ग्रामीणों ने निकाला शव

इसके बाद उनकी बेटी द्वारा इसकी सूचना उन्हें दी गई। सूचना पाकर परिजन अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद उसके शव को सोन नदी से बाहर निकल गया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्रा अपनी दो बहन व एक भाई में दूसरे स्थान पर था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। मृत छात्र के परिवार में सिर्फ दो बहन नसीबुल निशा एवं तबस्सुम परवीन है। मृत छात्र की मां तैयब खातून की मृत्यु 15 वर्ष पूर्व हो गई थी। घटना के बाद मृत छात्र के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत छात्र के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गया में चोरी की बाइक 7 दिन बाद बरामद्लावारिस पड़ी थी बाइक



**गया, एजेंसी।** गया शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 मॉल के समीप से 7 अप्रैल को चोरी गई हिरो होंडा स्पलेंडर बाइक संदिग्ध अवस्था में सिविल लाइंस थाने की पुलिस टीम ने रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री नगर मोहल्ले के समीप मैदान के पास बरामद किया है। बाइक को बरामद करने के बाद स्थानीय सिविल लाइंस थाने की पुलिस टीम थाना को ले आई है। चंदौती थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदौती बाजार के रहने वाले जगजीवन दास के पुत्र अखिलेश कुमार ने बताया वह इसी महीने नई बाइक खरीदा था।

अपने एक दोस्त के साथ 7 अप्रैल की दोपहर 12 मॉल में शॉपिंग करने के लिए गया हुआ था। जाने से पहले अपनी बाइक मॉल के बाहर खड़ी कर दी थी। अखिलेश ने बताया जब वह बाहर आया तो उसकी बाइक नहीं थी। बाइट चोरी होने को लेकर सिविल लाइंस थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज़ कराया। अखिलेश ने बताया शास्त्री नगर मोहल्ले में रहने वाले उसके दोस्त में फोन किया कि तुम्हारी बाइक मैदान में लावारिस अवस्था में खड़ी है। इसके बाद सिविल लाइन थाना की पुलिस को सूचना दी और पुलिस में बाइक को बरामद किया है।

**चोर की तलाश में पुलिस :** घटना के संबंध में सिविल लाइंस थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया। 7 अप्रैल 2024 को 12 मॉल के पास से एक बाइक चोरी हुई थी। इस मामले में आज चोरी गई बाइक को लावारिस अवस्था में शास्त्री नगर मोहल्ले से बरामद किया गया है। पुलिस हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। बाइक वहां से किसने चुराई और शास्त्री नगर मोहल्ले में यह बाइक कैसे पहुंची। चोर को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आरा में शादी के 5 दिन पहले दूल्हे की मौत, कार्ड बांटने गया था

### हादसे से पहले भाई साथ ली थी सेल्फी, ट्रक ने रौंदा



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में शादी के 5 दिन पहले दूल्हे की मौत हो गई। वो अपने भाई के साथ अपनी शादी का कार्ड बांट कर लौट रहा था। इसी बीच बालू लदे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों भाइयों को रौंद दिया। जिसमें होने वाले दूल्हे राजेश कुमार (24) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं राजेश का चचेरा भाई मुकेश कुमार ( 15 ) गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया है। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के हरीपुर गांव के पास की है। हादसे से पहले दोनों भाइयों ने पुल पर सेल्फी भी ली थी। इधर घटना के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक सारण (छपरा) जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर, बिंदगावां गांव निवासी स्व.बृजनंदन राय का बेटा था। वह बालू घाट पर काम करता था।

### 19 अप्रैल को होने वाली थी शादी

राजेश के साथ बाइक पर जा रहे राम बाबू राय के बेटे मुकेश कुमार ने बताया कि राजेश की 19 अप्रैल को बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर (पचरुखिया) गांव निवासी स्व.पवन राय की बेटी जूली से शादी होने वाली थी। वह अपने भाई राजेश कुमार के साथ अपने ही शादी का कार्ड बांटने के लिए पटना जिले के हरदी छपरा स्थित अपने रिश्तेदार के घर पहुंचा था। कार्ड देकर जब वह दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हरीपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे बाइक चला रहे हैं उसके चचेरे भाई राजेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि राजेश अपने तीन भाई और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में दो भाई संजीत, रंजीत और एक बहन रंभा है। राजेश की मां सुमांती देवी की मौत एक साल पहले ही हो चुकी है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अधेड़ की हत्या मामले में 6 नामजद मामला दर्ज, कुल्हाड़ी से मारकर की थी हत्या

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में पुलिस जिला नवगछिया के भवानीपुर थाना क्षेत्र के नगरपारा में शनिवार की देर रात हुई अधेड़ की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या मामले में पुलिस ने छह नामजद एवं अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जुट गई है। घटना के बाद से ही इलाके में पुलिस कैंप कर रही है पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर ली है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

पुलिस ने मामले में अनिल मंडल, संजय मंडल पंकज मंडल, नीरज मंडल,बबलू मंडल सचिन मंडल पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। मामले को लेकर नवगछिया एसडीपीओ ओम प्रकाश कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात हुई हत्या मामले में छह नामजद एवं अज्ञात के विरुद्ध हत्या की प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। हत्या में शामिल आरोपियों की जानकारी पुलिस को हो गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। फिलहाल स्थिति सम्मनीय है पुलिस वहां पर कैंप कर रही है। अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी जारी है। एसडीपीओ ने आगे बताया कि हत्या किस वजह से की गई उसकी अनुसंधान की जा रही है। जल्द ही मामले की खुलासा कर लिया जाएगा।।

### क्या है पूरा मामला



नवगछिया पुलिस जिला के भवानीपुर थाना क्षेत्र में देर रात अधेड़ की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। इसके विरोध में परिजन उग्र हो गए और उन्होंने कई घरों को आग के हवाले कर दिया और जमकर तोड़फोड़ की थी। हत्या की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सुचना पर पहुंची पांच थानों की पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। मरने वाले की पहचान किशोर कुमार उर्फ बिक्कल सिंह ( 55 वर्ष ) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि किशोर कुमार गांव में ही मुन्ना मंडल की दुकान की मचान पर बैठे थे। उसी समय एक व्यक्ति से पैसों को लेकर उनका विवाद हो गया। पहले मारपीट हुई, फिर सिर पर पीछे से कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। किशोर के भाई वशिष्ठ सिंह ने बताया पैसों के लेनदेन में हत्या की गई है। किशोर सूद पर पैसा लगाते थे।

उधर, परिजनों ने गांव के कैलाश मंडल के घर पर धावा बोल दिया। उन्हें शक है कि इसी ने वारदात को अंजाम दिया है। वारदात के बाद भवानीपुर, विहपुर, झंडापुर, परबत्ता, खरीक थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी मिलते ही बिहपुर सर्किल इंस्पेक्टर और नवगछिया एसडीपीओ ओमप्रकाश भी पहुंचे थे।

# बिहार में लिच्छवी एक्सप्रेस से टकराया ट्रैक्टर

## इंजन में ट्राली फंसने से डेढ़ घंटे रुकी रही ट्रेन



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेलखंड पर ताराजीवर-परमजीवर और रुन्नीसैदपुर स्टेशन के बीच 14006 डाउन लिच्छवी एक्सप्रेस एक ट्रैक्टर से रविवार की रात टकरा गई। ट्रैक्टर को ट्रेन की चपेट में आता देख चालक गाड़ी से कूद गया। इससे वह बाल-बाल बच गया, मगर घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई। रात का समय होने के कारण यात्री डर गए। ट्रेन के रुकते ही यात्री उतर गए। ट्रैक्टर के इंजन से टकराने की जानकारी मिलने पर उन्हें राहत मिली। ट्रैक्टर का इंजन तो आगे निकल गया, मगर ट्राली ट्रेन के इंजन में फंस गई।

### संयोग अच्छा रहा कि ट्रेन पटरी से नहीं उतरी

संयोग अच्छा रहा कि ट्रेन पटरी से नहीं उतरी, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इस घटना के कारण लिच्छवी एक्सप्रेस रात पौने आठ से लेकर सवा नौ बजे तक वहां रुकी रही। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मियों ने पहुंच कर ट्राली से इंजन को निकाला। क्षतिग्रस्त इंजन को सही किया गया। उसके बाद ट्रेन को सीतामढ़ी के लिए रवाना कर दिया गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ के जुब्बा सहनी इंचार्ज पवन कुमार ठाकुर पहुंचे और इस मामले में केस दर्ज किया। बताया जाता है कि ताराजीवर-परमजीवर और रुन्नीसैदपुर स्टेशन के बीच 18 नंबर फाटक पर बूमर नहीं लगता। यहां किसी कर्मचारी की तैनाती भी नहीं रहती। यहां वाहनों का आना-जाना रहता है। समस्तीपुर डीआरएम विनय कुमार श्रीवास्तव से आदेश पर घटना की जांच शुरू हो गई है।

# डॉ. आंबेडकर सामाजिक न्याय के संघर्ष के प्रखर योद्धा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर रविवार को जिले के विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम हुआ। इस दौरान उनके व्यक्तित्व पर लोगों को प्रकाश डाला। कहा कि उनके विचार दर्शन और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। बीआरए बिहार विवि के सीनेट हॉल में आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. आंबेडकर का योगदान विषय पर संगोष्ठी हुई। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. सुकन पासवान, पूर्व आरक्षी महानिरीक्षक ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सामाजिक न्याय के संघर्ष के प्रखर योद्धा थे। नए भारत के निर्माण में उनके विचार और दर्शन को अपनाने की जरूरत है। पूर्व कुलपति डॉ. रिपुसूदन श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर बहुत बड़े चिंतक थे। अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि विकसित भारत की नींव डॉ. आंबेडकर ने ही रखा था। पीजी राजनीति विज्ञान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ओझा ने कहा कि सामानता, न्याय और मानवीय गरिमा के प्रतीक डॉ. आंबेडकर का योगदान सर्वविदित है। शुरुआत में आंबेडकर उद्यान में बाबा साहब की मूर्ति पर पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। इस दौरान सभी को संविधान की प्रतियां भी दी गई। संचालन पूर्व उप कुलसचिव उमाशंकर दास ने किया। अतिथियों का स्वागत उप कुलसचिव डॉ. विनोद बैठा ने किया एवं धन्यवाद कॉलेज निरीक्षक डॉ. प्रमोद कुमार ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 'बस कफन में तिरंगा चाहिए' सुसाइड नोट लिख फंदे से झूला युवक

**नालंदा**। नालंदा जिले के बिहारशरीफ में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक सिलाव थाना क्षेत्र के बरनौसा गांव निवासी 22 वर्षीय राहुल कुमार किराये के कमरे में रहता था। वह सेना में भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है- बस कफन में तिरंगा चाहिए। मुझ पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। आरोप है कि एक युवती राहुल को प्रताड़ित कर रही थी। कुछ दिन पहले युवती ने उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।

### रोहतास के रास्ते बलिया से नालंदा पहुंचना होगा आसान

**नालंदा**। उत्तरप्रदेश के बलिया से बिहारशरीफ की यात्रा अब आसान होगी। 352 किलोमीटर लंबे फोर लेन पर चल 5 घंटे में यात्री बलिया से बिहारशरीफ पहुंच जाएंगे। अभी पटना के रास्ते बिहारशरीफ से बलिया जाने में 425 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जब राष्ट्रीय राजमार्ग 120 पूरी तरह से तैयार होगा तो बिहारशरीफ से नवादा, गया औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर और बक्सर जिलों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य अभियंता पीआर मीणा ने इस हाइवे के शेष 260 किलोमीटर की डीपीआर बनाने की अनुमति दे दी है। इसकी जानकारी एनएचएआई के कार्यपालक अभियंता राजकिशोर प्रसाद ने दी है। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ से चलकर नवादा के रास्ते बक्सर में इस हाइवे की बिहार सीमा समाप्त होगी। वहां से गंगा पुल पार कर यूपी में प्रवेश करेगा। जो सीधे बलिया पहुंचेगा। इस का नाम बिहारशरीफ-बलिया हाइवे रखा गया है।

### चुनाव के बाद सीएम के पास रखेंगे अतिथि शिक्षकों की समस्याएं : जीवन

**मानपुर**। शहर के एक निजी होटल में रविवार को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद जीवन कुमार ने अतिथि शिक्षकों के साथ बैठक की, साथ ही पीएम की सभा में शामिल होने का न्यौता दिया। इस बीच शिक्षकों ने राज्य सरकार द्वारा हटाए जाने पर अपनी बातें रखी। शिक्षकों ने केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताया। बैठक में विधान पार्षद जीवन कुमार ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के साथ पहले भी थे और आज भी है। इनकी मांगों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं शिक्षा मंत्री के पास पुनः रखेंगे और समस्या के निदान की कोशिश करेंगे। आप लोग मिलजुल कर चुनाव में अपनी एकजुटता दिखाएं। उन्होंने अतिथि शिक्षकों को संयम और धैर्य के साथ रहने की सलाह दी। चुनाव के बाद हम सब मिल कर राज्य सरकार के पास इस मुद्दे को उठाएंगे। विधान पार्षद ने 16 अप्रैल को गांधी मैदान में सारे अतिथि शिक्षकों को एकजुट होकर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने को कहा। बताया कि जिले में लगभग पांच हजार से अधिक शिक्षक पीएम मोदी की चुनावी जनसभा में शामिल होंगे। विधान पार्षद जीवन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है।

### जटडुमरी और दनियावां के बीच 15 जून के बाद दौड़ेगी ट्रेन, अभी सिर्फ दो डेमू पैसेंजर ट्रेन चलेगी

**नालंदा**। दानापुर रेल मंडल के तहत लोगों और दनियावां के बीच नवनिर्मित 23 किमी रेललाइन पर एक दशक बाद डीजल इंजन डेमू पैसेंजर ट्रेन दौड़ेगी। इससे पहले आर ब्लॉक से दीघा के बीच में 2014 तक डेमू पैसेंजर चलती थी। नवनिर्मित रेलखंड पर डेमू ट्रेन चलाने के लिए दानापुर रेल मंडल और पूर्व मध्य रेल के पदाधिकारियों के बीच बातचीत चल रही है। रेलवे बोर्ड से जल्द अनुमति मिलने की उम्मीद है। 15 जून के बाद डेमू पैसेंजर ट्रेन दौड़ने लगेगी। इस रूट पर ट्रेन दौड़ने से सीधे फायदा पटना, जहानाबाद, नवादा, लखीसराय, दनियावां, नालंदा, बिहारशरीफ, बरबीघा, शेखपुरा सहित पूरब की तरफ जाने वाले यात्रियों को मिलेगा। कम दूरी होने के कारण शुरुआत में अप-डाउन में दो डेमू पैसेंजर ट्रेन चलेगी। इसमें 10 कोच होगा। एक बार में करीब एक हजार से अधिक यात्री आसानी से सफर कर सकेंगे। कोलकाता पूर्वी सर्किल के संरक्षा आयुक्त (रेलवे) सुवोमोय मित्रा ने इस रेलखंड का निरीक्षण किया था। विशेष ट्रेन से 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रायल भी किया था। 42 किलोमीटर लंबे नेउरा-दनियावां नई रेल लाईन परियोजना के तहत पहले चरण में 22.74 किमी लंबे जट डुमरी से दनियावां तक का कार्य पूरा किया जा चुका है। संरक्षा आयुक्त ने ट्रेन परिचालन के लिए हरी झंडी दे दी है।

### दीप जलाकर मतदाताओं से डीएम ने की मतदान करने की अपील




**गया**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने गया जिले के सभी आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र का महापर्व शुरू होने वाला है। 19 अप्रैल को प्रथम चरण में गया जिला के 9 विधानसभा क्षेत्र का चुनाव होना है। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं रखी गई है। इन सभी तैयारियां का फलाफल तब मिलेगा जब आप सभी मतदाता अपने घर से निकल कर मतदान करने आएंगे और हमारे गया जिला के वोट प्रतिशत को बढ़ाएंगे।

### बदमाशों ने एक ही घर को तीसरी बार बनाया निशाना



**नालंदा**। नालंदा में बदमाशों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए नगदी समेत जेवरात की चोरी कर ली है। मामला बिहार शरीफ के सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कॉलोनी का है। चोरी की घटना सोनू पासवान के घर में हुई हैं। पीड़ित गृह स्वामी ने बताया कि चैती छठ को लेकर घर के सभी सदस्य सिलाव प्रखंड के बड़गांव गए हुए थे। छठ पूजा संपन्न होने के उपरांत जब परिवार के सभी सदस्य घर पहुंचे तो देखा की मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अनहोनी की आशंका से घर के अंदर प्रवेश किया तो सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ था। बदमाशों ने स्टोरवेल और बक्से का ताला तोड़कर 70 हजार नगदी समेत सोने-चांदी के जेवरात समेत कुल 3.50 लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि अब तक कुल तीन बार उनके घर में चोरी की घटना हो चुकी है। इसके पूर्व भी दो बार अज्ञात बदमाशों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बावजूद अब तक पुलिस के द्वारा उद्भेदन नहीं किया जा सका है। वहीं इस मामले में सोहसराय अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि अभी तक पीड़ित परिवार के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बरनवाल महिला मोदी समिति ने की छठ व्रतियों की सेवा





❐ **शरबत का भी किया वितरण, बच्चों ने भी दिया साथ**

निज संवाददाता। गया

गया में छठ पूजा के अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर लौटने वाले छठ व्रतियों और उनके साथ रहे श्रद्धालुओं को पितामहेश्वर घाट पर शरबत भेंट किए गए। नींबू पानी के शरबत दिए गए और फिर उसके बाद बादाम के भी शरबत श्रद्धालुओं और व्रतियों को दिए गए। खास बात यह है कि यह काम किसी पुरुष वर्ग से जुड़े सामाजिक संगठन द्वारा नहीं बल्कि बिहार प्रदेश बरनवाल महिला मोदी समिति की ओर से किया गया। बड़ी संख्या में समिति से जुड़ी महिलाओं ने खुद से सारे इंतजाम किए और सोमवार को पिता महेश्वर घाट से पहले मंदिर के निकट पहुंचकर शरबत वितरण किया। शरबत को खुद से तैयार किया और खुद से ही व्रतियों के पास जा कर उन्हें श्रद्धा से भेंट किए जिसे व्रतियों ने स्वीकार भी किया। इस काम में महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी उनका भरपूर सहयोग दे रहे थे। वहीं श्रद्धालु और व्रती भी बरनवाल महिला मोदी समिति के सेवा भाव से गदगद नजर आए।

**दर्जनों महिलाओं ने लिया भागः** श्रद्धालुओं के अलावा मौके से गुजर रहे लोगों ने भी महिलाओं के सेवा भाव को सम्मान दिया और और उनकी खूब तारीफ की इस मौके पर नूतन बरनवाल रीता बरनवाल के अलावा दर्जनों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर श्रद्धालुओं की सेवा की। नूतन अग्रवाल ने बताया कि कार्तिक छठ पूजा के दौरान छोटे बड़े सभी सामाजिक संगठन बड़ी संख्या में सेवा से जुड़े कार्य को छठ घाट या फिर सड़कों पर करते नजर आते हैं, लेकिन चैती छठ में सेवा से जुड़े कार्य करने वाले सामजिक संगठन कम ही नजर आते हैं। ऐसे में हम महिलाओं ने निर्णय लिया था कि इस वर्ष से नियमित तौर पर छठ व्रतियों के निमित सेवा से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

- **नालंदा में 3 दिन पहले काम खत्म कर लौट रहा था घर, तभी अज्ञात वाहन ने रौंदा**



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सड़क हादसा में घायल मजदूर की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 नंबर के पास की है। मृतक की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के मोरा तालाब निवासी स्वर्गीय लखन यादव के बेटे कपिंद्र यादव(34) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि 12 अप्रैल को कपिन्द्र यादव मजदूरी कर शाम में घर लौट रहा था। इसी बीच 17 नंबर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। स्थानीय लोगों द्वारा कपिंद्र यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद चिंताजनक हालत में उसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पावापुरी मेडिकल कॉलेज से भी उन्हें इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कपिन्द्र यादव मजदूरी कर अपने घर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उनकी पत्नी मुखबधिर है। वहीं, वह अपने पीछे पत्नी और एक बेटा छोड़ गए हैं। इस हादसे के बाद परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद सोहसराय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# करंट लगने से युवक की मौत, पहले से गिरे तार के संपर्क में आने से हुआ हादसा




निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में करंट के संपर्क में आने से रविवार की शाम एक युवक की मौत हो गई। मामला भागन विगहा ओपी क्षेत्र अंतर्गत पचासा गांव का है। मृतक की पहचान पचासा गांव निवासी शिबू पासवान के (23) वर्षीय पुत्र संत राज के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि संतराज खेत में काम करने गया था। उसी दरमियान 440 विधुत प्रवाहित तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों की जब उस पर नजर पड़ी तो उसे करंट से मुक्त कराया गया और घरेलू उपचार के उपरांत आनन फानन में बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**डॉक्टर पर इलाज में देरी का आरोपः** परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में देरी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने इलाज में करीब आधे घंटे की देर कर दी गई। जिसके कारण युवक की मौत हो गई। मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वाले के चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। वहीं इस मामलें में भागन विगहा ओपी प्रभारी पंकज कुमार पवन ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस सदर अस्पताल पहुँची। इसके उपरांत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द करा दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। करंट के संपर्क में आने से मौत की बात बताई जा रही है।

### गया के हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का आज दूसरा दिन



**गया**। गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के नई गोदाम स्थित भुसंडी मोड़ स्थित हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के तहत दूसरे दिन नगर भ्रमण किया गया। पहले दिन शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई थी। नगर भ्रमण बांग्ला स्थान, कुमार कॉलोनी ,नई गोदाम,च महारानी रोड ,गोलपत्थर, दवाई मंडी, पहसी, तुतवाड़ी मुख्य मार्ग होते हुए वापस देर रात नई गोदाम भूसुंडी मोड स्थित मंदिर के निकट समाप्त होगा।

**ट्रैफिक पुलिस ने मछली मंडी से हटाया अतिक्रमण**

# कारोबारियों ने कहा- मौखिक आदेश पर किया जा रहा शिफ्ट



निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के रामचंद्रपुर स्थित मछली मंडी में मछली कारोबारी के द्वारा खुले रोड पर मछली बेचने का कारोबार किया जाता है। इसके विरुद्ध ट्रैफिक पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया और वैसे दुकानदार जो आवागमन को अवरुद्ध कर रहे हैं उनको नोटिस दी गई। ट्रैफिक DSP सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से मछली मंडी में मछली कारोबारी को ट्रैफिक पुलिस के द्वारा अतिक्रमण हटा लेने की मौखिक चेतावनी दी गई थी। बावजूद कुछ कारोबारी सड़क किनारे खुले तौर पर मछली एवं मुर्गा मटन बेचने का काम कर रहे हैं। जिसके कारण ट्रैफिक रेगुलेट करने में काफी समस्या हो रही है। वैसे दुकानदार जिन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। उन्हें नोटिस दी गई है। स्मार्ट सिटी के तहत बाजार समिति में मछली कारोबारी के लिए वातानुकूलित दो मंजिला दुकान बनाए गए हैं। बावजूद मछली कारोबारी वहां शिफ्ट नहीं हो रहे हैं। अब उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासन पर परेशान करने का आरोपः** वहीं मछली कारोबारीयों ने कहा कि अचानक ट्रैफिक पुलिस आई और उन लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। उन लोगों को लिखित रूप से कोई भी जगह आवंटन नहीं किया गया है बस मौखिक रूप से ही बोला जा रहा है। कुछ कारोबारीयों को पुलिस पकड़ कर भी ले गई है। बड़े कारोबारी को पुलिस तंग परेशान नहीं करती है। जबकि छोटे कारोबारी को परेशान किया जा रहा है। नालंदा जिला मजदूर मजदूर खुदरा मछली विक्रेता संघ की ओर से एसडीओ को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें यह मांग की गई है की मछली मंडी से हटाना है तो सभी को हटाया जाए और एक उचित स्थान दिया जाए। ट्रैफिक पुलिस के आते ही मौके पर भगदड़ मच गई। मछली विक्रेता अपने-अपने मछलियों को छोड़ मौके से भाग खड़ा हुए। कारोबारीयों ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से उन लोगों को काफी नुकसान हो रहा है।

# 'नेताओं की एंट्री पर रोक...रोड नहीं, तो वोट नहीं', गया के धनछुआ गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों ने लिया फैसला




निज संवाददाता। गया

गया जिले के औरंगाबाद लोकसभा के कोंच प्रखंड इलाके में पड़ने वाले धनछुआ गांव में रविवार को ग्रामीणों ने चौपाल लगाई। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट हुए। ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। झूठे वादे करने वाले नेताओं की एंट्री पर भी रोक लगाई गई है। इसको लेकर गांव में जगह-जगह बैनर भी लगाए गए हैं। पम्पलेट भी बांटे गए हैं। दरअसल, गया जिले के गौहरपुर पंचायत का धनछुआ गांव प्रखंड कार्यालय से 7 किलोमीटर की दूरी पर है। इस गांव में लोगों की आबादी करीब पांच हजार है। गांव में यादव, मांझी, भूमिहार, चंद्रवंशी, रविदास, ब्राह्मण, कायस्थ, ठाकुर, पासवान, चौधरी, चौहान, साव, कांदू, मुस्लिम समुदाय को मिलाकर करीब साढ़े तीन सौ घर हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि नेताओं की एंट्री भी गांव में नहीं होने देना है। गांव में जगह-जगह पर लोगों ने वोट बहिष्कार के बैनर लगाए हैं। पम्पलेट भी बांटे जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 76 साल बाद भी अब तक धनछूहा गांव में आने-जाने के लिए सड़क नहीं है। बारिश के मौसम में आज भी खटिया का सहारा लिया जाता है।

# नालंदा में हर घर परिंडा अभियान का आगाज, 15 अप्रैल से 30 जून तक चलेगा अभियान

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के नूरसराय प्रखण्ड अंतर्गत मध्य विद्यालय ककड़िया से हर घर परिंडा (पक्षियों के लिए दाना-पानी का बर्तन) अभियान का शुभारंभ गौरैया विहग फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक राजीव रंजन पाण्डेय के द्वारा सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य विद्यालय ककड़िया के प्रधानाध्यापक पर्यावरणविद दिलीप कुमार, शिक्षाविद् राकेश बिहारी शर्मा, शिक्षक सुरेन्द्र कुमार, शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद, शिक्षक जितेन्द्र कुमार मेहता, शिक्षक सतीश कुमार, शिक्षक अरविन्द कुमार शुक्ला, शिक्षक रणजीत कुमार सिंहा, शिक्षक अनुज कुमार, मो. रिज़वान आफ़ताब, मुकेश कुमार, शिक्षा सेवक रामजी चौधरी, बाल संसद के प्रधानमंत्री वीरमणि कुमार के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से मध्य विद्यालय ककड़िया, में परिंडा और घोंसला लगाए गये। मौके पर गौरैया विहग फाउंडेशन के संस्थापक राजीव रंजन पाण्डेय ने कहा कि मध्य विद्यालय ककड़िया द्वारा आज जो परिंडा अभियान का आगाज किया है। यह जीव-जगत के लिए अनुपम सौगात है तथा क्षेत्र के लिये प्रेरणादायी है। यह कार्यक्रम 15 अप्रैल, 2024 से 30 जून तक क्षेत्र में चलेगा। जिसमें जिले में अधिक से अधिक परिंडे लगाए जायेंगे। जिसमें प्रत्येक विधार्थी को कम से कम पांच-पांच परिंडे लगाने तथा उसमें नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

**'पक्षियों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करें'**: मौके पर प्रधानाध्यापक पर्यावरणविद दिलीप कुमार ने कहा कि इस समय विश्व में लगातार पर्यावरण अवनयन बढ रहा है। हमारे द्वारा इस तरह के छोटे-छोटे प्रयासों द्वारा हम सभी पर्यावरण की रक्षा कर सकते है। आज गौरैया विहग फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों व शिक्षकों के सहयोग से पक्षियों को बचाने के उदेश्यों से परिंडे लगाने की पहल की है। उन्होंने कहा- गर्मी में पक्षियों के लिए भोजन की भी कमी रहती है। पक्षियों के भोजन कीड़े-मकोड़े गर्मियों में नमी वाले स्थानों में ही मिल पाते हैं। खुले मैदान में कीड़ों की संख्या कम हो जाती है, जिससे पक्षियों को भोजन खोजने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जंगलों में पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं, साथ ही जल स्त्रोत भी सूख जाते हैं। वहीं मवेशियों के लिए भी चारागाह के अलावा




खेतों में पानी की समस्या होती है, इस वजह से पानी के साथ भोजन की भी कमी से मवेशियों को जूझना पड़ता है। इसलिए सभी लोग अपने-अपने स्तर से पक्षियों को पानी और भोजन की व्यवस्था करें।

**'गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है'**: पर्यावरण प्रेमी राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि गौरैया विहग फाउंडेशन परिवार द्वारा किए जा रहे जैव संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य वर्तमान समय में बहुत महत्वपूर्ण है। इस अभियान द्वारा हम पक्षियों का जीवन बचा सकते है। आज विश्व में जो पर्यावरणीय संकट पैदा हो रहे है उन्हें हम इस तरह के छोटे-छोटे कार्यो द्वारा हल कर सकते हैं। श्रीशर्मा ने कहा कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा- गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरैया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरैया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। जिले में गर्मी बढने लगी है। यहां का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है। आने वाले सप्ताह और जेठ में और अधिक गर्मी पडऩे की संभावना है। गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं।

**'पानी वाले जल स्त्रोतों को गंदा न करें'**: समाजसेवी सरदार वीर सिंह ने कहा कि गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर पानी के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा संतुलित रहे, इसके लिए पानी मे गुड़ की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिए। इससे गर्मी में तापमान से राहत मिलती है और शरीर में पानी की कमी नहीं होती। कम पानी वाले जल स्त्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है। इस अवसर पर छात्र-छात्रा रागिनी कुमारी, सोनाली कुमारी, स्नेहा कुमारी, चांदनी कुमारी, नन्दनी कुमारी, साजन कुमारी, शिल्पी कुमारी, छात्र हीरामणि कुमार, वीरमणि कुमार, मोहन कुमार, रवीश कुमार, ललन कुमार, अजय कुमार, अंकित राज, आदित कुमार, हिमांशु कुमार आदि समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने पांच शराबी समेत एक धंधेबाज को भेजा जेल

**गड़हनी**। स्थानीय पुलिस ने बीती रात थाना क्षेत्र के अगल-अलग गांव में छापामारी कर शराब के नशे में पांच पियक्कड़ एवं 25 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि शनिवार शान्ति नगर धमनियां से छापेमारी के दौरान चयत मुसहर के पुत्र शंकर बिहारी उर्फ मनौउर मुसहर शराब बिक्री कर रहा था उसके पास से 25 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। वही रतनाढ निवासी सुरेश मुसहर के पुत्र अमित मुसहर, लाहरपा गांव निवासी स्व०मंगनी राम के पुत्र लक्ष्मण राम, शांतिनगर निवासी दुगाई मुसहर के पुत्र शत्रुघ्न मुसहर,पथार निवासी रामदास यादव के पुत्र बरमेश्वर यादव,देवमुनि पाण्डेय के पुत्र चंद्रभूषण प्रसाद उक्त सभी आरोपी शराब पी कर हो हंगामा कर रहे थे। सभी पांचों पियक्कड़ एवं एक धंधेबाज के खिलाफ मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत काण्ड संख्या 64/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया।साथ ही बताया की भोजपुर एसपी के आदेश पर प्रतिदिन शराब को ले छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### मीना मंच और आपदा प्रबंधन समिति का गठन

**आरा**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरा जयपाल आरा, मु (उ) के प्रांगण में बाल संसद, मीना मंच एवं आपदा प्रबंधन समिति का गठन हुआ। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र सिंह ने की। बाल संसद चुनाव के बाद प्रधानमंत्री वर्ग- आठ के छात्र शिवम कुमार एवं उप प्रधानमंत्री वर्ग-छह की छात्रा अंशिका कुमारी का चयन किया गया। शिक्षा मंत्री वर्ग- आठ की छात्रा शीतल कुमारी और उप शिक्षा मंत्री छात्र अंकुश कुमार, स्वास्थ्य स्वच्छता मंत्री वर्ग-आठ की छात्रा श्वेता कुमारी, उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री छात्र मोहन कुमार, जल एवं कृषि मंत्री वर्ग छह के छात्र समीर कुमार , उप जल एवं कृषि मंत्री छात्र अमित कुमार तथा मीना मंच के मीना दीदी के रूप में वर्ग- आठ की छात्रा शीतल कुमारी का चयन किया गया है। इस बैठक में विद्यालय के शिक्षक हरिश्चंद्र साह ,रमेश कुमार व अन्य लोग रहे ।

### आयुष कुणाल का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में हुआ चयन

**आरा**। जिले के सहार प्रखंड के आयुष कुणाल ने आल इंडिया सैनिक स्कूल इंट्रेंस टेस्ट में सफलता प्राप्त की है। आयुष ने 300 अंकों की हुई परीक्षा में 272 अंक प्राप्त किया है। आयुष की मां सोनी कुमारी पंचायत शिक्षक हैं। पिता विमल मौआर समाजसेवी हैं। आयुष ने एंट्रेंस टेस्ट में ऑल इंडिया में 575 वां स्थान प्राप्त किया है। इन्हें सैनिक स्कूल इंफाल नामांकन के लिए आवंटित हुआ लेकिन आयुष ने सैनिक के बजाए राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का ऑप्शन चुना। आयुष को टेस्ट में गणित में 150 में 150 अंक प्राप्त हुए। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को देते हैं। आयुष ने बताया कि उनका लक्ष्य मिलिट्री में शामिल होकर देश की रक्षा करना है। शुरुआती पढ़ाई सहार से की है। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में कक्षा छह में आयुष का नामांकन होगा। आयुष की दादी कृष्णा देवी सहार की प्रखंड प्रमुख रहीं हैं। आयुष की सफलता पर उन्होंने बधाई दी। मिलिट्री स्कूल में चयन होने पर शिक्षक सरफराज ने उन्हें बधाई दी है।

### अंडर 13 में वंशिका और चिराग, अंडर 17 में स्वधा रहीं विजेता

**आरा**। स्व राधिका रमण प्रसाद मेमोरियल तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम दिन आरा क्लब में फाइनल मुकाबले में अंडर -13 में वंशिका कुमारी ने कृपा कुमारी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। अंडर -13 बॉयज में चिराग अग्रवाल विजेता बने। अंडर 17 गर्ल्स में स्वधा दीक्षित विजेता एवं वंदना कुमारी उपविजेता रही। मेंस सिंगल्स में समस्तीपुर के रमण ने आरा के आशुतोष को बुरी तरह से हराया। टूर्नामेंट के डबल्स में आरा के आशुतोष और ऋषि की जोड़ी ने बक्सर के प्रत्युष और सुमंत की जोड़ी को हराया। सुपर सीनियर डबल्स में विशाल आनंद और नीतीश पांडेय की जोड़ी ने विकास सिंह और शशी सिंह को हराकर कप पर कब्जा जमाया। सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को आरा बैडमिंटन क्लब के सेक्रेट्री डॉ बीके शुक्ला एवं डॉ कन्हैया सिंह ने सर्टिफिकेट, ट्रॉफी और नगर इनाम की राशि से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राम मूर्ति प्रसाद, डॉ विजय गुप्ता व अन्य लोग रहे ।

### कॉलेज के प्रथम स्थापना दिवस पर वेबसाइट लांच

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई श्री त्रिदंडीदेव राजकीय डिग्री महाविद्यालय का प्रथम स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री त्रिदंडी स्वामी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण हुआ। पत्रिका का लोकार्पण हुआ। प्राचार्य डॉ गुलाब फलाहारी ने आगत-अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने प्रथम स्थापना दिवस पर कॉलेज के वेबसाइट का उद्घाटन किया। कहा कि स्थापना दिवस समारोह का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के साल भर के किए गए क्रियाकलापों पर विस्तृत रूप से चर्चा करना है। साथ ही महाविद्यालय में पठन-पाठन और विद्यार्थियों के नामांकन सहित अन्य सुविधाओं को कैसे बढ़ाया जाए।

### बक्सर में एनएच 922 पर हादसा, वाहन में फंसे लोगों को जैसे तैसे बाहर निकाला

# ट्रक में आग लगने से 3 लोग बुरी तरह झुलसे

**निज संवाददाता। बक्सर**



कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के ढकाईच लेवाड के पास बक्सर से आरा की तरफ जा रहे टेलर ट्रक में अचानक आग लगने से ट्रक चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास और ट्रक के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। घटना एनएच 922 पर सोमवार की सुबह की बताई जा रही है। सूचना पर कृष्णाब्रह्म थाना के साथ अग्निशमन की एक गाड़ी और डायल 112 की पुलिस ने पहुंचकर आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। सभी घायलों को आनन-फानन में बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक इबरार अंसारी रामनगर निवासी है। उसमें अब्दुल अंसारी, परवेज अंसारी भी मौजूद थे। सभी को घायल अवस्था में पटना रेफर किया गया है। हालांकि कुछ ग्रामीणों का कहना है की किसी वाहन के टकराने के कारण ट्रक में आग लगी है। प्रत्यक्षदर्शी जितेंद्र कुमार बड़का ढाकाइच निवासी ने बताया कि घटना सुबह में तीन चार बजे की है। हम लोग हाइवे किनारे अपने मकान में सोए थे। आग कैसे लगी यह तो नहीं बता पाएंगे लेकिन जब ट्रक से आग को लपटें उठने लगी तो हम लोगों की नींद खुली। हम लोग देखे तो आग बुझाने का प्रयास करने लगे। पुलिस को फोन किया। बताया कि ट्रक से कुल तीन लोगों को बाहर निकाला गया जिनकी स्थिति गंभीर है। कृष्णाब्रह्म थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि 4 बजे के करीब सूचना पर मौके पर पहुंचकर ट्रक में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। परवेज अंसारी की हालत ज्यादा सीरियस है। परिजनों को सूचना दे पुलिस आगे की करवाई में जुटी है।

# भोजपुर में तेंदुए के हमले में महिला समेत 3 घायल

**निज संवाददाता। आरा**



**ढूंढने के लिए मंगवाए गए ड्रोन, वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद**

भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के राजपुताना पचैना गांव में सोमवार सुबह तेंदुआ घुस गया। तेंदुए ने एक महिला सहित तीन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया है। जख्मी महिला का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। गांव में तेंदुआ घुसने से अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। आनन–फानन में वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है। मौके पर कोईलवर, गीधा पुलिस, वन विभाग, भोजपुर की टीम भी पहुंच चुकी है। कोईलवर SDPO भी मौके पर मौजूद हैं। अलग-अलग इलाकों में तेंदुए की खोजबीन की जा रही है। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। घायलों में बड़हरा कोल्हरामपुर के दर्शन साव (28), कोईलवर के रहने वाले अर्जुन राय (50) और आशा देवी (59) शामिल हैं।

**कटनी करने गई थी, तेंदुए ने हमला कर दियाः** पचैना गांव निवासी आशा देवी (59) ने बताया कि आज सुबह वो खेत में कटनी करने गई थी। इसी दौरान तेंदुए ने हमला कर दिया। इस हमले में वो बुरी तरह जख्मी हो गईं। ग्रामीणों की मदद से महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है। वहीं. बाइक से जा रहे एक युवक के गले पर भी तेंदुए ने हमला कर दिया। बेहतर इलाज के लिए आनन-फानन में पटना रेफर कर दिया गया है। फॉरेस्ट रेंजर रंजन कुमार सिंह और शिवनंदन चौधरी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आखिर कौन सा जानवर है। क्योंकि अभी तक ग्रामीणों ने जानवर को नहीं देखा है। फिलहाल इलाके में आरा, पीरो, बक्सर की वन विभाग की टीम मौजूद है। वहीं पटना से रेस्क्यू टीम भी जल्द घटना स्थल पर पहुंच जाएगी।

## रायफल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर पुलिस ने तरारी थाना अंतर्गत भकुरा गांव में विशेष छापेमारी कर एक अवैध ऑटोमेटिक राइफल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया विकास भकुरा गांव निवासी विकास पांडे उर्फ बिट्टू पांडे है। उसके पास से एक अवैध सेमी ऑटोमेटिक राइफल एवं पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इसे लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिक की है। बता दें की भाकुरा गांव में देर शाम हथियारबंद आरोपित एवं एक उप मुखिया के बीच नोंकझुक हुआ था। इसके बाद बदमाश अपने घर से अवैध सेमी ऑटोमेटिक राइफल लाकर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा था। बाद में सूचना मिलने के बाद तरारी थानाध्यक्ष प्रदीप भास्कर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर गेहूं के खेत में छिप कर बैठे विकास पांडे को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अवैध सेमी ऑटोमेटिक राइफल एवं पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इधर,थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश विकास पांडे ने डेढ़ साल पहले अवैध रूप से आसाम से डेढ़ से दो लाख में ऑटोमेटिक राइफल खरीद कर लाया था। पकड़े गए आरोपित के पास से बरामद राइफल का कोई लाइसेंस या फिर अवैध कागजात नहीं है। पुलिस यह भी पता कर रही है कि यह अवैध हथियार किस से खरीद कर लाया है। टीम में दरोगा रमाशंकर बैठा,अनुरोध कुमार,सिपाही विजय कुमार,संतोष कुमार एवं रोहित यादव शामिल थे ।

## भोजपुर क्रिकेट लीग मैचः जूनियर डिवीजन में हाईटेक क्रिकेट क्लब और YMCC विजयी, अभिषेक ने बनाए सर्वाधिक 67 रन

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिला क्रिकेट संघ अंतर्गत खेली जाने वाली जिला क्रिकेट लीग के जूनियर डिवीजन में कल हाईटेक क्रिकेट क्लब बनाम आरा क्रिकेट अकादमी ए के बीच मैच महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर शुरू हुआ। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरा क्रिकेट अकादमी ए की टीम ने 25 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए। आरा क्रिकेट अकादमी ए की तरफ से अमित ने सर्वाधिक 45 रन, आकाश प्रथम ने 36 रन ,आकाश द्वितीय ने 13 रन बनाए। हाईटेक क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुमित पटेल ने सर्वाधिक चार विकेट, आयुष ने दो विकेट और राहुल ने एक विकेट लिया। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाईटेक क्रिकेट क्लब की टीम ने 8 विकेट खोकर जीत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। हाईटेक क्रिकेट क्लब की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए युवराज प्रथम ने सर्वाधिक 31 रन, सचिन ने 23 रन, राहुल ने 20 रन, आशुतोष ने 16 रन और आयुष ने 19 रनों का योगदान किया। आरा क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए पियूष ने सर्वाधिक तीन विकेट, आकाश द्वितीय ने दो विकेट और अनुज आकाश प्रथम और मंटू को एक-एक विकेट मिला। इस प्रकार हाईटेक क्रिकेट क्लब ने यह मैच दो विकेट से जीत लिया। जूनियर डिवीजन लीग के मैच में वाईएमसीसी बनाम उमेश क्रिकेट क्लब के बीच मैच महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर शुरू हुआ। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए वाईएमसीसी की टीम ने 28 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 249 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वाईएमसीसी की तरफ से अभिषेक ने 67 रन, आशुतोष ने 51 रन, रितेश ने 15 रन, चंदन ने 30 रन तथा राजन ने 38 रनों का योगदान किया।

## आरा में शादी के 5 दिन पहले दूल्हे की मौत

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में शादी के 5 दिन पहले दूल्हे की मौत हो गई। वो अपने भाई के साथ अपनी शादी का कार्ड बांट कर लौट रहा था। इसी बीच बालू लदे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों भाइयों को रौंद दिया। जिसमें होने वाले दूल्हे राजेश कुमार (24) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं राजेश का चचेरा भाई मुकेश कुमार (15) गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया है। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के हरीपुर गांव के पास की है। हादसे से पहले दोनों भाइयों ने पुल पर सेल्फी भी ली थी। इधर घटना के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक सारण (छपरा) जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर, बिंदगावां गांव निवासी स्व.बृजनंदन राय का बेटा था। वह बालू घाट पर काम करता था। राजेश के साथ बाइक पर जा रहे राम बाबू राय के बेटे मुकेश कुमार ने बताया कि राजेश की 19 अप्रैल को बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर (पचरुखिया) गांव निवासी स्व.पवन राय की बेटी जूली से शादी होने वाली थी। वह अपने भाई राजेश कुमार के साथ अपने ही शादी का कार्ड बांटने के लिए पटना जिले के हरदी छपरा स्थित अपने रिश्तेदार के घर पहुंचा था। कार्ड देकर जब वह दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हरीपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे बाइक चला रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएल–05–24, दिनांक 12.04.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. ईएल–05–24, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** आसनसोल मंडल–विद्युत सामान्य परिसंपत्तियों की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 3,00,19,700.69, **बयाना राशि :** रु. 3,00,100/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 07.05.2024 को 11.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** 06 माह। **संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।**
ASN-15/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–300, दिनांक 12.04.2024 के लिए खुली ई–निविदा सूचना।** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/सा./पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–300, कार्य का नाम :** मालदा टाउन मंडलः विद्युत सामान्य परिसंपत्तियों की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 3,81,48,494.94, **बयाना राशिः** रु. 3,40,800/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 22.04.2024 से 06.05.2024 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/सा./ पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MLD-07/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## लंबे समय से संविधान बदलने का लड़ाई लड़ रही भाजपा



**बक्सर** । बक्सर में लोक सभा प्रत्याशियों के द्वारा रविवार को बारी-बारी से बाबा साहब की जयंती पर अंबेडकर चौक पहुंचकर माल्यार्पण किया। जहां भाजपा के प्रत्याशी मिथलेश तिवारी और गठबंधन से सुधाकर सिंह आमने-सामने हो गए और एक दूसरे पर सियासी हमला बोला है। परिवार वाद की राजनीति कर रहा राजदः इस दौरान भाजपा के प्रत्याशी मिथलेश तिवारी ने कहा की बाबा साहब कहते थे, टू द पिपुल,फॉर द पिपुल और बाय द पिपुल जबकि हमारे प्रतिद्वंदी कहते है, टू द फैमली, फॉर द फैमली, बाय द फैमली । संविधान बदलना चाहती है भाजपाः महागठबंधन के प्रत्याशी राजद नेता सुधाकर सिंह ने कहा की भारत में भारतीय जनता पार्टी आज से नही बल्कि लम्बे समय से संविधान बदलने का लड़ाई लड़ रही है। इसके साथ है कहा की इसके पूर्ववर्ती संगठनों के लोगों ने महात्मा गांधी के हत्या में शामिल थे। आज भी उनके मन में गोडसे है लेकिन देश गोडसे के नही गांधी के विचार धारा से चलता है।

जनता और सत्ता के बीच मुकाबलाः वही सुधाकर सिंह ने आगे कहा की 2024 का मुकाबला जनता बनाम सत्ता का है।देश की जनता एक तरफ है देश की सत्ता एक तरफ है इनके बीच ही संघर्ष है।लेकिन ये याद रखिएगा की लोकतंत्र में हमेशा जनता की जीत होती है।उन्होंने कहा की मैं मुद्दो से कोई समझौता नहीं करता किसानो के लिए मंडी कानून लागू नहीं होने पर मैंने नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री पद को लात मार दिया था। 10 मई को नामांकन करेंगे मिथलेश तिवारीः भाजपा प्रत्यासी मिथलेश तिवारी ने कहा की बक्सर में लड़ाई राष्ट्रीय जनता दल के साथ है और कोई भी लड़ाई में नही है।उन्होंने कहा की 10 मई अक्षय तृतीया को नामांकन अपना करेंगे।पूरा एनडीए मेरे साथ खड़ा है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–296, 297, 298 और 299, दिनांक 10.04.2024 के लिए खुली ई–निविदा सूचना।** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/सा./पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.: 1, निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–296, कार्य का नाम :** जमालपुर–जमालपुर में नए आवंटित 140 टन डीजल हाइड्रॉलिक ब्रेक–डाउन क्रेन (बी.डी. क्रेन) के लिए आधारभूत संरचना का विकास। **निविदा मूल्य :** रु. 23,73,985.05, **बयाना राशिः** रु.47,500/–, **क्रम सं.: 2, निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–297, कार्य का नाम :** "मालदा मंडल के बीजीपी स्टेशन पर दिव्यांगजन यात्री के लिए टिकट एवं एन्क्वायरी काउंटरों, पार्किंग क्षेत्रों, टैक्टाइल गाइडेड ब्लॉक, हैंड रेल के प्रावधान" के सिलसिले में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 10,21,684.61, **बयाना राशिः** रु.20,400/–, **क्रम सं.: 3, निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–298, कार्य का नाम :** (i) "धुलियानगंगा–धुलियानगंगा स्टेशन पर गुड शेड साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रावधान" के सिलसिले में विद्युत कार्य। (ii) "पीरपैंती कोल लोडिंग साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रावधान" के सिलसिले में विद्युत कार्य। (iii) "टिकानी स्टेशन पर गुड्स शेड साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रावधान" के सिलसिले में विद्युत कार्य। (iv) "जमालपुर स्टेशन पर डीएमएसजे गुड्स शेड साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रावधान" के सिलसिले में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 30,83,883.48, **बयाना राशिः** रु.61,700/–, **क्रम सं.: 4, निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–299, कार्य का नाम :** जेएमपी–कोचिंग आधारभूत सुविधाओं का संवर्धन। **निविदा मूल्य :** रु. 1,39,57,050.27, **बयाना राशिः** रु.2,19,800/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 19.04.2024 से 03.05.2024 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/ सा./पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MLD-08/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

National Programme on Climate Change and Human Health

**जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।**

गर्मी के मौसम में लू(Heat Wave) से बचाव एवं उपचार के लिएः क्या करें/क्या न करें

लू (Heat Wave) की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए निम्न तथ्यों पर ध्यान देना आवश्यक हैः–

**–:क्या करें:–**

- लू लगने, एवं गर्मी से ऐंठन के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, मिचली आना, पसीना आना, मूर्छित होना आदि को पहचानें।
- यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।
- अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो तबभी।
- यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ अवश्यक ले जाए।
- ओ0आर0एस0, (ORS) घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ अदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें।
- जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग करें यथा तारबूज, खरबूज, संतरें, अंगूर, अनानास, खीरा, ककड़ी, सलाद पत्ता (जूस)
- हल्के रंग के पसीना शोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें।
- धूप के चश्में, छाता, टोपी एवं चप्पल का प्रयोग करें।
- अगर आप खुलें में कार्य करते है तोसिर, चेहरा, हाथ–पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें।
- उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें।
- सूर्य की सीधी रोशनी तथा ऊश्णहवा को रोकने हेतु उचित प्रबंधन करें अपने घरों को ठण्डा रखें, दिन में खिड़कियाँ, पर्दे तथा दरवाजे बंद रखें विशेश कर घर तथा कार्यालय के उन क्षेत्रों में जहाँ सूरज की सीधी रौशनी पड़ती हो, उसे शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इन्हें खोल दें।
- घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृतिको बढ़ायें।
- पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें।
- ऐसे बुजुर्ग तथा बीमार व्यक्ति जो एकांत वास करते हो, के स्वास्थ्य की नियमित रूप से देख भाल तथा समीक्षा की जानी जाहिए।
- घरों को ठंडा रखे दिन के समय पर्दे, खिड़कियां, दरवाजें इत्यादि बंद कर रखें तथा रात को खिड़कियाँ खोल कर रखें।
- दिन के समय में अपने घर के निचले तल पर प्रवास का प्रयास करें।
- शरीर के तापमान को कर रखने के लिए पंखे, गीले कपड़े इत्यादि का प्रयोग करें।
- उच्च जोखिम समूह यथा–एक वर्श से कम आयु के शिशु तथा अन्य छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाये, वाह्मवातावरण में (Outdoor) कार्य करने वाले व्यक्ति, बीमार व्यक्ति विशेश कर हृदय रोगी अथवा उच्च रक्तचाव से ग्रस्त व्यक्ति तथा ऐसे व्यक्ति जो ठंडे क्षेत्रों से गर्म क्षेत्रों में जा रहें हो कोहीटवेव से अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती है।

**–:क्या न करें:–**

- अधिक गर्मी वाले समय में, विशेष कर दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य सूर्य की सीधी रोशनी में जाने से बचें।
- नंगे पैर बाहर ना निकलें।
- अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के प्रयोग से यथा संभव बचें तथा बासी भोजन का प्रयोग ना करें।
- बच्चों को खड़ी गाड़ियों में ना छोड़े।
- गहरें रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें।
- अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोई वाले स्थान को ठण्डा करने के लिए दरवाजे तथा खिड़कियाँ खोल दें।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रम साध्य कार्य न करें।
- शराब, चाय, काफी, कार्बोनेडसाफ्टड्रिंक आदि के उपयोग करने से बचें, क्योकि यह शरीर में निर्ज लींकरण करते है।

PR 323815 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D
सिविल सर्जन, लातेहार।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीएसटीई–एलएचएस–केडब्ल्यूएई–24–25, दिनांकः 12.04.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. एसडीएसटीई–एलएचएस–केडब्ल्यूएई–24–25 के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** शेड्यूल–ए–हावड़ा मंडल के एएमपी–केडब्ल्यूएई खंड के बीच किमी 33/13–14 पर एल.सी. गेट नं. 13/सी/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। शेड्यूल–बी–हावड़ा मंडल के केडब्ल्यूएई–एजेड खंड में केजीएलई–केएनएसएन के बीच किमी 157/41–43 पर एल.सी. गेट नं. 24/ए/9 के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। शेड्यूल–सी–हावड़ा मंडल के केडब्ल्यूएई–एजेड खंड में सीडब्ल्यूएलई–बीजेडएलई के बीच किमी 140/190(10–12) पर एल.सी. गेट नं. 24/1/3 के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। शेड्यूल–डी–हावड़ा मंडल के केडब्ल्यूएई–एजेड खंड में सीडब्ल्यूएलई–केएनएसएन के बीच किमी 145/804(36–38) पर एल.सी. गेट नं. 24/1/9 के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। शेड्यूल–ई–हावड़ा मंडल के एएमपी–केडब्ल्यूएई खंड के बीच किमी 22/18–23/1 पर एल.सी. गेट नं. 6/सी/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। शेड्यूल– एफ–हावड़ा मंडल के एएमपी–केडब्ल्यूएई खंड के बीच किमी 23/10–11 पर एल.सी. गेट न. 7/सी/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। शेड्यूल–जी–हावड़ा मंडल के केडब्ल्यूएई–एजेड खंड में केजीएलई–केएनएसएन के बीच किमी 155/121(5–7) पर एल.सी.गेट नं. 24/ए/5 के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,81,67,334.12, **बयाना राशिः** रु. 2,40,800/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **बोली प्रणालीः** एकल पैकेट। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 22.04.2024, **प्रस्ताव की वैधता :** 120 दिन। **समापन अवधिः** 18 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** 12.04.2024, 12.56 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 06.05.2024, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।
HWH-20/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाएं परिवार शुरू करने के अलावा भी कुछ आकांक्षाएं रखती: श्रुति चौधरी

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स का 'मेरा बलम थानेदार' नाबालिग दुल्हन बुलबुल (श्रुति चौधरी द्वारा अभिनीत) और पुलिस अधिकारी वीर (शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है, जहां वे अपने मतभेदों के बावजूद भरोसे की नींव रखने और अपने विवाहित जीवन की जटिलताओं से निपटने का प्रयास करते हैं। अपने किरदार के लिए प्यार बटोरते हुए, श्रुति चौधरी परंपरागत तरीकों से आगे बढ़ते हुए बुलबुल की भूमिका को जीवंत कर रही हैं। इस कहानी के अनुसार, बुलबुल को अपनी कुंडली में मौजूद दोष को ठीक करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। वह बताती हैं कि इस खास सीन को करते समय, उन्हें उस दर्द का एहसास हुआ जो महिलाओं को तब महसूस होता है जब उन्हें किसी भी समस्या के समाधान करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वह इन सीन्स को करते समय थोड़ी घबराई हुई थीं क्योंकि महिला होने के नाते वह इस बात को समझ सकती थी। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को अपने लिए खड़ा होना चाहिए और अपने अधिकारों के लिए बोलना चाहिए। बुलबुल की भूमिका निभाते हुए, श्रुति चौधरी कहती हैं, यह हकीकत काफी दुखद है कि महिलाओं से अक्सर शादी के तुरंत बाद 'मां' बनने की उम्मीद की जाती है। मेरा मानना है कि परिवारों को यह समझना चाहिए कि महिलाएं परिवार शुरू करने के अलावा भी कुछ आकांक्षाएं रखती हैं, और उन्हें इसका सम्मान करना चाहिए। शो में यह किरदार निभाते हुए, मैं उस दबाव को समझ सकी जिसका सामना महिलाओं को बच्चा पैदा करने से संबंधित बातों को लेकर करना पड़ता है। जबकि बच्चे निस्संदेह एक वरदान हैं, लेकिन जीवन के ऐसे महत्वपूर्ण हिस्से के लिए सही समय चुनना भी उतना ही ज़रूरी है। बुलबुल का किरदार निभाकर मुझे अविश्वसनीय रूप से संतोष मिला है, क्योंकि इससे मुझे महिलाओं को अपना रास्ता बनाने और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने हेतु सशक्त बनाने की सहूलियत मिली है।

### हृदय वाल्व का रिप्लेसमेंट एक मुश्किल प्रक्रिया, मिनिमली इन्वेज़िव विकल्पों ने बनाया आसान : युगल किशोर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हृदय वाल्व का रिप्लेसमेंट एक मुश्किल प्रक्रिया है, लेकिन मेडिकल टेक्नोलॉजी में हुई प्रगति द्वारा टीएवीआई (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन) जैसे मिनिमली इन्वेज़िव विकल्पों ने इस प्रक्रिया को आसान बना दिया है। टीएवीआई को टीएवीआर (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) भी कहा जाता है। इस प्रक्रिया में एक रोगग्रस्त हृदय वाल्व को निकालकर उसकी जगह एक नया मानव निर्मित वाल्व लगा दिया जाता है। यह इनोवेटिव दृष्टिकोण एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित लोगों के इलाज में काफ़ी कारगर है। एओर्टिक स्टेनोसिस में एओर्टिक वाल्व कठोर हो जाता है और हृदय को वाल्व के छोटे से छेद से खून को पंप करना मुश्किल हो जाता है। पारंपरिक रूप से वाल्व के रिप्लेसमेंट के लिए ओपन-हार्ट सर्जरी करनी पड़ती थी, जिसे सर्जिकल एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन कहा जाता है। लेकिन टीएवीआई की मदद से एक कम इन्वेज़िव विकल्प मिला है, क्योंकि इस प्रक्रिया में एक छोटा सा चीरा लगाया जाता है, और छाती की सभी हड्डियाँ अपनी जगह पर सुरक्षित रहती हैं। इसलिए इस प्रक्रिया में कम समय में स्वास्थ्य लाभ मिलता है और जटिलताओं का जोखिम कम हो जाता है। युगल किशोर मिश्रा, चीफ ऑफ क्लिनिकल सर्विसेज, हेड ऑफ कार्डियेक साइंसेज़ और चीफ कार्डियो वैस्कुलर सर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका ने टीएवीआई के बारे में 5 महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। हर प्रक्रिया में कुछ जोखिम होता है। टीएवीआई की प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद होने वाली जटिलताओं पर खुलकर बात होनी चाहिए। नए वाल्व से रक्तस्राव, संक्रमण, स्ट्रोक या खून का रिसाव हो सकता है। टीएवीआई प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद क्या-क्या समस्याएं होने की संभावना है, इसके बारे में मरीजों को अपने डॉक्टर से खुलकर बात करनी चाहिए। मरीजों को स्वस्थ होने में अलग-अलग समय लग सकता है, लेकिन टीएवीआर में ओपन-हार्ट सर्जरी के मुकाबले अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है।

## रोकेंगे अवैध मिट्टी खनन

# सेना के रिटायर जवानों को बड़ी जिम्मेदारी देगी यीडा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विकसित होने वाले सेक्टरों में भूमाफिया की नजर है। यहां अवैध मिट्टी खनन तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्राधिकरण ने इसकी रोकथाम के लिए नया प्लान तैयार किया हैं। यमुना सिटी के छह सेक्टरों में अवैध मिट्टी खनन समेत अतिक्रमण रोकने के लिए रिटायर्ड फौजी की तैनाती की गई है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा अवैध मिट्टी खनन और अतिक्रमण समेत अन्य समस्याएं सेक्टर-28, 29, 32, 33, 22डी और 22सी से आ रही है। यह सभी सेक्टर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बेहद नजदीक है। सितंबर में एयरपोर्ट पर उड़ान शुरू हो जाएगी, ऐसे में इसके आसपास जमीन की मांग काफी बढ़ गई है।

वहीं मौका देखते ही भू माफिया भी यमुना क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। यमुना प्राधिकरण ने एजेंसी के माध्यम से रिटायर्ड फौजियों की नियुक्तियां की है। इनकी ड्यूटी अब अधिसूचित क्षेत्र में लगा दी गई है। फौजी बतौर सुरक्षाकर्मी अधिसूचित क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखेंगे। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि होने पर



प्राधिकरण को खबर देंगे। इसके बाद प्राधिकरण अधिकारी मामला का संज्ञान लेते हुए पुलिस की मदद से कार्रवाई कराएंगे। इन सभी सेक्टरों में 10-10 रिटायर्ड फौजी तैनात किए जाएंगे। इन्हें चौकसी के लिए अलग-अलग प्वाइंट दिए जाएंगे। हर कोई अपने प्वाइंट पर खड़े होकर व गश्त लगाकर रखवाली करेगा। इसके लिए उन्हें मानदेय भी मिलेगा। यमुना प्राधिकरण ने बीते दो वर्षों में अधिसूचित क्षेत्र की करीब 434 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1867 करोड़ रुपए है। वहीं, प्राधिकरण ने विभिन्न थानों में 138 भू माफिया के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। अबतक 582 वादों में से 347 वादों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर विकास कार्यों को गति दी जा चुकी है। बता दें कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र छह जिलों तक फैला हैं। इनमें गौतमबुद्धनगर के अलावा बुलंदशहर, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा व आगरा शामिल है। इन इलाकों में कई नई योजनाएं आ रही हैं। यह सभी हथियारबंद भी होंगे। किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए सेक्टरों में हथियार बंद रिटायर्ड फौजियों की तैनाती की गई है। इनके पास यमुना प्राधिकरण की गाड़ियां भी रहेगी। यह गश्त लगाकर सेक्टरों की सीमाओं की रखवाली करेंगे।

## जोधपुर लोकसभा सीट पर अशोक गहलोत का रहा दबदबा, 5 बार दर्ज की जीत

**जोधपुर , एजेंसी।**
राजस्थान के जोधपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा है। इस सीट से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सर्वाधिक पांच बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। जोधपुर अशोक गहलोत का गृह नगर है। यहां अब तक हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने सर्वाधिक आठ बार जीत दर्ज की जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों ने पांच बार चुनाव जीता है।

पिछले दो चुनावों में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने चुनाव जीता है। वह इस बार जीत की तिकड़ी बनाने के लिए फिर चुनाव मैदान में हैं। इस बार गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उचियाड़ा से है, जबकि पिछले चुनाव में उन्होंने अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को करीब पौने तीन लाख मतों से चुनाव हराकर दूसरी बार संसद पहुंचे। इस बार वैभव गहलोत को जोधपुर से टिकट नहीं देकर उन्हें जालोर-सिरोही लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया जा



रहा है। इस साल हो रहे चुनावों में गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर ही चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उचियाड़ा प्रदेश की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की उपलब्धियों और कांग्रेस की नई पांच गारंटियो के साथ एक बार सेवा का मौका देने का लोगों से आग्रह कर रहे हैं। इस बार चुनाव में इन दो उम्मीदवारों के साथ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मंजू मेघवाल और अन्य दलों, निर्दलीयों सहित कुल पन्द्रह उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। जोधपुर जिले की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा का कब्जा है, वहीं एकमात्र सरदापुरा सीट पर कांग्रेस के अशोक गहलोत ने जीत दर्ज की थी। सांसद चुने गए थे। इसके बाद वह साल 1957 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। साल 1962 के चुनाव में भी यहां से निर्दलीय प्रत्याशी ने बाजी मारी और लक्ष्मीमल सिंघवी सांसद चुने गए। इसके बाद साल 1967 में कांग्रेस के नरेंद्र कुमार तो 1971 में फिर निर्दलीय उम्मीदवार कृष्णा कुमारी ने जीत दर्ज की। 1977 के चुनाव में यहां से जनता पार्टी के टिकट पर रणछोड़ दास गट्टानी सांसद चुने गए।

## एकनाथ शिंदे का गढ़ मांग रही है भाजपा, महाराष्ट्र में 9 सीटों पर फंसा पेंच

**मुंबई, एजेंसी।**
भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी महायुति अब तक सीट बंटवारा नहीं कर सकी है। खास बात है कि महाराष्ट्र में चुनावी दौर शुरू होने में महज 5 दिनों का ही समय रह गया है। कहा जा रहा है कि तीनों दलों के बीच 9 सीटों पर पेच फंसा हुआ है। इधर, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी की खबर है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि महायुति रत्नागिरी-सिंधुदुर्गी, सतारा, औरंगाबाद, नाशिक, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर दक्षिण को लेकर सहमति नहीं बना पा रही है। अब रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और सतारा में 7 मई को मतदान होना है, औरंगाबाद में 13 मई और अन्य सीटों पर 20 मई को वोटिंग होगी।

कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर हो रही बातचीत अब तक गठबंधन के लिए सकारात्मक रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी सीटों की संख्या 15 से घटकर 9 रह गई है। महाराष्ट्र के



उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी कुछ सीट शेयरिंग में बातचीत को स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, तीन या चार सीटों पर चर्चाएं हैं। हम बातचीत करेंगे और समाधान निकालेंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार भी ऐसी ही प्रतिक्रिया देते नजर आए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, जानकार बताते हैं कि भाजपा ठाणे पर दावा पेश कर रही है। जबकि, शिवसेना शिंदे की पहचान जुड़े होने के चलते इसे हाथ से नहीं जाने देना चाहती। कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर बातचीत की शुरुआत में ही भाजपा ने शिवसेना से ठाणे या कल्याण चुनने के लिए कहा था। कल्याण से शिंदे के बेटे श्रीकांत सांसद हैं।

खबर है कि मुंबई दक्षिण सीट से भाजपा स्पीकर राहुल नार्वेकर को उतारना चाहती है। जबकि, शिवसेना आरोप लगा रही है कि गठबंधन की साथी इस सीट पर दावा पेश कर उद्धव ठाकरे कैंप को फायदा पहुंचा रहे हैं।

### बांग्लादेश से आकर दिल्ली एनसीआर में डकैती और लूट का मामला

## मिराज से मुगलशेर तक; दिल्ली में आतंक बन गए बदमाश!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेश से आकर दिल्ली-एनसीआर में डकैती और लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों की पहचान की है। खास बात यह है कि इन्होंने अपना अलग-अलग गिरोह बना रखा है। वारदात को अंजाम देने के बाद हर बार गिरोह के गुर्गे बदल देते हैं, ताकि पुलिस इन तक न पहुंच सके। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए डोजियर (आपराधिक रिकॉर्ड) अपडेट किया है। इनको पकड़ने के लिए पड़ोसी जनपद के साथ मिलकर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। इसमें से कुछ सलाखों के पीछे हैं, जबकि कुछ की तलाश है। धर-पकड़ के इस क्रम में पुलिस ने दो लाख के ईनामी बदमाश मोहम्मद मिराज को दबोचा है। जांच में सामने आया है कि आरोपी नए चेहरों के साथ गिरोह बनाते हैं। ज्यादातर सरगना किसी से संपर्क करने के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते। जांच में यह भी पता चला है कि लूट या डकैती के दौरान पुलिस को गुमराह करने के लिए मोबाइल फोन चुराकर उसे किसी लंबी रूट की ट्रेन या बस में रख देते हैं, ताकि पुलिस को लगे कि वे किसी खास जगह की ओर भाग रहे हैं। कुख्यात बदमाशों और संगठित अपराधियों की जांच में जुटी टीम का कहना है कि इन लोगों ने अपराध की कमाई से जो भी संपत्ति अर्जित की है। पुलिस उनकी पहचान कर कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। ? मोहम्मद मिराज ने दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई शहरों में करीब 50 छोटी-बड़ी वारदात को अपने गुर्गों के साथ मिलकर अंजाम दिया है। बदमाश पर दो लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। 15 मार्च, 2024 को मुठभेड़ के बाद इसको पकड़ा गया। मुगलशेर ने भी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों समेत उत्तर भारत के कई शहरों में करीब 40 वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने 15 सितंबर, 2022 को उसे गिरफ्तार किया था। बांग्लादेशी गिरोह के मास्टरमाइंड खैरुल को पुलिस ने 06 मार्च, 2021 को पकड़ा था। वह 1997 से वारदात को अंजाम देता आ रहा था। उसका गिरोह दिल्ली-एनसीआर में 19 वारदातों को अंजाम दे चुका है। रुस्तम उर्फ सुहाग को पुलिस ने 25 अक्तूबर, 2020 में दबोचा था। इसके गिरोह के सदस्य दिल्ली-एनसीआर के अलावा गोवा में भी करीब दो दर्जन अधिक वारदात को अंजाम दे चुका हैं। फारुख उर्फ असलम भी गिरोह का सरगना है। इसके गुर्गे दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, बल्कि कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और गोवा में भी सक्रिय था।

### दिल्ली-एनसीआर में बांग्लादेशी बदमाश का खौफ

दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेश से आकर दिल्ली-एनसीआर में डकैती और लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों की पहचान की है। खास बात यह है कि इन्होंने अपना अलग-अलग गिरोह बना रखा है। वारदात को अंजाम देने के बाद हर बार गिरोह के गुर्गे बदल देते हैं, ताकि पुलिस इन तक न पहुंच सके। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए डोजियर (आपराधिक रिकॉर्ड) अपडेट किया है। इनको पकड़ने के लिए पड़ोसी जनपद के साथ मिलकर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। इसमें से कुछ सलाखों के पीछे हैं, जबकि कुछ की तलाश है। धर-पकड़ के इस क्रम में पुलिस ने दो लाख के ईनामी बदमाश मोहम्मद मिराज को दबोचा है। जांच में सामने आया है कि आरोपी नए चेहरों के साथ गिरोह बनाते हैं। ज्यादातर सरगना किसी से संपर्क करने के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते।

## योगेंद्र चंडोलिया के खिलाफ उदित राज, कांग्रेस ने चला बड़ा दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर इस बार दिलचस्प मुकाबला माना जा रहा है। दिल्ली की अहम मानी जाने वाली उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व सांसद उदित राज को मैदान में उतारा है। उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से इस बार बीजेपी ने हंसराज हंस का टिकट काट दिया है। इस सीट पर बीजेपी ने दलित चेहरे और करोलबाग के रैगरपुरा निवासी योगेंद्र चंदोलिया को अपना उम्मीदवार बनाया है। अब कांग्रेस ने इस सुरक्षित सीट से उदित राज को टिकट थमा कर इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है।



आपको बता दें कि उदित राज के अलावा कांग्रेस ने दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से जेपी अग्रवाल को मैदान में उतारा है। इस सीट से बीजेपी ने प्रवीण खंडेलवाल को मैदान में उतारा है। पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को मैदान में उतारा है और इस सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी पर बीजेपी ने फिर से भरोसा जाता है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस ने उदित राज को दिल्ली की अहम सीट से टिकट थमा बड़ा दांव चला है। दिल्ली की उत्तर पश्चिमी संसदीय सीट से उदित राज सांसद रह चुके हैं। उदित राज बड़े दलित नेता माने जाते हैं। साल 2019 में उदित राज को बीजेपी ने लोकसभा का टिकट नहीं दिया। जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी पहली बार गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सीट शेयरिंग फॉर्मूले के तहत चुनाव लड़ रहे हैं। इस फॉर्मूले के तहत कांग्रेस को तीन और आम आदमी पार्टी को चार सीटें मिली हैं। दिल्ली में छठे चरण के तहत 25 मई को छठे चरण के तहत मदान होना है।

## सावधान! सूचना पर भी प्रदूषण जांच न कराई तो 3 घंटे बाद आ जाएगा ई-चालान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में वाहनों की प्रदूषण जांच न कराने वालों को अब कैमरे के माध्यम से ई-चालान भेजा जाएगा। दिल्ली परिवहन विभाग ने चार पेट्रोल पंप पर ट्रायल सफल होने के बाद इस योजना को विस्तार देने पर काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में दिल्ली में कुल 100 पेट्रोल पंप पर कैमरे लगाए जाएंगे। पेट्रोल पंप पर आने वाले वाहन के नंबर से पता चल जाएगा के वाहन की प्रदूषण जांच हुई है या नहीं। जांच नहीं होने पर वाहन के मालिक को तीन घंटे का समय दिया जाएगा। तय समय में जांच न कराने पर ई-चालान जारी कर दिया जाएगा।

परिवहन विभाग ने सितंबर में मॉडल टाउन, गुलाबी बाग और यमुना विहार के चार पेट्रोल पंप पर कैमरे से जांच शुरू की थी। इस दौरान करीब 20 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई। जांच में सामने आया कि पेट्रोल पंप पर आने वाले 16 फीसदी वाहनों का प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र वैध




नहीं था। हालांकि, अभी ऐसे वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। ट्रायल सफल होने के बाद परिवहन विभाग 100 पेट्रोल पंप पर इसकी शुरुआत करके ई-चालान की तैयारी कर रहा है। विभाग की ओर से कैमरे लगाने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। पेट्रोल पंप पर कैमरे लगाने के साथ डिजिटल स्क्रीन भी लगाई जाएगी। इस पर वाहन की नंबर प्लेट को रीड करने के बाद उस वाहन के प्रदूषण जांच की पूरी जानकारी दिखाई देगी। अगर रेड है तो पीयूसी वैध नहीं है और ग्रीन है तो वह वैध है। वाहन का प्रमाणपत्र वैध नहीं है तो पेट्रोल कर्मचारी या वहां बना प्रदूषण जांच केंद्र का कर्मी जांच कराने के लिए कहेगा। इसके बाद भी वाहन चालक जांच नहीं कराता है तो अगले तीन घंटे बाद उसका ई-चालान जारी हो जाएगा। वाहन की नंबर प्लेट रीड करने के लिए पेट्रोल पंप के प्रवेश द्वार पर कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे को परिवहन विभाग के वाहन सर्वर के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे वह वाहन के नंबर से पूरी जानकारी जांच सके। सर्वर पर वाहनों की पूरी जानकारी उपलब्ध होती है। अगर वाहन का प्रदूषण जांच वैध नहीं है तो पेट्रोल पंप पर लगी डिजिटल स्क्रीन पर तुरंत पता चल जाएगा। उसकी जानकारी वाहन चालक को दी जाएगी। इसके लिए पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, दिल्ली में स्टॉप लाइन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई जारी है। वर्ष 2023 में एक जनवरी से 31 मार्च तक 1,05,317 चालान किए गए थे।

## ताजा ओपिनियन पोल में खुलासा-राजस्थान में कांग्रेस को झटका, 25 सीटों पर जीत रही भाजपा

**जयपुर, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर ताजा सर्वे सामने आया है। इसमें राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों को लेकर भी सर्वे का रिजल्ट जारी हुआ है। ताजा सर्वे के मुताबिक राजस्थान में एकबार फिर से भगवा दल क्लीन स्वीप करता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ताजा सर्वे कांग्रेस के लिए झटके जैसा है। कांग्रेस राजस्थान में वोट प्रतिशत के मामले में भी भाजपा से काफी पीछड़ गई है। आइये जानते हैं ताजा सर्वे के नतीजे। एबीपी-सी वोटर द्वारा किए गए ताजा सर्वे में राजस्थान की सभी 25 सीटों पर भाजपा की जीत की संभावना बताई जा रही है। ऐसे में यह कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। ताजा सर्वे में कांग्रेस वोट प्रतिशत के मामले में भी काफी पीछे रह गई है। भाजपा जहां राज्य की 25 लोकसभा सीटों पर क्लीन स्वीप करती हुई दिख रही वहीं, वोट प्रतिशत के मामले में भी कांग्रेस को झटका लगा है। एबीपी सी-वोटर सर्वे के अनुसार, राजस्थान में भाजपा को 55 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना जताई गई है, वहीं कांग्रेस को 39 प्रतिशत वोट मिलता हुआ दिखाई दे रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बेरोजगारी- 'इंडिया एंप्लायमेंट रिपोर्ट 2024' ने बढ़ाई चिंता

अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर के बीच अगर बेरोजगारी के आंकड़े में युवाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक स्तर तक दिखाई देने लगे तो सोचने की जरूरत है कि विकास के रास्ते में इस मसले का क्या हल है! हालांकि हाल के वर्षों में युवाओं की संख्या और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया गया और उन्हें विकास का वाहक बताया गया है, लेकिन अब अगर युवाओं का ज्यादातर हिस्सा बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहा है तो उसे कैसे देखा जाएगागुरुवार 04 अप्रैल 2०24 गौरतलब है कि मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने मंगलवार को 'इंडिया एंप्लायमेंट रपट 2024' जारी की है। इस रपट में बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा हो रहा हैगुरुवार 04 अप्रैल 2०24भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर तैयार इस अहम रपट में कुछ विरोधाभासों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बढ़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो। इस आलम एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं।

### राजनीति में पारदर्शिता

राजनीतिक दलों को चुनाव के लिए मिलने वाले चंदे पर आयकर नहीं चुकाना होता, मगर आयकर नियमों के मुताबिक उन्हें उसका पारदर्शी तरीके से हिसाब देना जरूरी होता है। ज्यादातर पार्टियां इस मामले में लापरवाही बरतती या जानबूझ कर हिसाब देने से बचती देखी जाती हैं। अब आयकर विभाग ने कांग्रेस के पुराने हिसाब-किताब में खामियां निकाल कर उस पर भारी जुर्माने का नोटिस भेजा है, तो राजनीति शुरू हो गई है। पहले ही कई वर्षों के चंदे का ब्योरा समय पर और ठीक-ठीक न देने की वजह से आयकर विभाग कांग्रेस के सारे बैंक खाते अपने कब्जे में ले चुका है। उसे कांग्रेस ने अदालत में चुनौती दी कि जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तब आयकर विभाग ने उसका सारा पैसा जब्त कर लिया है। अब आयकर विभाग ने अलग-अलग वर्षों के आय-व्यय का ठीक-ठीक ब्योरा न दिए जाने पर उसे 1823.08 करोड़ रुपए जुर्माने का नोटिस भेज दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पर भी ऐसी ही अनियमितता के आरोप में ग्यारह करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। चूंकि आमचुनाव की रणभेरी बज चुकी है और कांग्रेस खाली हाथ हो गई है, इसलिए उसकी नाराजगी स्वाभाविक है। उसने भाजपा के चंदे का हिसाब-किताब निकाल कर दिखाया है कि उसने भी आयकर विभाग को उचित हिसाब नहीं बताया। उसके अनुसार भाजपा पर भी चार हजार छह सौ करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। यह ठीक है कि सभी राजनीतिक दलों को अपने चंदे का नियम के मुताबिक हिसाब देना चाहिए, लेकिन आयकर विभाग ने ऐसी गड़बड़ियों पर कार्रवाई का जो समय और तरीका चुना है, वह सवालों से परे नहीं माना जा सकता। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि अगर कांग्रेस ने कई वर्ष पहले अपने चंदे का सही और समय पर हिसाब-किताब नहीं दिया था, तो उसकी यह गड़बड़ी ऐन चुनाव के वक्त ही क्यों नजर आई। फिर, क्या आयकर विभाग जो कार्रवाई अभी कर रहा है, वह थोड़ा रुक कर नहीं कर सकता था। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि कहीं यह कांग्रेस और भाकपा को चुनाव से बाहर करने का हथकंडा तो नहीं। की जा रही है।

## बिजली की कमी दूर करने का ग्रेट प्लान, क्या है फास्ट ब्रीडर रिएक्टर

(रंजीत कुमार)

परमाणु बिजली के क्षेत्र में भारत जल्द ही एक लंबी छलांग लगाने वाला है। माना जा रहा है कि इससे कुछ दशकों के अंदर भारत के परमाणु बिजली घरों से इतनी बिजली पैदा होने लगेगी कि वह कई सौ सालों तक अपनी संपूर्ण आबादी और कल-कारखानों की बिजली जरूरतें पूरी कर सकेगा।

**प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर :** चेन्नै के पास कलपक्कम स्थित इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च में पिछले करीब तीन दशकों से बन रहा 500 मेगावॉट का फास्ट ब्रीडर रिएक्टर अब शुरू होने की स्थिति में आ गया है। मार्च की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एक अहम कदम उठाया गया जब रिएक्टर यानी परमाणु बिजली भट्ठी में ईंधन के तौर पर प्लूटोनियम- यूरेनियम को भरना शुरू किया गया। यह फास्ट ब्रीडर रिएक्टर नमूने के तौर पर बनाया गया है। इसलिए इसे प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर कहा जाता है। इसके सफल होने के बाद ऐसे कई और फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बनाए जाएंगे।

**भारत दूसरा देश :** वैसे तो भारत में परमाणु बिजली पैदा करने के लिए कई रिएक्टर चल रहे हैं, लेकिन फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की खासियत यह है कि इसमें जितना परमाणु ईंधन डाला जाएगा, उससे कहीं अधिक ईंधन रिएक्टर में पैदा हो जाएगा। इसलिए इसे ब्रीडर रिएक्टर कहा जाता है। ऐसा रिएक्टर अब तक केवल रूस में बना है। भारत ब्रीडर रिएक्टर बनाने वाला दूसरा देश होगा। परमाणु ईंधनों के दोबारा इस्तेमाल होते रहने से कचरा जमा नहीं होगा, जिससे इसके भंडारण की समस्या भी नहीं रहेगी।

**बड़ी बात :** फास्ट ब्रीडर रिएक्टर शुरू होने से भारत का तीन चरणों वाला परमाणु बिजली कार्यक्रम दूसरे चरण के एक अहम मुकाम पर पहुंच जाएगा। पहले चरण के परमाणु बिजली घरों में यूरेनियम से बिजली पैदा की जा रही है। दूसरे चरण के फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों से पैदा ईंधन को तीसरे चरण वाले परमाणु रिएक्टरों में इस्तेमाल किया जाएगा, जिसमें ईंधन के तौर पर थोरियम का मिश्रण किया जाएगा।

> *उम्मीद है कि जिस धैर्य के साथ भारत पांच दशक तक तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाता रहा उसी धैर्य के साथ तीसरे चरण वाले थोरियम आधारित रिएक्टरों के निर्माण पर वैज्ञानिक व इंजीनियरी काम जारी रखेगा। यदि यह मुमकिन हुआ तो सदी के ष्उत्तरार्द्ध तक देश अपनी समस्त जरूरतों के अनुरूप परमाणु बिजली पैदा करने की स्थिति में आ जाएगा। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।*

**थोरियम का भंडार :** भारत के समुद्र तटों पर मोनाजाइट के रूप में थोरियम इतनी मात्रा में उपलब्ध है कि इसके इस्तेमाल से भारत में असीमित परमाणु बिजली पैदा की जा सकती है। भारत और विकसित देशों में फिलहाल यूरेनियम से परमाणु बिजली पैदा की जाती है लेकिन भारत में इतना यूरेनियम नहीं है कि बड़े पैमाने पर यूरेनियम आधारित परमाणु बिजली घर खोले जाएं।

**पश्चिमी देशों ने हाथ खींचे :** इसी वजह से भारत के महान परमाणु वैज्ञानिक डॉ. होमी भाभा ने 1958 में तीन चरणों वाले परमाणु बिजली कार्यक्रम का प्रस्ताव किया था, जिसे लागू करने की मंजूरी तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दी थी। पहले चरण के परमाणु बिजली कार्यक्रम को लागू करने के लिए अमेरिका और कनाडा जैसे देशों से भरपूर सहयोग मिल रहा था, लेकिन 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षणों के बाद इन देशों ने हाथ खींच लिए। पश्चिमी देशों ने तब भारत पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए, जिससे उसका परमाणु कार्यक्रम बुरी तरह प्रभावित हुआ। लेकिन 2008 में अमेरिका से परमाणु सहयोग समझौते के बाद अब भारत एक बार फिर दुनिया की परमाणु मुख्यधारा में शामिल हो चुका है।

**धीमा हुआ परमाणु कार्यक्रम :** पहले चरण के परमाणु कार्यक्रम में हेवी वॉटर आधारित रिएक्टरों का निर्माण किया गया। इनमें ईंधन के रूप में प्राकृतिक यूरेनियम का इस्तेमाल किया जाता है। इससे प्लूटोनियम पैदा होता है, जिसका इस्तेमाल परमाणु बम बनाने में भी किया जाता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की इस पर करीबी नजर होती है। चूंकि भारत का इरादा दूसरे चरण में बनने वाले फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों में पहले चरण के परमाणु बिजलीघरों से निकले प्लूटोनियम का इस्तेमाल करने का था, इसलिए भारत का दूसरे चरण का परमाणु कार्यक्रम धीमा हो गया था।

**ईंधन की कमी दूर होगी :** फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों में डाला जाने वाला ईंधन इसी प्लूटोनियम को प्राकृतिक यूरेनियम से मिश्रित कर बनाया जाता है। इस प्राकृतिक यूरेनियम में 0.7 प्रतिशत यूरेनियम-235, 99.3प्रतिशत यूरेनियम-238 और यूरेनियम-234 का कुछ अंश होता है। यह ईंधन और अधिक प्लूटोनियम-239 पैदा करता है। एक बार जब प्लूटोनियम-239 का समुचित भंडार जमा हो जाएगा तब इसी प्लूटोनियम को तीसरे चरण के परमाणु बिजलीघरों में थोरियम-232 के साथ मिला दिया जाएगा। इससे और अधिक प्लूटोनियम-239 और यूरेनियम-233 पैदा होगा। इस तरह इस ईंधन चक्र में थोरियम-232 से और अधिक यूरेनियम-233 पैदा होने लगता है जिसका इस्तेमाल आगे के रिएक्टरों में ईंधन के तौर पर किया जा सकता है।

**लघु कामिनी रिएक्टर :** प्रयोग के तौर पर भारत ने 40 मेगावॉट का फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर 1985 में ही बना लिया था। लेकिन 500 मेगावॉट के स्तर पर पहली बार प्रोटोटाइप रिएक्टर का निर्माण किया गया है। तीसरे चरण के थोरियम रिएक्टर के लिए 30 किलोवॉट क्षमता वाला लघु कामिनी रिएक्टर भी कलपक्कम में दशकों से चल रहा है। इसी के आधार पर तीसरे चरण का थोरियम रिएक्टर डिजाइन किया जा रहा है।

**मील का पत्थर :** तीन चरणों वाले परमाणु बिजली कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण के फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में परमाणु ईंधन का डालना भारतीय परमाणु बिजली कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर साबित होगा। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के डिजाइन का सभी मानकों पर परीक्षण होगा। इस आधार पर और फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बनाए जाएंगे, जिसमें पैदा होने वाले ईंधन का इस्तेमाल तीसरे चरण वाले थोरियम रिएक्टरों में किया जाएगा। चूंकि देश में थोरियम का असीमित भंडार है, इसलिए थोरियम आधारित रिएक्टरों से संपूर्ण देश की घरेलू और औद्योगिक बिजली की जरूरतें पूरी की जा सकती हैं।उम्मीद है कि जिस धैर्य के साथ भारत पांच दशक तक तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाता रहा उसी धैर्य के साथ तीसरे चरण वाले थोरियम आधारित रिएक्टरों के निर्माण पर वैज्ञानिक व इंजीनियरी काम जारी रखेगा। यदि यह मुमकिन हुआ तो सदी के ष्उत्तरार्द्ध तक देश अपनी समस्त जरूरतों के अनुरूप परमाणु बिजली पैदा करने की स्थिति में आ जाएगा।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## पानी को तरसता बढ़ते अरबपतियों का देश

(अक्षय शुक्ला)

अखबारों में अगल-बगल छपी दो खबरें देश की दो अलग-अलग तस्वीरें पेश कर रही थीं। एक थी मुंबई में बढ़ते अमीरों की और दूसरी बेंगलुरू समेत दक्षिण भारत के राज्यों में गहराते जल संकट की। पहले बात करते हैं रईसों की बढ़ती संख्या की। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल भारत में 94 नए अरबपति बने। इसके बाद अब देश में अरबपतियों की संख्या 271 हो गई है। इन सबकी संपत्ति मिलाकर एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। देश में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। यहां के 92 अरबपतियों में 26 तो मात्र एक साल के अंदर बढ़ गए। यहां अमीरों की संख्या में इतनी तेज़ी से इज़ाफा हुआ है कि मुंबई दुनिया में तीसरे और एशिया में पहले नंबर की बिलियनेयर्स कैपिटल बन गई है। इसने बीजिंग को भी पछाड़ दिया है, जहां दो साल पहले तक दुनिया के सबसे अधिक रईस बसते थे। अरबपतियों की राजधानी की लिस्ट में दिल्ली भी पहली बार टॉप टेन में आ गई है। क्या विडंबना है कि एक तरफ देश में सुपर रिच बढ़ते जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ दक्षिण का एक बड़ा हिस्सा पानी के लिए तरस रहा है। खासकर बेंगलुरू, जो दो साल पहले बाढ़ में डूब गया था, अब सूखे की मार झेल रहा है। करीब डेढ़ करोड़ की आबादी वाले देश के आईटी हब में चार दशक का सबसे भीषण जल संकट छाया हुआ है। नलों में पानी नहीं आ रहा। बहुमंज़िला इमारतों में रहने वाले लोग टैंकरों से पानी भरकर ऊपर ले जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से पानी के सीमित इस्तेमाल की अपील की है। ऐसा न करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। मॉनसून में अभी दो महीने बाकी हैं। मार्च में ही यह हाल है तो अगले दो महीनों में हालत क्या हो जाएगी? झीलों का शहर कहलाने वाले बेंगलुरू का आखिर यह हाल कैसे हो गया? दरअसल, 70 के दशक तक यहां ढाई सौ से अधिक छोटी-बड़ी झीलें थीं, जिनमें से अब सौ से भी कम बची हैं, वो भी बुरी स्थिति में। दुनिया की टॉप टेक कंपनियों और अल्ट्रा रिच का ठिकाना बन चुके इस शहर के बेतरतीब विस्तार से यहां के सैकड़ों जलाशय सूख चुके हैं, भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। यह हाल सिर्फ बेंगलुरू का ही नहीं, दक्षिण भारत के कई शहरों का हो गया है। देश के डेढ़ सौ प्रमुख जलाशयों के स्टोरेज स्टेटस पर केंद्रीय जल आयोग का डेटा देखने पर पता चलता है कि दक्षिण भारत में जल स्तर दस साल के औसत से 29 फीसदी कम हो गया है। आंध्र प्रदेश के जलाशयों में तो दस साल के औसत से करीब 67 फीसदी कम पानी हो गया है। कितने अचरज की बात है कि अत्याधुनिक तकनीक के इस दौर में भी देश का बड़ा हिस्सा पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहा है, जबकि जल संचय की इतनी समृद्ध विरासत हमें अपने पूर्वजों से मिली हुई है। चार-पांच सौ साल पहले, जब देश की आबादी पूरी तरह बरसात के पानी पर ही निर्भर थी, उस दौर में भी हम साल भर के पानी का इंतज़ाम कर लेते थे। राजस्थान, गुजरात जैसे भीषण गर्मी वाले सूखाग्रस्त इलाकों में बनीं हज़ारों बावड़ियां, कुएं और जलाशय इसके जीते जागते उदाहरण हैं। आज इनमें से अधिकांश जलाशय सूख गए या प्रदूषित हो चुके हैं। इन पर अतिक्रमण कर ऊंची इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। बचा भूजल, तो ज़मीन का सीना चीरकर उसे भी हमने निचोड़ लिया है। हमारे योजनाकारों ने भविष्य की यह कैसी प्लानिंग की है? मतदान की तारीख नज़दीक ही है। लोकलुभावन वादे और विकास के दावे करने वाले नेता जल्द ही आपके दर पर दस्तक देने वाले हैं। जब ये वोट मांगने आएं तो इनसे ज़रूर पूछें कि आज़ादी के 75 वर्ष बाद भी आम जनता पानी के लिए क्यों तरस रही है? ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी। इस वक्त आपकी दूरदर्शिता से आपको लाभ होगा। आजीविका के क्षेत्र में आपके अनुभव को दूसरे लोग भी भांपने लगे हैं। किसी मामले में आपको परिवार के लोगों से लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृष
आज का दिन काफी अनुकूल है और आज आपको कठोर परिश्रम करना पड़ेगा। आपको मेहनत का फल मीठा मिलेगा। आज आपके जरूरी काम में बाधाएं आ सकती हैं। एक दो दिन बाद हालात सुधरेंगे। आपके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कुछ कर गुजरने के लिए वे सभी हुनर काफी हैं जिनकी आपको जानकारी है। रही बात फायदे की वह भी अपने समय पर होगा।

### कर्क
आज धन सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज आपके भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपको रुका हुआ पैसा कहीं से मिल सकता है। आज आपको कठिन मामलों में राहत मिलेगी। आज कोई एक उपयोगी व्यक्ति आपके जीवन में आकर सब कुछ सही करने का प्रयास करेगा। जहां तक हो सके आपको उसके साथ मिलकर हर काम करना चाहिए।

### सिंह
आज का दिन कार्य सफलता से भरा होगा और परिवार का कोई सदस्य आकर आपकी मदद कर सकता है। अपने मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आपको अपनी छवि को बेहतर करने के बारे में सोचना चाहिए।

### मिथुन
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको रुका पैसा हाथ लग सकता है। यदि आप किसी करियर से संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं तो उसके लिए सभी पक्ष विपक्ष का विचार कर लें। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य पूर्ण होंगे।

### कन्या
आज का दिन धन सम्मान से भरा होगा और आपके कार्य सफल होंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। चलते फिरते समय कुछ सावधानी जरूरी है। महत्वपूर्ण सामान की रक्षा करनी होगी।

### तुला
आज लाभ होगा और आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा और इसके चलते आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होगा और तनाव में कमी आएगी। यदि आपका धन किसी योजना या सही निवेश पर खर्च हो रहा है तो बेहतर है वरना फिलहाल आप धन को वहीं सुरक्षित रखें जहां पर वह है। निवेश में आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन सफलता से भरा होगा और कार्ययोजनाएं पूर्ण होंगी। आपके घर में कोई सदस्य विवाह के योग्य है तो उसके विवाह के योग बन रहे हैं। आप अपने घर में मेहमानों के लिए आदर सत्कार की तैयारी कर रहे हैं। साज सज्जा तथा साफ सफाई का भी ध्यान रखना होगा।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कार्य सफल होंगे। नौकरी और कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए आप काफी प्रयास कर सकते हैं। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। सुधार इतनी जल्दी नहीं होगा। फिर भी अपने को संतुलित करने में देर नहीं करें।

### कुंभ
आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपके घर में माहौल काफी खुशी का रहेगा। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है। आपको कार्यक्षेत्र में काम का काफी अच्छा माहौल मिलेगा। कुछ और पैसा इनवेस्ट करने से स्थितियां नियंत्रण में आ सकती हैं और आपको मनचाहा लाभ होगा।

### धनु
आज लाभ का दिन है और आज किसी प्रकार का रिस्क लेने के लिए अभी समय अच्छा है। अगर कहीं पर धन का निवेश और जमीन का सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर आगे की चर्चा करें। आज आपको धन के मामले में कोई भी फैसला लेने से पहले काफी सोचविचार कर लेना चाहिए। बिना कुछ खोए पाना भी मुश्किल है।

### मीन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज आप परिवार के साथ कहीं छुट्टी या फिर पर्यटन के बारे में सोच सकते हैं और इसका आयोजन होगा। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें। कार्यक्रम में परिवर्तन करने से पहले सोचविचारकर लें। कोई जरूरी मीटिंग्स या सेमीनार भी इस बीच आ सकती है।

### वर्ग पहेली 5341



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. बुलंद दरवाजा अकबर द्वारा यह राज्य जीतने के उपलक्ष्य में बनवाया गया था (4)
4. एक फूल का नाम जो ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है (3)
6. लगातार घंटा बजने का शब्द, एक अंग्रेजी तौल जो 28 मन के बराबर होता है (2)
7. दुर्बोध, कठिन, उलझा हुआ (3)
8. बाहर आना, प्रकट होना, उदित होना (4)
10. यह वैजयंतीमाल कीपहली फिल्म थी (1951), शोभा, सुंदरता (3)
12. मनुज, इंसान, मानव (3)
13. कागज, समाचार पत्र, अखबार (3)
15. देह, काया, जिस्म (2)
17. हानि, नुकसान (2)
18. यह बनारस का पुराना नाम है (2)
19. वर्ष, बरस (2)
20. उपवास, नियम (2)
21. सुगंध, महक, गमम (3)
23. व्याकुल, बेचैन, बेसब्र (3)
24. तड़का, प्रातःकाल, सबेरा (2)

**ऊपर से नीचे**
1. जो किसी गुट विशेष से संबद्ध न हो (6)
2. पिता, पैदा करने वाला, मिथिला के राजवंशियों की एक उपाधि (3)
3. त्यागना, छोड़ना (3)
4. फूल जैसा कोमल अंग वाली या वाला (5)
5. तड़का, झौंक (3)
9. चित्रकला में लता आकृति का अंकन, छोटी लता (3)
11. स्वीकृति या हां करने की क्रिया या भाव (2)
12. आग की लपट जैसा ला, आग से उत्पन्न होने वाला (3)
14. पति के प्रति अनन्य अनुराग एवं भक्ति भाव रखने वाली (4)
16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का एक नाम, बलदेव, बलवीर (4)
19. पदार्थ का मुख्य और मूल अंश, यथार्थ बात (2)
21. विशिष्ट परिस्थिति में, उस समय, इसके पश्चात, तुरंत बाद (2)
22. सूर्य संबंधी, सूर्य से प्राप्त या उत्पन्न (2)

### वर्ग पहेली 5340 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | गो | लि | या | | को | ला | र |
| शा | दा | ब | | श | ह | ना | ई |
| | न | र | मी | | रा | | स |
| प्र | | ल | त | र | | अ | |
| ता | ल | | | त | ह | जी | ब |
| प | ह | ल | | न | | त | ल |
| भा | र | | मी | | मु | | रा |
| नु | | ख | रा | | झे | ल | म |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ओबीसी विभाग ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती

**धनबाद/झरिया , एजेंसी।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के उपाध्यक्ष अमरनाथ प्रसाद के आवासीय कार्यालय झरिया में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। लोगों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके प जिला कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष प्रीतम रवानी, झरिया नगर कांग्रेस के महेश शर्मा, अशोक रवानी, दीपक यादव, राजू महतो, अमरजीत यादव, कमल शर्मा, भरत यादव, दीपक शर्मा, राजीव पांडे आदि मौजूद थे।

### झारखंड हाई कोर्ट से बाबूलाल मरांडी को बड़ी राहत, हेमंत सोरेन व उनके परिवार पर दिया था आपत्तिजनक बयान

**रांची, एजेंसी।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ बयान देने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को हाई कोर्ट से राहत मिली है। अदालत इस मामले में उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की पीड़ा कार्रवाई पर रोक लगा दी है और प्रतिवादी को नोटिस कर जवाब मांगा है। गौरतलब है कि बाबूलाल ने एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सोरेन परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इसे लेकर 25 अगस्त, 2023 को सिमडेगा थाना में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। हाई कोर्ट के न्यायाधीश एके चौधरी की अदालत में आज मामले की सुनवाई हुई। उनकी तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अजित कुमार और प्रशांत पल्लव ने कोर्ट में बहस की।

### भाई की तरह नहीं बन पाया, डिप्रेशन में आकर छात्र ने स्कूल के सामने खुद को लगाई आग

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टेल्को थाना क्षेत्र स्थित हिल टॉप स्कूल के सामने मंगलवार देर रात केरोसिन छिड़कर आग लगाने वाले छात्र शुभाशीष मल्लिक की टाटा मुख्य अस्पताल में शनिवार मध्यरात्रि को मौत हो गई। चार दिन से वह अस्पताल में था। घटना से स्वजन आहत हैं छात्र हिल टॉप स्कूल से पासआउट था। कोलकाता में सेंट जेवियर्स कॉलेज में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता टाटा मोटर्स के पूर्व कर्मचारी हैं और गोविंदपुर के कामधेनु अपार्टमेंट में रहते हैं। बड़ा पुत्र बेंगलुरू में नौकरी करता है। टेल्को थाना की पुलिस को छात्र के पिता अशोक मल्लिक ने बताया था कि बिना किसी जानकारी के पुत्र कोलकाता से नौ अप्रैल की सुबह टाटानगर स्टेशन आ गया था। पूरे दिन इधर-उधर समय बिताने के बाद देर रात टेल्को पहुचा। हिल टॉप स्कूल गेट के सामने शरीर में आग लगा ली थी। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर टेल्को थाना की पुलिस मौके पर पहुची। छात्र को टाटा मोटर्स अस्पताल में दाखिल कराया। वहां से पुत्र को बेहतर इलाज को टाटा मुख्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिता के अनुसार पुत्र ने तनाव में आकर यह कदम उठाया। बार- बार यही कहता था कि भाई की तरह नही बन पाया।

### शरीर में कील चुभो कर शिव की आराधना

**धनबाद, एजेंसी।** शिव आराधना का पर्व चड़क पूजा धूमधाम से मनायी गई। मनईटांड़ और भेलाटांड़ में रविवार को चड़क पूजा पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। शरीर में कील चुभो कर हैरतअंगेज कारनामे करते भक्तों की धुन देखते बन रही थी। कोई पीठ में कील चुभो कर बैलगाड़ी खींच रहा है तो कोई खूंटे से बंधे 50 फीट से भी ज्यादा की ऊंचाई पर शरीर में कील चुभो कर शिव को प्रसन्न करने में लगा था। दोनों हाथों से ढाक बजाते हुए ऊंचाई पर पीठ में कील चुभो कर झूलते भक्त आकर्षण का केंद्र बना। मेले में महिला-पुरुष और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। भेलाटांड़ की भोक्ता पूजा समिति के शक्ति महतो ने बताया कि बांग्ला पंचांग के अनुसार साल का पहला दिन शिव की आराधना कर उत्साहपूर्वक मनाते हैं। कई लड़कों ने पारण मेले में भाग लिया। नवमी तिथि को जो लोग उपवास करते हैं, वे पारण के लिए मेले में आकर शरीर में किल चुभो कर शिव की आराधना करते हैं। भोक्ता कहते हैं कि कील चुभने से उन्हें दर्द का अहसास नहीं होता। पर्व मनाने के बाद कोई अपना इलाज भी नहीं कराता, शिव की कृपा से न दर्द होती है और न ही इलाज की जरूरत होती है। हां, एक बात का विशेष ख्याल रखना होता है कि परंपरा के अनुसार अपने जख्म को किसी महिला को नहीं छूने दिया जाता। चड़क पूजा के तीसरे और अंतिम दिन खूंटा उखाड़ा जाता है और उसी स्थल पर बलि की प्रथा है।

# सांसद गीता कोड़ा के प्रचार के दौरान मारपीट, बंधक बनाने का आरोप; भाजपा ने 40 लोगों पर किया केस

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरायकेला के गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर गांव में रविवार दोपहर जमकर बवाल हुआ। सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के जनसंपर्क अभियान का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने हरवे हथियार के साथ करीब ढाई घंटे तक रोक हंगामा किया। अभियान में शामिल महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू, सुनीता मिश्रा समेत अन्य के साथ धक्कामुक्की की, जबकि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव समेत अन्य कई नेताओं के साथ मारपीट की गयी। सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ समेत चार थानों की पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सभी को चंगुल से मुक्त कराया।

### भाजपा ने 40 के खिलाफ कराया केस दर्ज

इस मामले में आठ नामजद समेत 40 के खिलाफ भाजपा ने केस दर्ज कराया है। सरायकेला के गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर गांव में रविवार दोपहर ग्रामीण आक्रोशित दिखाई पड़े। वे सांसद गीता कोड़ा का विरोध कर रहे थे। इधर, घटना के बाद देर शाम महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू के बयान पर गम्हरिया थाना में 8 नामजद समेत करीब 40 महिला-पुरुषों पर एफआईआर दर्ज की गयी। वहीं, इसकी सूचना चुनाव आयोग से लेकर जिले के वरीय अधिकारियों को भी दी गयी।

### पहले बाइक सवार युवकों ने शुरू किया विरोध

सूचना के अनुसार सिंहभूम से प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा रविवार को गम्हरिया के कई गांवों में जन संपर्क अभियान की कड़ी में रपचा पंचायत के मोहनपुर गांव पहुंची थीं। वह कुछ ग्रामीणों से बात कर आने का मकसद बता रही थीं, तभी बाइक



पर सवार हथियारों से लैस कुछ युवक वहां पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। कुछ ही मिनट बाद काफी संख्या में महिला-पुरुष भी पारंपरिक हथियारों से लैस होकर वहां पहुंच गये विरोध करते हुए सभी को गांव से निकल जाने पर अड़ गये। कोड़ा के अंगरक्षकों समेत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों की बकझक शुरू हो गयी।

### उच्चस्तरीय जांच हो गीता कोड़ा

सिंहभूम की सांसद और भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने बताया कि मोहनपुर की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र की हत्या की गई है। उन्हें और उनके साथ के लोगों को दो घंटे तक बंदी बनाया गया था। सत्ताधारी दल के इशारे में इसे अंजाम दिया गया। मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुख्यमंत्री और गीता कोड़ा के पति मधु कोड़ा मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना के पीछे सत्ताधारी दल का हाथ बताया।

### चुनाव आयोग और डीजीपी से होगी शिकायत

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी संभावित हार को देखते हुए झामुमो बौखला गया है। उन्होंने कहा कि गीता कोड़ा को प्रचार करने से रोकना एवं तीन घंटे तक बंधक बनाना शर्मसार करने वाली घटना है। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि पूरे मामले को लेकर भाजपा चुनाव आयोग के पास जाएगी।

### सांसद ने विरोध के बाद रोका जनसंपर्क अभियान

दोपहर में गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर गांव पहुंचने पर सांसद को देख ग्रामीण भड़क गये व गांव में प्रवेश करने पर रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव इंडिया महागठबंधन समर्थकों का है। विरोध के बाद गीता कोड़ा ने जनसंपर्क अभियान स्थगित कर दिया। इस दौरान भाजपा नेता गणेश महाली, जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, विनोद श्रीवास्तव, अमिताभ सिंह, रश्मि साहू, अमित सिंहदेव, राकेश सिंह, मनोज तिवारी, स्वप्निल सिंह, निरंजन मिश्रा सहित गम्हरिया व आरआईटी मंडल के दर्जनों कार्यकर्ता थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाएंगी एसएचजी ग्रुप की महिलाएं



**धनबाद , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की स्वयं सहायता सेवी एवं एसएचजी महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया गया। महिलाएं मोहल्ले में घर-घर जाकर वोट करने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगी।

नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि धनबाद जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में मतदान की प्रतिशत कम है। इसे ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने हेतु स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को अपने आसपास के सभी घरों वार्ड-वार घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही नए वोटरों को प्रपत्र-6 में फॉर्म भरवा कर संबंधित मतदान बूथ केंद्र में बीएलओ द्वारा वेरीफाई कराया जाए एवं ऑनलाइन एप की जानकारी दी जाए। महिलाओं को वोटिंग जागरूकता के साथ-साथ महिलाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था उपलब्ध है। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा के साथ- साथ सहायक नगर आयुक्त संतोषी मुर्मू, सहायक प्रसून कौशिक, नगर मिशन प्रबंधक सुमित विवेक तिग्गर, नगर प्रबंधक रजनीश लाल थे।

# साई और साझा के सहयोग से जल्द शुरू होगा तीन खेलों का एक्सीलेंस सेंटर



**रांची, एजेंसी।** खेल विकास के लिए अच्छी खबर है। झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और झारखंड खेल प्राधिकरण (साझा) के सहयोग से तीन खेलों का एक्सीलेंस सेंटर शुरू होने जा रहा है। पिछले वर्ष के इस प्रस्ताव के बाद मार्च 2024 में साई और साझा के बीच सेंटर शुरू करने को लेकर एमओयू हो चुका है।

आचार संहिता के कारण लोकसभा चुनाव के बाद सेंटर शुरू किया जाएगा। एमओयू के तहत मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स होटवार में एथलेटिक्स और तीरंदाजी का एक्सेलेंस सेंटर शुरू होगा। वहीं तीसरा बालिका आवासीय विद्यालय बरियातू में हॉकी सेंटर का खुलना प्रस्तावित है। बीते वर्ष झारखंड सरकार की ओर से साई का सेंटर खोले जाने को लेकर प्रस्ताव मांगा गया था। साझा ने विस्तृत रिपोर्ट साई को भेजी थी, जिसके बाद सेंटर शुरू करने की सहमति बनी।

तय प्रस्ताव के अनुसार हॉकी में 54, एथलेटिक्स में 64 और तीरंदाजी में 21 बालक-बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था होगी। इन एक्सेलेंस सेंटर के लिए साई की ओर से पूरा तकनीकी सहयोग दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार कोच, सहयोगी स्टाफ व अन्य कर्मियों की नियुक्ति साई द्वारा की जाएगी। खेल उपकरण भी साई द्वारा दिया जाएगा। स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट, स्पोर्ट्स साइंटिस्ट और कंपटीशन एक्सपोजर आदि साई की ओर से दिए जाएंगे। साई की ओर से खिलाड़ियों के आवासन और खाने-पीने की व्यवस्था होगी। जल्द ही सेंटर के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्ति का आवेदन निकाला जाएगा। कोच की नियुक्ति के बाद खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल शुरू होंगे।

**हॉकी के बदले तैराकी का दिया गया प्रस्ताव :** तीन में से एक हॉकी एक्सेलेंस सेंटर के बदले तैराकी का सेंटर शुरू करने के लिए साझा ने साई को प्रस्ताव दिया है। पूर्व में प्रस्तावित हॉकी सेंटर को बदलकर इसे शामिल करने के लिए साई को पत्र भेजा गया है। खेल उपनिदेशक राजकिशोर खाखा ने बताया कि राज्य सरकार के खुद के हॉकी के दो एक्सेलेंस सेंटर चल रहे हैं। रांची में एक्सेलेंस सेंटर के लिहाज से अब बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, इसलिए इसे बदलकर तैराकी का सेंटर रांची में देने के लिए कहा गया है।

## पत्नी ने शराब पीने से रोका, गुस्से में पति ने बोतल से मार-मार कर ले ली जान



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पीरटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलगा पंचायत के काशाकेंद गांव में आपसी विवाद में पति ने पत्नी की जान ले ली है। शराब सेवन के बीच उठे विवाद में पति ने बोतल से हमला कर पत्नी को मौत की नींद सुला दिया। पीरटांड़ पुलिस रविवार को एक तालाब से महिला का शव बरामद किया है। पुलिस ने हत्यारोपी को भी गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार देर शाम काशाकेंद निवासी वृद्ध दंपति छुटू मरांडी व मंझली देवी के बीच विवाद हो गया। विवाद का कारण शराब सेवन बताया जा रहा है। दंपति के बीच का विवाद पत्नी के मौत का कारण बन गया। आरोप है कि पति छुटू मरांडी आवेश में आकर अपनी पत्नी 50 वर्षीय मंझली देवी को बोतल से मारकर मौत की नींद सुला दिया। चर्चा यह भी है कि शव को छुपाने के उद्देश्य से आरोपी ने गांव के सामने तालाब में उसे डाल दिया। रविवार को जब ग्रामीणों ने तालाब में शव तैरता देखा तो गांव में सनसनी फैल गई। तालाब में शव देखकर ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना पीरटांड़ पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पीरटांड़ पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने आरोपी को भी पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पीरटांड़ पुलिस के द्वारा शव का पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया गया है। परिजनों ने बताया कि पति पत्नी के बीच हमेशा विवाद होता रहता था। शनिवार शाम भी विवाद हुआ था। रविवार को तालाब से पत्नी का शव बरामद हुआ है। बताया कि मृतक के सिर पर गहरे जख्म के निशान हैं।

## बाइक सवार उचक्कों ने तीन लोगों से चेन छीनी

**धनबाद, एजेंसी।** शहर में चेन स्नैचर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं। बाइक सवार उचक्कों ने शनिवार की शाम तीन लोगों से चेन छिनतई कर ली। कुसुम विहार में शनिवार की शाम महिला के गले से चेन छिनतई कर ली गई। इसके बाद बदमाशों ने बेकारबांध और हाउसिंग कॉलोनी में कारोबारी और इवनिंग वॉक कर रही एक महिला को निशाना बनाया और गले से सोने की चेन झपट ली।


**सर्किट हाउस के सामने महिला से चेन छिनतई :** बाइक सवार उचक्कों ने सर्किट हाउस के सामने महिला से सोने की चेन झपट ली। बेकारबांध के काली मंदिर रोड की ज्योत्सना सिंह ने धनबाद थाने में शिकायत की। बताया कि शनिवार की रात आठ बजे सीएमआरआई से टहलकर वे बेकारबांध लौट रही थीं। सर्किट हाउस के मुख्य गेट के सामने विपरीत दिशा से एक पल्सर बाइक उनके पास आकर धीमी हुई। बाइक पर दो लड़के सवार थे। पीछे बैठे लड़के ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और सिटी सेंटर की ओर भाग गए। उनके पड़ोस में रहने वाले रजनीश पांडे ने पूरे घटनाक्रम को देखा। उन्होंने बाइक सवार का पीछा किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ज्योत्सना की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी है।

कारोबारी के गले से भी झपटी चेन : जयप्रकाश नगर के गणपति अपार्टमेंट में रहने वाले कारोबारी सुमित सांवरिया से भी बाइक सवार उचक्कों ने सोने की चेन झपट ली। सुमित ने धनबाद थाने में शिकायत की। पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम वे हाउसिंग कॉलोनी के विंध्यवासिनी मंदिर से पत्नी के साथ वापस जयप्रकाश नगर घर लौट रहे थे। रास्ते में हाउसिंग कॉलोनी के दुर्गा मंडप के समीप पीछे से बाइक सवार दो युवक पहुंचे। वे जबतक कुछ समझ पाते पीछे बैठे युवक ने सोने की चेप झपट ली और भाग गए।

# झारखंड की 11 सीटों पर ग्रामीण वोटर करते हैं हार-जीत का फैसला, चतरा सबसे ऊपर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में 11 लोकसभा सीटों पर जीत-हार का गणित ग्रामीण मतदाताओं के भरोसे है। ग्रामीण मतदाता जिस प्रत्याशी की ओर झुके, उनकी जीत पक्की हो जाती है। यहां ग्रामीण मतदाताओं की संख्या आधा से अधिक है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से मात्र तीन ही सीट रांची, धनबाद और जमशेदपुर ऐसी है जहां शहरी वोटरों की संख्या ग्रामीणों से ज्यादा है। इस समीकरण को देखते हुए सभी राजनीतिक या गठबंधन राज्य में ग्रामीण मतदाताओं को लुभाने में जुट गए। वे ग्रामीण मतदाताओं को साधने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। इनमें भी 6 सीटें ऐसी हैं जहां ग्रामीण वोटर या तो 90 फीसदी के करीब हैं या फिर उससे ज्यादा।

राज्य की 14 लोकसभा सीटों में सबसे अधिक ग्रामीण वोट चतरा संसदीय सीट पर है।



इस सीट के तहत आने वाले सिमरिया, चतरा, लातेहार, मनिका, पांकी सभी विधानसभाओं में कुल ग्रामीण आबादी 95.3 फीसदी है। चतरा संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण वोटरों की संख्या 1405318 के करीब है। इस सीट पर शहरी वोटर महज 69307 हैं। जो कुल वोटरों का 4.7 प्रतिशत है। इसी तरह दुमका संसदीय सीट में ग्रामीण वोटरों की संख्या 1330357 के करीब है। जो कुल वोटरों का 92.7 फीसदी है। इस सीट पर शहरी वोटर 104764 हैं। जो कुल वोटरों का 7.3 प्रतिशत है। खूंटी संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण वोटरों की संख्या 11,45,765 के करीब है। जो कुल वोटरों का 93.3 फीसदी है। इस सीट पर शहरी वोटर 82279 हैं। जो कुल वोटरों का 6.7 प्रतिशत है।

इसी प्रकार कोडरमा संसदीय सीट पर ग्रामीण वोटरों की संख्या 17,43,799 के करीब है। जो कुल वोटरों का 93.4 फीसदी है। इस सीट पर शहरी वोटर 1,23,223 हैं। जो कुल वोटरों का 6.6 प्रतिशत है। लोहरदगा सीट पर भी ग्रामीण वोटरों की संख्या 11,80,927 के करीब है। जो कुल वोटरों का 93.5 फीसदी है। इस सीट पर शहरी वोटर 82096 हैं।

# रांची में रामनवमी पर सुबह 8 बजे से भारी वाहनों की नो एंट्री, कई मार्गों का रूट डायवर्ट

**रांची , एजेंसी।** राजधानी रांची में रामनवमी की शोभायात्रा 17 और 18 अप्रैल को निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव तो किया ही गया है, साथ ही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर रांची में डेढ़ हजार फोर्स की तैनाती की गई है। इसमें रैफ, जिला बल, आईआरबी के अलावा महिला पुलिस बल भी शामिल हैं।

**सुबह 8 बजे से भारी वाहनों की नो एंट्री :** वहीं, ट्रैफिक पुलिस ने 17 अप्रैल को निकाले जानेवाली शोभायात्रा को लेकर भी मेन रोड में सभी प्रकार के वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसके अलावा 17 अप्रैल सुबह आठ से 18 अप्रैल सुबह चार बजे तक शहर में मालवाहक और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगायी गई है। ट्रैफिक एसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार शोभायात्रा को लेकर शहर के कई मार्गों का रूट भी डायवर्ट किया गया है।

**17 को निजी व यात्री वाहनों का परिचालन ऐसे होगा :** किशोरी यादव चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक की तरफ से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक, सुभाष चौक से महावीर मंदिर चौक



की तरफ समान रूप से वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहन का परिचालन बंद रहेगा। सरकुलर रोड से आने वाले वाहन जेल जौक तक ही पहुंच सकेंगे। उसी जगह से अन्य मार्गों पर परिचालित होगा। जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से किमश्नर चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। प्लाजा चौक से अलबर्ट एक्का चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा एसएन गांगुली रोड, विष्णु गली, बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।चर्च रोड से मेन रोड की तरफ आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। कर्बला चौक से रतन पीपी आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। चुटिया बाजार रोड में दोनों तरफ वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। राजेंद्र चौक से ओवरब्रिज, सुजाता चौक की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पिस्का मोड़ से रातू रोड न्यू मार्केट की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

रांची में 16 अप्रैल शाम चार से 17 अप्रैल छह बजे पूर्वाह्न तक किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक की तरफ से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से महावीर मंदिर की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

शहर में 18 अप्रैल को सुबह आठ से रात्रि 12 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सभी मालवाहक और भारी वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। साथ ही चैती दुर्गा विसर्जन के दौरान विसर्जन वाले मार्ग पर आवश्यकतानुसार रूट डायवर्ट किया जाएगा।

## झारखंड में दिनदहाड़े महिला की हत्या, जेल में बंद रेप के आरोपी के परिजनों ने रेता गला

लोहरदगा, एजेंसी। झारखंड के लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टाड़ में खेत में कुंदगड़ी गांव निवासी स्व बिमला मांझी की पत्नी 50 वर्षीय कलावती देवी की गांव के ही तीन अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेत कर रविवार को दिन दहाड़े हत्या कर दी।

अपराधियों ने खेत में काम कर रही महिला पर पीछे से आकर वार किया, जब वह दस अन्य मजदूरों के साथ वहां काम कर रही थी। मृतक महिला अर्जुन उरांव के खेत में मजदूरी कर रही थी। तीनों अपराधी उसी गांव के हैं। मृतक के परिजन ने बताया कि एक नाबालिग लड़की को घर से निकाल कर दुष्कर्म करने के आरोप में गांव के ही दो युवकों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। दोनों युवक वर्तमान में जेल में है।

घटना की सूचना मिलने पर प्रशिक्षु आईपीएस वेदांत शंकर के निर्देश पर एएसआई अविनाश राम, एएसआई अशरफी बेहलिया ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुअनि अविनाश राम ने कहा कि महिला की हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या पुरानी रंजिश में की गई है। अपराधी चिन्हित हैं, पुलिस कार्रवाई कर रही है।लोहरदगा सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदवा जंगल में घाघरा थाना क्षेत्र के बुरजु सीमावर्ती क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। युवक का शव पुरना पानी स्थित आम पेड़ के समीप अर्धनग्न अवस्था में मिला है।

# केशव का कांग्रेस पर हमला: इस बीमारी से मुक्ति पा लीजिए

## 10 साल जो देखा वह ट्रेलर, असली तस्वीर चार जून के बाद

**महराजगंज , एजेंसी।** 10 साल जो देखा है, वह अभी ट्रेलर है। असली तस्वीर चार जून के बाद दिखेगी। एक परिवार से राष्ट्र की राजनीति नहीं होती है। वक्त आ गया है, अब सपा बसपा से मुक्ति पा लीजिए। अब कांग्रेस रुपी बीमारी से मुक्ति पा लीजिए। पहले मतदान की शपथ लेकर जाएं, मतदान के बाद ही जलपान करिएगा। 500 साल के बाद रामलला का मंदिर बना कर दिया है। पीएम की सीट के बाद सबसे ज्यादा मत से महाराजगंज की सीट आनी चाहिए। विरोधियों के पास भी संकल्प लेकर जाएं और पूछे की मोदी को पीएम बनने से रोक सकते हैं क्या? ये बातें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं।

### 100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वालंटियर्स को शहर के एक निजी होटल में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश का चुनाव है। एक चाय बेचने वाले को देश चलाने के लिए जनता ने दिया है। 100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा है और बंटवारा मत में भी आधा हमारा है। एक जून को महराजगंज में रिकार्ड 11 लाख मतों से जिताना है।

### जो देश का पैसा लूटते हैं, उन्हें भेजा जेल

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। जो देश का पैसा लूटते हैं, उनको जेल भेज दिया गया। 52 करोड़ से अधिक जनधन के खाते खोल कर सीधा लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा है, विरोधी इसी से तिलमिला गए हैं। 34 लाख करोड़ रुपया लाभार्थियों के खाते में गया है। उन्होंने कहा कि मैं तो कांग्रेस को कहता हूं की भ्रष्टाचार की अम्मा हैं। ईडी के छापे लुटेरों के घर पड़ना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर सारे विरोधियां टूट पड़ेंगे। सोशल मीडिया एक प्लेटफार्म है। जिसमें विरोधी भी आकर घुस जाते हैं, सचेत रहने की जरूरत है। चुनाव के बाद देश 100 साल आगे जाएगा।



### 405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 जून 405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार। आपने पिछली बार 2014 में भी जिताया। 2019 में भी दिखाया, लेकिन 2024 में बड़ी विजय दिलानी है। सब लोग तैयार रहें। इस समय सपा, बसपा, कांग्रेस का कोई नाम लेना नहीं चाहता है। कांग्रेस मुक्त तो भारत देश हो रहा है। यहां तो एक्सीडेंट से खाता खुल गया था, उत्तर प्रदेश में दो विधायक बन गए, लेकिन आप सबके सामने खुला मैदान है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसी रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग, कंप्रेसर फटने से दो फायरकर्मी सहित तीन लोग घायल

**आगरा , एजेंसी।** ताजनगरी आगरा के राजपुर चुंगी (सदर) स्थित देव पैलेस मार्केट में सोमवार की सुबह एसी रिपेयरिंग की दुकान में आग लग गई। पलभर में दुकान आग का गोला बन गई। सूचना पर तीन दमकलें पहुंचीं। आग बुझाते समय एसी का कंप्रेसर फटने से दो फायरकर्मी झुलस गए और एक राहगीर कंप्रेसर का टुकड़ा लगने से घायल हो गया। अफरातफरी मच गई। एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है।

राजपुर चुंगी स्थित देव पैलेस के भूतल, पहली और दूसरी मंजिल पर दुकानें बनी हैं। जंगजीत नगर निवासी योगेंद्र शर्मा की भूतल पर एसी रिपेयरिंग की दुकान है। रविवार सुबह 7 बजे लोगों ने दुकान से लपटें निकलती देखीं। कुछ देर बाद धमाके होने लगे। इससे दहशत फैल गई। इसकी जानकारी योगेंद्र शर्मा को दी। इस पर दुकानदार और अन्य लोग आ गए। आग बुझाने के प्रयास करने लगे। मगर, कोई फायदा नहीं हुआ।

सूचना पर थाना सदर पुलिस और दमकलें पहुंच गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के प्रयास में लगे थे। तभी एक एसी का कंप्रेसर फट गया। फायरमैन सुंदरलाल और गजेंद्र कुमार झुलस गए। एक राहगीर प्रेम नगर निवासी रमेश चंद्र (60) सिर में कंप्रेसर का टुकड़ा लगने से घायल हो गया। घायल दमकल कर्मी और राहगीर को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया।

आग से पूरी दुकान जल गई। उसमें एसी रिपेयरिंग के सामान से लेकर पार्ट्स तक रखे थे। इसके अलावा कंप्रेसर और सिलिंडर भी थे, वह भी जल गए। दुकान मालिक ने लाखों के नुकसान की बात कही। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना था कि आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। जांच की जा रही है।

### पड़ताल: राजा की मंडी स्टेशन पर व्यवस्थाएं ठीक नहीं, रिटायरिंग रूम... शौचालय पर ताला




**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में राजा की मंडी रेलवे स्टेशन पर रविवार को व्यवस्थाएं ठीक नहीं दिखीं। साफ-सफाई तो खराब है ही, रिटायरिंग रूम और शौचालय पर ताला लगा दिखा। प्रतीक्षालय में भी बेहतर व्यवस्था नहीं होने से यात्री परेशान दिखे। राजा की मंडी रेलवे स्टेशन से रोजाना 80 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। यात्रियों ने बताया कि यहां प्रतीक्षालय में लंबे समय से शौचालय बंद है। स्टेशन पर बने दिव्यांगों के शौचालय पर भी ताला लगा है। रिटायरिंग रूम में नए कूलर लगे हैं लेकिन ताले लगे हैं। पूछताछ काउंटर पर भी किसी के बैठा न होने से यात्री जानकारी के लिए परेशान दिखे।

इस संबंध में पूछने पर रेलवे वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतीक्षालय के शौचालय का निर्माण हो रहा है। रिटायरिंग रूम बुक होने पर खोले जाते हैं। दिव्यांग शौचालय पर ताला और पूछताछ काउंटर क्यों बंद था, इसका पता कराते हैं।

### फर्नीचर कारोबारी के खाते से 2.18 लाख निकाले

**साहिबाबाद , एजेंसी।** टीला मोड़ थानाक्षेत्र की कृष्णा विहार कुटी में फर्नीचर कारोबारी के खातों से शातिर ने दो लाख 18 हजार की ट्रांजेक्शन कर ठगी कर ली। उन्होंने पुलिस को ठगी का मुकदमा कराया है। शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार ने बताया कि 11 अप्रैल को 2.18 लाख रुपये उनके खाते से डेबिट होने के मैसेज आए थे। रकम निकलने पर उनके पास फोन पर बैंक से कोई संदेश या कॉल नहीं आई। उन्होंने किसी लिंक पर क्लिक भी नहीं किया। शातिरों ने ओटीपी भेजे बिना ही खाते से नकदी निकाल ली। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बैंक प्रबंधन से कारोबारी के खाते की जानकारी मांगी है। जानकारी मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

# सुनील बंसल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, बोले- भाजपा के सेनापति और राजदूत हैं बूथ अध्यक्ष



**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बूथ स्तर पर काम करने वाले हमारे तीन करोड़ से ज्यादा कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी के सेनापति और राजदूत हैं। पहले के समय में भी सेनापति और राजदूत का कार्य अपनी राज्य की सीमाओं का विस्तार करना अपने क्षेत्र को मजबूत किले के रूप में रखना होता था। इसी भूमिका में आपको कार्य करना है कि जिन लोगों ने पिछली बार वोट नहीं दिया, उनके वोट डलवाएं। सुनील बंसल रविवार को गोमती नगर विस्तार स्थित एक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष देखें कि पिछले चुनाव में किस मोहल्ले और किस गली में हमको वोट नहीं मिले, उन सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियां बताएं। लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इतने से संतुष्ट नहीं होना है। अभी हम 60 फीसदी तक ही पहुंच सके हैं, अभी भी 40 फीसदी लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करना है। यदि भारत माता की जय करनी है तो देश के 140 करोड़ लोगों को जोड़कर एक साथ भारत माता की जय करनी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का संगठन देश में अहम भूमिका में हैं। नमो एप, विकसित भारत एम्बेसडर जैसे हर अभियान में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने पिछले 10 सालों में लखनऊ में 68000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए हैं। समारोह में वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को विकसित भारत एम्बेसडर में साप्ताहिक रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण, संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, प्रवक्ता प्रवीण गर्ग सहित विधानसभा क्षेत्रों के संयोजक सहसंयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

**दुनिया का नेतृत्व करने वाली टीम:** सुनील बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य विश्व में भारत का नाम हो और हर व्यक्ति का मान सम्मान बढ़े। हमारे पास देश में मोदी, राजनाथ और प्रदेश में योगी जैसा नेतृत्व है। पूरी दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने वाली एवं चुनाव प्रबंधन और 18 करोड़ कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम भी है। उन्होंने कहा कि पिछली बार से ज्यादा बूथों पर चुनाव जीतना और ज्यादा मतों से भी चुनाव जीत दर्ज कराना है। लखनऊ में पांच लाख के अंतर से चुनाव जीतने के लिए लक्ष्य तय करना होगा। प्रधानमंत्री ने 370 मत बढ़ाने का हर बूथ पर लक्ष्य दिया है, जिसको हमें पूरा करना है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ लोकसभा में कुल 1893 बूथ, 89 वार्ड, 334 शक्ति केंद्र हैं। 21 मंडलों में 1508 ए श्रेणी के बूथ, बी श्रेणी के 161, सी के 224 बूथ हैं। सभी बूथ अध्यक्ष गठित हो चुके और अपनी बूथ संख्या, विधानसभावार सुनिश्चित सीट पर उपस्थित हैं।

# कदम-कदम पर समस्याएं, अस्पताल... न ढंग के स्कूल; जूझ रही 50 हजार आबादी




**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में छावनी क्षेत्र की 50 हजार से ज्यादा आबादी को भी लोकसभा चुनाव से बड़ी उम्मीदें हैं। यहां जनता अनिश्चय की स्थिति में है। परिषद के चुनाव नहीं होने के कारण नुमाइंदगी करने वाला कोई नहीं है। कहीं नाला चोक है तो कहीं सड़कें जर्जर हैं। स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। पार्क बदहाल हैं। नागरिक सुविधाओं का अभाव है। टैक्स का बोझ है।

देशभर की छावनी में बदलाव की कवायद के बीच आगरा छावनी की जनता पशोपेश में है। नगर निगम में विलय का रास्ता बनेगा या छावनी का अस्तित्व बना रहेगा। छावनी में सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में झूले लगवाए गए मगर पार्किंग और प्रवेश शुल्क लगाने से लोग कम ही रुख करते हैं। अन्य पार्कों का भी यही हाल है।

सीवरेज सिस्टम नहीं होने के कारण गंदा पानी पार्क के टैंक में जमा होता है। वाटर एटीएम खराब पड़े हैं। आम जनता के लिए बनवाए गए शौचालय टूटे पड़े हैं। टक्कर रोड से नगर आयुक्त आवास की ओर जाने वाली सड़क जर्जर है। सुल्तानपुरा की सड़क का भी बुरा हाल है।

**छावनी के चुनाव हों, अधिकार बढ़ें:** छावनी परिषद के अधिकार बढ़ाए जाने चाहिए। निगम की तरह शक्तियां बढ़ेंगी तो नागरिकों की समस्याएं भी कम होंगी। या फिर छावनी को दयालबाग की तरह एक नगर पंचायत का दर्जा दिया जाए, ताकि छावनी की विधिधताओं को सहेजा जा सके।

### यह हैं रोड़े

भवन निर्माण कराने के लिए अनुमति नहीं मिलती है। ऐसे में लोग गिरासू मकानों में रहते हैं।

मरम्मत के लिए भी छावनी कार्यालय के चक्कर लगाने होते हैं।

बंटवारा (म्युटेशन) छावनी का सबसे बड़ा रोड़ा है। तमाम तरह की तकनीकी दिक्कतों के कारण म्युटेशन की फाइलें लटकी रहती हैं।

व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं कर सकते हैं। 8 साल से नेतृत्व विहीन छावनी: छावनी परिषद में चुनाव को करीब आठ साल गुजर चुके हैं। इसमें आठ वार्डों में 50 हजार से ज्यादा की आबादी है। इनमें 20 हजार से ज्यादा वोटर हैं। इनमें सैन्य एरिया के वोटर शामिल नहीं है। आठ परिषद के सभासदों में से एक छावनी उपाध्यक्ष चुना जाता है। लेकिन चुनाव नहीं होने पर बैरीड बोर्ड के गठन का नियम है। इस बोर्ड में ब्रिगेडियर, सीईओ के अलावा एक जनता का प्रतिनिधि शामिल होता है। लेकिन इस बोर्ड का गठन भी नहीं हुआ है।

**छावनी की आय कम, खर्च ज्यादा:** छावनी परिषद हमेशा कर्ज में डूबी रहती है। आय के साधनों में गृह, जलकर, दुकानों का किराया, सरकारी कार्यालयों से किराया, एंट्री टैक्स आदि है, जबकि कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और अन्य खर्च ज्यादा हैं। यही कारण है कि जनता पर टैक्स का बोझ कई गुना है।

**अस्पताल व स्कूलों का हाल ठीक नहीं:** छावनी में करोड़ों की लागत से अस्पताल का पुनर्निर्माण करवाया गया मगर अब इसका बुरा हाल है। एक चिकित्सक के भरोसे अस्पताल चल रहा है। करोड़ों के खर्च के बाद भी अस्पताल में इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्टाफ की कमी है। निजी फर्म को ठेका दिया था, लेकिन वह गबन करके चली गई।

# पहले इंग्लैंड, जेल से छूटे तो आस्ट्रेलिया के लोगों से ठगी- 3 लाख डाटा चोरी कर बना रहे थे शिकार

**गोरखपुर, एजेंसी।** कैंट थाना क्षेत्र के बेतियाहाता इलाके में कॉल सेंटर खोलकर जालसाजी करने वाला गैंग बीते वर्ष 18 अगस्त को पकड़ा गया था। पुलिस ने आठ सदस्यों को जेल भेजवाया था। गैंग के सदस्य जेल से छूटकर एक बार फिर रांची में कॉल सेंटर खोलकर ऑनलाइन जालसाजी करते हुए पकड़े गए हैं।

पुलिस का कहना है कि गोरखपुर से यह गैंग इंग्लैंड वासियों को निशाना बनाता था, जबकि इस बार आस्ट्रेलिया वासियों के साथ ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। आस्ट्रेलिया के तीन लाख से अधिक लोगों के व्यक्तिगत डेटा का दुरुपयोग ठगी के लिए कर रहे थे।

रांची पुलिस ने 19 मार्च को कॉल सेंटर पर छापा मारकर दो आरोपियों गोड्डा जिला के लालमटिया, चितरकोठी के इकरामुल अंसारी और रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरम निवासी रविकांत को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का एक साथी रांची (झारखंड) सदर के पीएचडी चौक बरियातु निवासी कादिर अली अंसारी पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि इकरामुल और कादिर बेतियाहाता कॉल सेंटर से भी पकड़े गए थे। रांची पुलिस ने दोनों के आपराधिक इतिहास के साथ ही कादिर को पकड़ने के लिए गोरखपुर साइबर




अपराध थाने की पुलिस से मदद मांगी है।

**रांची से गोरखपुर आए थे जालसाज:** सीआईडी झारखंड ने रांची के अपर बाजार स्थित किशोरगंज चौक में बीएम हाइट्स के तृतीय तल पर एक कार्यालय पर चल रहे कॉल सेंटर पर छापा मारकर आरोपियों को पकड़ा। पता चला कि रांची में 2021-22 में एक गिरोह कॉल सेंटर चलाता था। उसके बाद ये कॉल सेंटर को गोरखपुर में शिफ्ट कर दिए थे। गोरखपुर में पकड़े जाने के बाद एक बार फिर रांची में कॉल सेंटर खोले थे।

**गोरखपुर जेल से 10 दिन में छूटे थे जालसाज:** पुलिस ने 18 अगस्त को जालसाजों के गैंग को पकड़कर जेल भेजवाया था। यहां 10 दिन के अंदर ही एक-एक करके सभी आठ आरोपी रिहा हो गए थे।

# कारोबार में भरा फर्राटा: कानपुर में सबसे तेजी से बढ़ीं नई इकाइयां, 72 फीसदी रही वृद्धि दर

**कानपुर , एजेंसी।** कभी अपनी सूती मिलों के दम पर दुनिया भर में धमक जमाने वाले कानपुर ने एक बार फिर फर्राटा भरना शुरू कर दिया है। बीते वित्तीय वर्ष में शहर ने नई कारोबारी इकाइयों के खुलने के मामले में प्रदेश में सबसे तेज 72 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल की है। यह वृद्धि दर नोएडा, लखनऊ और गाजियाबाद से भी ज्यादा है। हालांकि कुल इकाइयों की संख्या में ये तीनो शहर अभी कानपुर से आगे हैं। लेकिन इकाइयां खुलने की ताजा रफ्तार से उम्मीद बंधी है कि एक बार फिर कानपुर अपना पुराना गौरव हासिल कर सकेगा।



शहर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्पादन, सेवा और ट्रेडिंग की 41227 नई इकाइयां खुली हैं। इसके साथ ही शहर में कुल पंजीकृत इकाइयों की संख्या 98138 हो चुकी है। कुल पंजीकृत इकाइयों के लिहाज से कानपुर उत्तर प्रदेश में चौथे नंबर पर आ गया है। मार्च 2023 में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में आगरा चौथे नंबर पर था। वहीं, पहले स्थान पर लखनऊ, दूसरे पर गाजियाबाद और तीसरे स्थान पर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) है।

कानपुर के बाद सर्वाधिक वृद्धि दर आगरा की 62 प्रतिशत से ज्यादा रही। वृद्धि दर के लिहाज से इसके बाद लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा आते हैं। कानपुर ने यह वृद्धि दर छोटी और मझोली इकाइयों की बदौलत हासिल की है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक इस साल होजरी और रेडीमेड की इकाइयां बड़ी संख्या में खुली हैं। इनकी संख्या 2116 है जबकि चर्म उद्योग से जुड़ी 1400 नई इकाइओं ने आकार लिया है। शहर की कुल 98138 इकाइयों में उत्पादन की 32200 और सेवा क्षेत्र की 66803 इकाइयां हैं। वहीं इस साल उत्पादन की 12645, सेवा क्षेत्र की 11973 और ट्रेडिंग की 16609 इकाइयां पंजीकृत हुई हैं। उत्पादन में भी होजरी की 1197, रेडीमेड की 919, चमड़े की 1400, सैडलरी-हारनेस की 172, सिविल इंजीनियरिंग की 369, फूड प्रोसेसिंग की 502, बेकरी प्रोसेसिंग की 495, 620 फ्लोर मिल, ट्रेडिंग में हार्डवेयर की 403 और फैब्रिकेशन की 369 इकाइयां हैं। सेवा क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर की 258, 70 साइबर कैफे, कैटरिंग की 260 इकाइयों का पंजीकरण हुआ है। प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग बीमा योजना शुरू की है। एक जिला एक उत्पाद योजना में चमड़ा, होजरी और रेडीमेड उद्योग को शामिल किया गया। इसमें कम ब्याज पर उद्योगों को लोन मिल जा रहा है। पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन, सब्सिडी दी जा रही है। प्रदेश सरकार नई एमएसएमई नीति लाई है। अब एमएसएमई को भुगतान की भी नई व्यवस्था की गई है।

# यूपी में गर्मी जनित और संक्रामक रोगों की निगरानी बढ़ी, लू के मरीजों की देखभाल के भी निर्देश

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। ऐसे में लू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी जनित बीमारियों के साथ ही संक्रामक रोगों के प्रति निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) को भी निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच करते रहने के लिए कहा गया है। हालांकि अप्रैल माह में एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में मरीज मिलने की कोई घटना नहीं हुई है।

प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कमरों को ठंडा रखने के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। लू के मरीजों को भर्ती करने के लिए सभी अस्पतालों में वार्ड तैयार किए गए हैं। इस मौसम में विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों के जरिये संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को नए सिरे से



निर्देश जारी किए हैं। इसमें निर्देशित किया है कि लू के मरीजों की यह भी जांच की जाए कि वे किन परिस्थितियों में उल्टी दस्त के शिकार हुए हैं। एक ही स्थान पर पांच अथवा अधिक मरीज मिलने पर टीम बनाकर जांच की जाए ताकि बीमारी की वजह स्पष्ट हो सके। एक ही स्थान पर करीब पांच मरीज मिलते हैं तो वहां स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम अथवा नगर पंचायत, ग्राम पंचायत की टीम लगाई जाए। ऐसे मामलों की हर दिन की रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

**संचारी रोग अभियान के दौरान विशेष जागरूकता:** प्रदेश में 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में प्रमुख सचिव ने अभियान के दौरान गर्मी जनित और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है।

इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों की टीमें भी जुड़ी हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी। गर्मी के मौसम में विभिन्न स्थानों पर खुले में जूस, फल एवं खाद्य पदार्थ की बिक्री होती है। इसके संक्रमित होने की आशंका रहती है। ऐसे में एफएसडीए की टीम निरंतर निगरानी करेगी। एफएसडीए के उपआयुक्त हरिशंकर सिंह ने सभी खाद्य निरीक्षकों को हर रोज जांच करने और उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विक्रेताओं से अपील की है कि गुणवत्तायुक्त खाद्य तेल का प्रयोग करें। एक ही तेल को बार-बार गरम करके उससे खाद्य पदार्थ तैयार न करें।

# बिल्डर सचिन दत्ता समेत 13 पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**साहिबाबाद , एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को फ्लैट बेचने की एवज में करीब 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी में बिल्डर बाबा सचिन दत्ता समेत 13 पर मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लाजपत नगर के अनुव्रत सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि करीब 13 साल पहले उन्होंने बिल्डर बाबा सचिन दत्ता से फ्लैट के लिए संपर्क किया था। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित प्रोजेक्ट में 27 लाख रुपये के फ्लैट का सौदा किया। सौदा तय होने पर उन्होंने 7.55 लाख रुपये नकद दे दिए थे। बाद में बिल्डर बाबा ने बैंककर्मियों से साठगांठ कर 19 लाख रुपये का लोन पास कराया, जिसकी किस्त वह चुका रहे हैं। समय खत्म होने के बावजूद उन्हें फ्लैट मिला और न ही पैसे वापस मिल रहे हैं। अब तकादा करने पर उन्हें मारने की धमकी मिलती है। आरोप है कि उनके फ्लैट पर कई बार लोन पास कराकर बेचा जा चुका है। इस मामले में कोर्ट ने साहिबाबाद पुलिस को बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, बिल्डर बाबा उर्फ सचिन दत्ता, राजेंद्र दत्ता, सुरुचि दत्ता, राजेश भार्गव, नीरज कुमार, बीएल मीणा, वसुंधरा में पीएनबी के लीगल मैनेजर और कर्मचारी, टेक्निकल मैनेजर, मैनेजर संजय जैन, हरीश पाल बब्बर, पीयूष प्रकाश और प्रशांत कुमार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।



# कमल हासन की ठग लाइफ में दुलकर सलमान की जगह अभिनेता सिम्बु के नाम पर अटकलें

विक्रम की सफलता के बाद फैंस को कमल हासन की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेता के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें वे अदाकारी का जादू दिखाते नजर आने वाले हैं। इंडियन 2 और कल्कि 2898 एडी के अलावा उनके पास ठग लाइफ नाम की भी फिल्म है। हाल ही में इस फिल्म का एक पोस्टर जारी किया गया था, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई थी। फिल्म के निर्देशन की कमान मणिरत्नम के हाथों में है, जिसकी वजह से दर्शकों को उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। तीन दशकों के बाद इस फिल्म के जरिए कमल हासन और मणिरत्नम एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी, लेकिन तब से किसी न किसी वजह से फिल्म की शूटिंग में रुकावट आ रही है।

फिलहाल, कमल हासन की राजनीतिक प्रतिबद्धताओं की वजह से प्रोडक्शन के काम में देरी हो रही है। इसी वजह से दुलकर सलमान और जयम रवि पहले ही फिल्म से खुद को अलग कर चुके हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बड़े बजट की फिल्म में दुलकर सलमान की जगह लेने के लिए अभिनेता सिम्बु पूरी तरह से तैयार हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने लुक टेस्ट पूरा कर लिया है और बहुत जल्द वे सेट पर अन्य कलाकारों के साथ फिल्म की शूटिंग के लिए शामिल होने वाले हैं। इसको लेकर जल्द ही निर्माताओं की ओर से एक आधिकारिक एलान भी किया जा सकता है। ठग लाइफ का निर्माण राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स और मद्रास टॉकीज के बैनर तले कमल हासन, मणिरत्नम, आर. महेंद्रन और शिव अनंत कर रहे हैं। उदयनिधि स्टालिन इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता हैं। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। ठग लाइफ में तृषा कृष्णन जोजू जॉर्ज और गौतम कार्तिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# प्राची देसाई कैसे चुनती हैं किरदार

## करियर की शुरुआत में मना किए कई मुश्किल रोल

बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई और मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों का इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, दोनों सितारे इन दिनों फिल्म के प्रचार में जुटे हुए हैं। इस फिल्म का प्रीमियर 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म की रिलीज से पहले प्राची और मनोज ने अमर उजाला के खास कार्यक्रम शुक्ल पक्ष में बातचीत की। इस दौरान प्राची ने अपने किरदार के चुनाव को लेकर बात की।

प्राची देसाई ने साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट में इंस्पेक्टर संजना का किरदार निभाया है। फिल्म में मनोज और प्राची का कोई लव एंगल नहीं दिखाया गया है। उन्होंने फिल्म में मजबूत महिला का किरदार निभाया है। प्राची ने इसपर बात करते हुए बताया कि बचपन से मैंने अपनी मां और दादी को देखा है, वो एक टीचर थीं, शायद उसी का एक रिफ्लेक्शन है, जो मैं ये किरदार चुन पा रही हूं। मुझे लगता है कि किरदार अगर थोड़ा अलग हो, तो मुझे अट्रैक्ट करता है, यही संजना के रोल के साथ हुआ।

### ऑडियन्स बनाए रखने के लिए पंचलाइन कितनी जरूरी

फिल्म के पहले पार्ट में प्राची के कई जबर्दस्त सीन हैं। इस दौरान उनकी कुछ पंचलाइन भी हैं। सस्पेंस थ्रिलर फिल्म के बीच में लाइट मोमेंट लाने होते हैं। इन डायलॉग को बोलने में काफी प्रॉब्लम होती है। इसपर अभिनेत्री ने कहा कि एक्सपीरियंस कहता है, हमने बड़े होते हुए जो फिल्में देखीं, उनकी कुछ-कुछ लाइनें हमेशा याद रहती हैं, जैसे अंदाज अपना-अपना हो या बहुत सी ऐसी फिल्में हैं। दिल चाहता है की कितनी सारी लाइनें हैं। वो मेरी एक फेवरेट फिल्म थी, तो ऑडियन्स को कनेक्ट करने के लिए ये बहुत जरूरी होती हैं। मेरे लिए जो इस फिल्म के किरदार हैं, वो मुझे आज भी याद हैं। उसका क्रेडिट उतना ही राइटर्स को जाता है। उन्हीं की वजह से ऑडियन्स के साथ कनेक्शन बन जाता है और वो कभी-कभी बस एक लाइन से होता है।

### कैसी होती है इंस्पेक्टर की रियल लाइफ

साइलेंस में हम इन्वेस्टिगेशन कर रहे थे। मगर एक सीन में उन्होंने हमें पर्सनल स्पेस में देखा कि ये हमेशा पुलिस स्टेशन में अटेंशन में थोड़े ही नहीं खड़े होते हैं, तो इनकी लाइफ में क्या होता है और इनका इक्वेशन क्या होता है। तो इन्वेस्टिगेशन कितना ही गंभीर हो, लेकिन रियल लाइफ में ही ऐसा ही होता है, जो इंसान मजाकिया है, जैसे साहिल हैं, वो रियल लाइफ में भी ऐसे ही हैं, जैसे सीन में हैं। वो कई बार मनोज सर को हंसा देते थे।

### करियर की शुरुआत में मना किए चुनौतीपूर्ण किरदार

टीवी शो कसम से की बानी के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं प्राची देसाई ने अपने करियर में कई अलग-अलग किरदार निभाए हैं। उन्होंने बताया, करियर के बहुत शुरुआत में शायद कुछ रोल थे, जो मैं आईडेंटिफाई नहीं कर पाई थी कि कितना अच्छा होता, अगर ये रोल किया होता। मगर वो मैच्योरिटी और एक्सपीरियंस की भी बात है, तो तब ऐसा हुआ था। उसके बाद जैसे समझ आई तो कोशिश बस यही था कि खुद को इंटरेस्टिड कैसे रहें और ऑडियन्स को भी इंटरेस्टिड कैसे रखें। क्योंकि उस दौर में बात यही थी कि अगर आपको एक रोल में किसी ने पसंद किया था, तो वहीं ऑफर्स आपको आते थे।



# जान्हवी कपूर की उलझ की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा!

अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने साउथ डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। इसके साथ ही वे राम चरण के साथ आरसी 16 की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेत्री की नई बॉलीवुड फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आ चुका है। जान्हवी बॉलीवुड फिल्म उलझ में आईएफएस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 11 सितंबर, 2023 को खत्म हो चुकी है। बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर उलझ के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। वहीं अब फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जंगली पिक्चर्स के बैनर तले उलझ के निर्माता 5 जुलाई, 2024 को फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म के निर्माण से जुड़े एक अंदरूनी सूत्र ने का दावा है कि पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के करीब है। जंगली पिक्चर्स की टीम 5 जुलाई, 2024 को अपनी राजनीतिक थ्रिलर लाने का लक्ष्य बना रही है और आधिकारिक घोषणा नजदीक है। फिल्म की टीम भी इसकी रिलीज के लिए काफी उत्सुक है, क्योंकि वे भारतीय सिनेमा के दर्शकों के लिए एक नई शैली पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उलझ के अलावा जान्हवी कपूर की अगले तीन महीनों में एक और फिल्म रिलीज होगी, वह है शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही। रिपोर्ट्स के अनुसार, मिस्टर एंड मिसेज माही की तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। वहीं, सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी उलझ के कलाकारों की बात करें तो फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए जान्हवी ने कहा था कि मैंने इस अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है, मैं हर दिन उठती हूं और फिल्म में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को, हर चीज के लिए अपना दिल और आत्मा देते हुए देखकर बहुत प्रेरित महसूस करती हूं।



# फिल्म चिट्टा के आलोचकों पर सिद्धार्थ का कटाक्ष

साउथ सिनेमा के चर्चित सितारे सिद्धार्थ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अभिनेता ने अपनी 2023 की फिल्म चिट्टा के बारे में बात करते हुए रणबीर कपूर की एनिमल पर कटाक्ष किया है। हालांकि, उन्होंने फिल्म का नाम नहीं लिया लेकिन उन्होंने इसके तमिल संस्करण मिरुगम का इस्तेमाल किया। अभिनेता ने इसके जरिए उन लोगों की आलोचना की जिन्हें उनकी फिल्म चिट्टा परेशान करने वाली लगी। अनजान लोगों के लिए, फिल्म चिट्टा ने बाल शोषण पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। सिद्धार्थ, जो गंभीर मुद्दों पर अपनी निर्भीक और ईमानदार राय के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने रणबीर कपूर की एनिमल और उन लोगों पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया, जिन्हें चिट्टा परेशान करने वाली लगी। एक कार्यक्रम में अभिनेता ने कहा, किसी भी महिला ने मुझसे या अरुण (चिट्टा के निर्देशक) से कभी संपर्क नहीं किया और हमें नहीं बताया कि वे फिल्म नहीं देख सकते या यह परेशान करने वाली है। सिद्धार्थ ने अपनी बात में आगे जोड़ा, हालांकि, कई पुरुषों ने हमारे सामने यह स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि वे इस तरह की फिल्में नहीं देखेंगे। लेकिन, वे मिरुगम (अंग्रेजी में अर्थ एनिमल) नामक फिल्म देख सकते हैं, लेकिन मेरी फिल्म उनके लिए बहुत परेशान करने वाली थी। यह अशांति नहीं, शर्म और अपराधबोध है। यह ठीक है, यह जल्द ही बदल जाएगा। सितंबर 2023 में, चिट्टा की रिलीज के लगभग एक सप्ताह बाद चिन्ना नामक तेलुगु संस्करण रिलीज होने के लिए तैयार था। एक सम्मेलन में सिद्धार्थ ने कहा कि तमिलनाडु और केरल के शीर्ष वितरकों, रेड जाइंट मूवीज और श्री गोकुलम सिनेमाज ने इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया।

# बॉलीवुड में विश्वसनीयता को फिर से परिभाषित कर रहे हैं राजकुमार राव

ऐसे उद्योग में जहां प्रतिभा अक्सर ग्लैमर के आगे पीछे रह जाती है, अभिनेता राजकुमार राव विश्वसनीयता के प्रतीक बनकर उभरे हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में एक बहुमुखी अभिनेता होने का मतलब फिर से परिभाषित किया है। अपने नाम के साथ समीक्षकों द्वारा प्रशंसित प्रदर्शनों की एक सीरीज के साथ राव ने, विभिन्न शैलियों और पात्रों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, अपने लिए एक जगह बनाई है। काई पो चे! में उनकी ब्रेकआउट भूमिका से लेकर शाहिद, न्यूटन और ट्रैप्ड जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के दम पर, राव ने लगातार ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसे न केवल आलोचकों ने सराहा है, बल्कि दर्शकों ने भी पसंद किया है, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे विश्वसनीय और दमदार कलाकार बन गए हैं।





# सोहा अली खान ने मेरे मकान को घर बनाया है

**बॉलीवुड एक्टर और डायरेक्टर कुणाल खेमू अपनी मूवी मडगांव एक्सप्रेस को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने खास बातचीत में पत्नी, परिवार और कामकाज के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें सोहा अली खान सपोर्ट करती रहती हैं। कलयुग से हीरो बनने वाले कुणाल ने ट्रैफिक सिग्नल, गोलमाल 3, गो गोवा गॉन, कलंक, कंजूस मक्खीचूस जैसी कई फिल्मों में काम किया है। मगर इन दिनों वे चर्चा में अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू मडगांव एक्सप्रेस से।**

**आपकी पत्नी सोहा भी फिल्म इंडस्ट्री से हैं, तो उनका कितना सपोर्ट रहा और आपकी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर उनकी क्या प्रतिक्रिया रही?**

आम तौर पर वे हमेशा बहुत सपोर्टिव रहती हैं। इस बार भी बहुत प्यार और सहयोग मिला, मगर कई बार आपको ऐसा भी लगता है कि घरवाले आपका दिल रखने के लिए तारीफ कर रहे हैं। इस बार जब-जब मैंने इस फिल्म की स्क्रीनिंग की, वो बाकायदा पूरी फिल्म देखती थीं। मैं उनसे कहता भी था कि पूरी फिल्म देखने की जरूरत नहीं है, मगर उन्होंने जेन्युनिन्ली फिल्म के मजे लिए। उन्हें फिल्म पसंद आई। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें रिपीट वैल्यू में भी मजा आ रहा है। मेरे घरवाले भी फिल्म को दो-तीन बार देख चुके हैं, तो इस बार फिल्म को लेकर ऑडियंस और फैमिली की प्रतिक्रिया एक जैसी है।

**सोहा आपको किस तरह से परिपूर्ण करती हैं?**

मैं यही कहूंगा कि जिंदगी अगर मकान है, तो उसे घर सोहा ने बनाया है। मुझे लगता है, यही आपके प्यार की पार्टनरशिप होती है। जब आप सिंगल होते हैं, आपकी जिंदगी अलग होती है, मगर जब आप शादी करते हैं, तो वो यूनिट तभी काम करती हैं, जब आप एक-दूसरे से फिजिकली, मेंटली और इमोशनली सुकून पाते हैं और सोहा इन सभी पहलुओं पर खरी उतरती हैं। वो मेरे समझदार होने की वजह भी हैं।

**अभिनय के बाद आप मडगांव एक्सप्रेस में लेखक-निर्देशक के रूप में आए हैं। फिल्म करते हुए आपकी सोच क्या थी?**

मैंने जब ये फिल्म लिखी, तो किसी ने मुझे कहा नहीं था। मैंने अपने मन से लिखी थी। मैंने स्क्रिप्ट लिख कर सोहा और एकाध दोस्त को ही सुनाई थी। बाकी किसी को पता भी नहीं था। बस मेरे पास समय था और मैं कहानी लिखता चला गया। मुझे इसे लिखने में मजा आ रहा था। हंसी आ रही थी। मगर इसे लिखने के बाद कई सालों तक मैंने किसी को बताया नहीं, क्योंकि मुझे शर्म आ रही थी कि पता नहीं लोग क्या सोचेंगे। अंततः निर्माताओं तक ये बात पहुंची और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे फिल्म डायरेक्ट करनी चाहिए। तब मुझे लगा कि मुझे ये मौका झपट लेना चाहिए, क्योंकि मुझसे किसी को कोई उम्मीद नहीं है और मैं नहीं जानता कि फिल्म कितना मनोरंजन कर पाएगी? मुझे लगा बल्ला हाथ लगा है और मुझे बैटिंग करनी चाहिए। मैंने रिलीज से पहले ही कहा था कि ताली मिले, तो वो भी मेरी और गाली मिले तो वो भी सिर आंखों पर। अब मुझे खुशी है कि लोगों को फिल्म पसंद आई और मुझे ताली मिली।

**अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू के लिए बड़े स्टार्स के बजाय प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी जैसे कलाकारों की कास्टिंग आपके लिए रिस्की नहीं था?**

रिस्की तो सब कुछ था। मेरा स्क्रिप्ट लिखना, डायरेक्टर बनना। मगर हम जिन बड़े स्टार्स की बात करते हैं, तो वे किसी फिल्म से ही बड़े स्टार्स बने हैं। वो पैदाइशी स्टार्स तो नहीं थे। नए टैलेंट्स को मौका नहीं देंगे, तो स्टार्स कैसे बनेंगे? फिर मेरे लिए जरूरी था कि मैं ऐसे कलाकारों को लूं, जो इन किरदारों के साथ जस्टिफाई कर सकें, जो टैलेंटेड हैं और अपनी फ्रेश एनर्जी के साथ आए हैं। आज स्टार्स की परिभाषा भी बदलती जाती है। कई तरह के स्टार्स हैं, सुपर स्टार, मेगा स्टार, ब्लॉकबस्टर स्टार आदि, जो मेरी समझ से परे है। मैं तो यही कामना करता हूं कि इन कलाकारों को प्यार मिले और आगे चलकर ये उस तथाकथित स्टार की परिभाषा में फिट बैठ सकें। वरना मेरे लिए तो ये तीनों ही स्टार हैं।

**फिल्म सोशल मीडिया के प्रेशर की बात भी करती है, आप सोशल मीडिया के बारे में क्या सोचते हैं?**

सोशल मीडिया एक ड्रग की तरह है। आप इसे दवा की तरह भी देख सकते हैं और नशे की तरह भी। मैं ये नहीं कहता कि आपको सोशल मीडिया से दूर चले जाना चाहिए। बस आपको ध्यान रखना है कि आपको इसकी लत न लगे। आपको इसकी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी, क्योंकि अगर आप लॉग आउट नहीं होते, तो वो एक एडिक्शन है, जिसकी दलदल में आप फंसते चले जाते हैं। हम तो फिर भी खुशकिस्मत हैं कि हमने सोशल मीडिया के पहले का दौर भी देखा है, मगर आज की जनरेशन तो इसी में पैदा हुई है, तो हमें उन्हें बताना होगा कि उनका सेल्फ एस्टीम इस ऐप या सोशल मीडिया का मोहताज नहीं है। इस ड्रग को कैसे हैंडल करना पड़ेगा, ये समझने वाली बात है, क्योंकि ये कहीं नहीं जाने वाला, तो सोशल मीडिया को सोशल भेड़िया बनने से रोकना होगा।



# धोनी ने लगातार 3 6 6 6 लगाने के साथ रचा इतिहास

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में फैंस को महेंद्र सिंह धोनी का बल्ले से फिर वही पुराना अंदाज देखने को मिला। चेन्नई सुपर किंग्स टीम के पूर्व कप्तान धोनी ने सिर्फ 4 गेंदों का सामना किया लेकिन इसमें से उन्होंने पहली 3 गेंदों को स्टैंड में बैठे फैंस के पास पहुंचाया।

धोनी ने अपनी इस पारी में 500 के स्ट्राइक रेट के साथ 20 रनों की पारी खेली। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई को उसी के होम ग्राउंड पर 20 रनों से मात देने के साथ इस सीजन में अपनी चौथी जीत दर्ज करने में कामयाबी हासिल की। धोनी अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक ऐसा इतिहास भी बनाने में कामयाब हो सके जो अब तक कोई भी भारतीय खिलाड़ी बनाने में कामयाब नहीं हो सका।

### आईपीएल में अपनी पारी की पहली 3 गेंदों पर छक्के लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी

महेंद्र सिंह धोनी जब इस मुकाबले में बल्लेबाजी करने उतरे तो उस समय चेन्नई सुपर किंग्स 20वें ओवर की दूसरी गेंद तक 186 रन बना लिए थे। धोनी ने स्ट्राइक लेने के साथ अपनी पारी की पहली गेंद पर लॉन्ग ऑफ की तरफ छक्का लगाया, इसके बाद उन्होंने दूसरी गेंद को लॉन्ग ऑन की तरफ पूरी ताकत से मारते हुए गेंद को फिर छक्के के लिए पहुंचा दिया, जबकि तीसरी गेंद को धोनी ने वाइड लॉन्ग ऑन की तरफ बल्ला घुमाते हुए उसे फिर फैंस के बीच पहुंचा दिया। हालांकि आखिरी गेंद पर धोनी सिर्फ 2 रन ही बनाने में कामयाब हो सके। इस तरह धोनी आईपीएल इतिहास में अब पहले ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने अपनी पारी की पहली 3 गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाए हैं। इससे पहले आईपीएल में सिर्फ 2 ही खिलाड़ी ऐसा करने में कामयाब हो सके हैं और दोनों ही वेस्टइंडीज के हैं।

### पारी की पहली 3 गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

सुनील नारायण - साल 2012 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में (12वें ओवर में)

निकोलस पूरन - साल 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में (16वें ओवर में)

महेंद्र सिंह धोनी - साल 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में (20वें ओवर में)

### अब तक 236 के स्ट्राइक रेट के साथ की है बल्लेबाजी

आईपीएल के 17वें सीजन में धोनी ने अब तक 6 मैचों में से 4 में बल्लेबाजी की है, इस दौरान वह एक भी बार जहां आउट नहीं हुए हैं तो वहीं उन्होंने 236 के स्ट्राइक रेट के साथ कुल 59 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी के बल्ले से जहां सिर्फ 4 चौके देखने को मिले तो वहीं उन्होंने 6 छक्के लगाए हैं।

# पलक ने शूटिंग में जीता 20 वां ओलिंपिक कोटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पलक ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्रस्स्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारत के लिए 20वां पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया।



18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

**गोल्ड जीतने वाली शूटर ने पहले ही हासिल कर लिया था ओलिंपिक कोटा**

फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

# आईपीएल के लाइव मैच के वीडियो या फोटो पोस्ट करने पर बीसीसीआई ने लगाई पाबंदी !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के मंच पर मैच तो कमाल के होते हैं, लेकिन इसके साथ कई विवाद भी सामने आते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। जब भारत के एक पूर्व बल्लेबाज ने आईपीएल मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए अपनी तस्वीर खींची और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया तब काफी बवाल हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद, पूर्व भारतीय बल्लेबाज को बीसीसीआई स्टाफ द्वारा पोस्ट को हटाने के लिए कहा गया। अब बीसीसीआई ने कमेंटेटर्स, खिलाड़ियों और टीमों पर आईपीएल मैच के दौरान फोटो, वीडियो बनाने या अपलोड न करने का निर्देश दिया है।




अगर फिर भी कोई नियमों का उल्लंघन करना है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ खिलाड़ियों ने हाल ही में मैच के दिनों की तस्वीरें शेयर की थी और उन्हें इन पोस्ट को डिलीट का निर्देश दिया गया था। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक आईपीएल टीम ने मैच का लाइव वीडियो स्ट्रीम कर दिया था, जो कि नियमों का उल्लंघन है और बीसीसीआई ने उस पर 9 लाख का जुर्माना लगाया था।

आईपीएल ब्रॉडकास्टर ने मैच टेलीकास्ट राइट्स के लिए बीसीसीआई को हजारों करोड़ रूपए दिए हैं और इसलिए फोटो और वीडियो पर उन्हीं का अधिकार है।

## आईपीएल : 2024

# 12 साल बाद रोहित ने लगाया शतक



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के धाकड़ खिलाड़ी रोहित शर्मा ने नाबाद 105 रनों की पारी खेली। आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था।

इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई। रोहित शर्मा आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए जिन्होंने नाबाद शतक तो लगाया, लेकिन उनकी टीम मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई। रोहित अपनी शतकीय पारी में 63 गेंद में 105 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के भी लगाए। रोहित के अलावा सीएसके के खिलाफ और कोई भी खिलाड़ी कमाल नहीं दिखा सके।

### सीएसके के लिए पाथिराना ने गेंदबाजी में किया कमाल

सीएसके खिलाफ मैच में जब मुंबई की टीम 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी तो रोहित शर्मा ने ईशान किशन के साथ मिलकर टीम को दमदार शुरुआत दिलाई, लेकिन ईशान किशन के आउट होने के साथ ही मुंबई की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई।

खास तौर से तेज गेंदबाज मथिसा पाथीराना के खिलाफ तो मुंबई के बल्लेबाजों की हालत बहुत ही खराब हो गइ

मैच में पाथिराना ने दमदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 28 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पाथिराना सीएसके के लिए आईपीएएल में चार विकेट झटकने वाले सबसे यंगेस्ट प्लेयर भी बने। पाथिराना ने यह कारनामा 21 साल 118 दिन की उम्र में किया।

### 17वें सीजन में मुंबई को मिली चौथी हार

हार्दिक पंड्या की कप्तानी में 17वें सीजन में खेल रही मुंबई इंडियंस को चौथी हार का सामना करना पड़ा।

शुरुआती तीन मैचों में मिली हार के बाद मुंबई ने दिल्ली और आरसीबी के खिलाफ जीत हासिल कर दमदार वापसी की थी, लेकिन एल क्लासिको मुकाबले में उसे एक बार फिर से हार का मुंह देखना पड़ा।

# टी-20 विश्वकप के बाद मेजर लीग में खेलेंगे ट्रैविस हेड



**मुम्बई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस हेड टी-20 विश्व कप के बाद आराम करने की बजाय मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सत्र में खेलने के लिए स्टीवन स्मिथ के जुड़ेंगे। हेड इस समय सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल में खेल रहे हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को समाप्त होगा। उन्होंने टी-20 विश्वकप के बाद ऑस्ट्रेलिया में आराम करने की बजाय वाशिंगटन फ्रीडम के साथ अनुबंध करके मेजर लीग में खेलने का विकल्प चुना है।

टी-20 विश्वकप के बाद सितंबर में इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। हेड और स्मिथ फ्रीडम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के तहत खेलेंगे, जिन्होंने हाल ही में ग्रेग शिपर्ड की जगह ली थी। फ्रीडम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र के साथ अनुबंध की घोषणा की।

उन्होंने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन में दो विदेशी खिलाड़ियों को बरकरार रखा। हेड के साथ स्मिथ, एडम ज़म्पा (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), स्पेंसर जॉनसन (नाइट राइडर्स) और टिम डेविड (एमआई न्यूयॉर्क) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

# हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर इरफान पठान ने उठाए सवाल, कहा- उन्हें गेंदबाज पर भरोसा नहीं...



**मुंबई, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने गेंदबाज आकाश मधवाल पर भरोसा नहीं है।

बता दें, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 206 रन बोर्ड पर लगाए थे, सीएसके को 200 के पार पहुंचाने में महेंद्र सिंह धोनी का अहम रोल रहा था जिन्होंने अंतिम 4 गेंदों पर 20 रन बटोरे थे। धोनी ने आखिर ओवर में हार्दिक पांड्या के खिलाफ यह रन बटोरे थे। इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या के इसी ओवर को लेकर सवाल उठाए हैं। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हार्दिक शुरू से ही एक कप्तान के रूप में अच्छे नहीं रहे हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल को आखिरी ओवर फेंकना था और वह बॉलिंग मार्क तक पहुंच गए थे। हालांकि, हार्दिक ने गेंद उनके हाथ से ले ली और खुद को गेंदबाजी करने का फैसला किया। धोनी ने उन्हें चार गेंदों में 20 रन पर ठोके और यही उनकी हार का अंतर था। पठान आगे बोले, जब श्रेयस गोपाल ने रचिन रवींद्र को आउट किया तो हार्दिक को उनसे एक और ओवर कराना चाहिए था। हालांकि, हार्दिक ने खुद को मौका दिया और 15 रन दिए। हार्दिक को यह समझना होगा कि अन्य गेंदबाज भी हैं जो उनके लिए काम कर सकते हैं। यदि वह उन पर भरोसा नहीं करता है, तो एक कप्तान के रूप में उसके सफल होने का कोई रास्ता नहीं है। इसफान पठान पांड्या को इसी के साथ यह राय दी कि वह डेथ स्पेशलिस्ट नहीं है उन्हें पारी के अंत के ओवर नहीं करने चाहिए।

इस पठान ने पांड्या की कप्तानी को लेकर एक पोस्ट भी किया, एक्स पर उन्होंने लिखा, हार्दिक पांड्या का आखिरी ओवर में गेंदबाजी करना आकाश मधवाल में उनके भरोसे की कमी को दर्शाता है।

# बुंडेसलिगा में बेयर लेवरकुसेन की खिताबी जीत

**बर्लिन, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख द्वारा लीग पर 11 साल तक लगातार दबदबा बनाए रखने के बाद, बेयर लेवरकुसेन ने आखिरकार रविवार को वेर्डर ब्रेमेन को 5-0 से हराकर बुंडेसलीगा का खिताब जीत लिया।

29वें राउंड के समापन पर वेर्डर ब्रेमेन पर शानदार जीत के बाद, लेवरकुसेन ने पांच राउंड शेष रहते हुए अपना पहला बुंडेसलीगा खिताब जीता। रिपोर्ट के अनुसार, मैच की शुरुआत से ही लेवरकुसेन ने अपना पक्ष हावी रखा और लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की।

लेवरकुसेन के प्रयासों का फल तब मिला जब विक्टर बोनीफ़ेस ने 22वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। फिर, वेर्डर ब्रेमेन ने कई बार कोशिश की लेकिन मेजबान टीम का दबदबा कायम रहा। लेवरकुसेन के गोलकीपर लुकास ह्राडेकी ने कई शानदार बचाव किए।



दूसरे हाफ में एक बार फिर लेवरकुसेन ने अटैक करना शुरू किया और ग्रैनिट ज़ाका ने 60वें मिनट में टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने 68वें मिनट में एक शक्तिशाली शॉट के साथ टीम की बढ़त 3-0 की। इतना ही नहीं उन्होंने हैट्रिक जमाते हुए 83वें और 90वें मिनट में अपनी टीम के लिए ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ लेवरकुसेन प्रतियोगिताओं में 43 मैचों से अजेय के अपने रिकॉर्ड पर कायम है। टीम के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसमें इस सीज़न में बुंडेसलीगा में 29 मैचों की अजेय श्रृंखला शामिल है। साथ ही उन्होंने अपने नाम रिकॉर्ड 79 अंक अर्जित किए हैं। फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने कहा, मुझे अभी भी एहसास नहीं हो रहा है कि हमने क्या हासिल किया है। जोनास हॉफमैन ने कहा, यह अविश्वसनीय है और इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मैंने इसे सपने में भी नहीं सोचा था। अलोंसो की टीम इस सीज़न में दो और खिताब जीत सकती है क्योंकि यूईएफए यूरोप लीग और जर्मन कप अभी भी उनकी दावेदारी में हैं।

**टोक्यो में लाल था; कंपनी बोली- ट्रैक मैटीरियल से एथलीट्स की परफॉर्मेंस सुधरेगी**

# पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी कलर में देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है। हाल ही ओलिंपिक एसोसिएशन ने पेरिस ओलिंपिक खेल के लिए तीन रंगो को चयनित किया था। जिसमें गुलाबी, नीला और बैंगनी कलर शामिल था।



पेरिस ओलिपिंक के एथलेटिक्स ट्रैक के मटेरियल इटली में तैयार किया गया है। 1976 के बाद से ओलिंपिक के लिए ट्रैक तैयार करने वाली कंपनी मोंडो का मानना है कि ट्रैक पहले से ज्यादा बेहतर होंगे। इससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी।

टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स में तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड और 10 ओलिंपिक रिकॉर्ड बने थे। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज एलेन ब्लोंडेल ने कहा कि पेरिस में टोक्यो से ज्यादा रिकॉर्ड बनेंगे।

पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। भारत को टोक्यो में पहली बार एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल मिला था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में भारत के लिए ओलिंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में पहली बार मेडल जीता था। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है।

## एक नजर

### संदिग्ध बहाली की आशंका में 20 पदाधिकारियों को नोटिस

**पटना (नि.सं.)**। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने राज्य सरकार में विभिन्न पदों पर तैनात बिहार लोक सेवा के 20 पदाधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया है। इनमें डीएसपी, एसडीओ, उत्पाद निरीक्षक समेत अन्य पदों पर अलग-अलग जिलों में पदस्थापित पदाधिकारी शामिल हैं। इन सभी से अप्रैल के अंतिम सप्ताह से पूछताछ होने जा रही है। बीपीएससी परीक्षा पास करने में किसी तरह की अनियमितता का सहारा लेने की आशंका पर इन पदाधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, इन्होंने परीक्षा कैसे पास की और पूरी प्रक्रिया का पालन कैसे किया, इसकी पूरी जानकारी ली जाएगी। सभी से पूछताछ के बाद मिले बयान और तमाम तथ्यों का क्रॉस वेरिफिकेशन करने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि इन पदाधिकारियों की बहाली में कोई गड़बड़ी हुई थी या नहीं।

### जिलों को विश्व मलेरिया दिवस की तैयारी का निर्देश

**पटना (नि.सं.)**। राज्य में विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) के लिए व्यापक तैयारी का जिलों को निर्देश दिया गया है। अपर निदेशक-सह-राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार ने सभी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को पत्र जारी कर अपने-अपने जिले में मलेरिया जांच सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया है। इसी सप्ताह (अप्रैल के तीसरे सप्ताह में) प्रखंड एवं जिला स्तर पर रैली, क्विज एवं ड्राइंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन आदि का आयोजन होगा। मलेरिया जांच कैंप के आयोजन संबंधी तैयारियों को भी पूरा किया जाना है। अंतर-विभागीय बैठक की तैयारियों एवं आयोजन से संबंधित रणनीति भी बनायी जा रही है। डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। इसमें कंपकंपी के साथ 103 से लेकर 105 डिग्री तक बुखार होता है। कुछ घंटों के बाद पसीने के साथ बुखार उतर जाता है, लेकिन बुखार आते-जाते रहता है। उन्होंने बताया कि मलेरिया के लक्षण नजर आने पर तत्काल अस्पताल जाकर चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मलेरिया की जांच एवं उपचार की निःशुल्क व्यवस्था है।

### चुनाव से पूर्व 9.33 लाख मतदाता गाइड बांटेगा प्रशासन

**पटना (नि.सं.)**। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन 9 लाख 33 हजार मतदाता गाइड का वितरण करेगा। इस गाइड में मतदान केंद्र और वोट देने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी रहेगी। ईवीएम में वोट देने की जानकारी भी मिलेगी। डीएम की समीक्षा बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष राय ने बताया कि निर्वाचन विभाग ने 9 लाख 33 हजार वोटर गाइड जिले को उपलब्ध कराया है। यह गाइड प्रत्येक घर को उपलब्ध कराना है। डीएम ने इसे मतदान की तिथि से 5 से 9 दिन पूर्व बांटे जाने का निर्देश दिया है। ये वोटर गाइड बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक घर में उपलब्ध कराए जाएंगे।

### रेल यात्रियों का मोबाइल चुराने वाले चार गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)**। रेल पुलिस ने जिला स्थित चार अलग-अलग स्टेशनों से रेल यात्रियों का मोबाइल चुराने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर, बिहटा और गया रेल पुलिस ने आरोपितों को दबोचा। उनके पास से चार स्मार्ट मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई है। रेल अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव और रामनवमी पर्व के मद्देनजर रेल पुलिस पूरी तरह सतर्क है। रेल और रेल परिसर में कड़ी चौकसी रखी जा रही है। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए ऑपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहुंचे औरंगाबाद, चुनावी सभा को किया सम्बोधित, कहा

# विकसित भारत की परिकल्पना मोदी सरकार में ही की जा सकती

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। लोकसभा चुनाव के समर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे औरंगाबाद। सीएम योगी सोमवार को औरंगाबाद जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान योगी अलग ही अंदाज में नजर आए। योगी ने कहा कि इस बार का चुनाव नेशन फर्स्ट बनाम फैमली फर्स्ट का है। आपलोग राजद पर भरोसा मत कीजिए। ये लोग सिर्फ अपने परिवार को बढ़ाना जानते हैं। योगी ने कहा कि बिहार के अंदर तो लालू जी के परिवार को ही सीटें कम पड़ रही थी। लालू जी अपने परिवार तक ही सीमित रहे गए। परिवार से आगे उनकी सोच है ही नहीं। विकास भी होना है तो परिवार का ही और सीट भी मिलनी है तो सिर्फ परिवार को ही। योजनाओं का लाभ लेना है तो सिर्फ परिवार के लोगों को लेना है। हालांकि आप खुद जाएंगे कि एक परिवार यहां है तो एक परिवार इनका यूपी में भी है। यूपी की जनता तो पहले ही उनको जवाब दे चुकी है और अब बिहार के लोगों को भी जवाब देने के लिए तैयार होना होगा। इसी लिए मैं यहां आया हूं कहा कि यूपी और बिहार का संबंध तो चोली-दामन का है। कभी अलग नहीं होने वाला संबंध है यह। हमारे यहां संबोधन में जब बोलते हैं तो हम लोग कहते हैं जय सीताराम। पहले माता सीता का नाम लेते हैं तब राम का नाम लेते हैं। यह संबंध तो दोनों राज्यों के संबंध को जोड़ कर मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम तो लालू जी से कहेंगे कि आप संख्या बाधाएं। यहां रहने के लिए फ्री में मकान तो मोदी जी दे ही रहे हैं। योगी ने कहा कि राजद के समय बिहार की पहचान की संकट खड़ी हो गई थी और फिर वही गुंडाराज यह लोग वापस लाना चाहते हैं। देखो गुंडों का सबसे अच्छा इलाज यूपी में हो रहा है। आपलोग देख रहे हो न। योगी ने कहा कि यूपी में गुंडों का कैसा उपचार हो रहा है। वहां अगर कोई व्यापारी और बेटियों के साथ छेड़छाड़ करता है या बुरा व्यवहार करता है तो उल्टा लटका दिया जाता है और नीचे से मिर्ची का झोंका अलग से दिया जाता है। उसमें भी वो लोग गले में पट्टी लगाकर चलते हैं कि बस एक बार जान बक्श दो। आगे से कोई गलती नहीं होगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ हमने भगवान राम के लिए अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया तो दूसरे तरफ गुंडे और माफिया को राम नाम सत्य की यात्रा पर भी भेजने का काम किया। बोलचाल की भाषा में हम राम-राम कहते हैं। मिलते हैं तो जय श्री राम कहते हैं। लेकिन जो कानून नहीं मानता है उसको हम कहते हैं कि चलो तुम्हारा राम नाम सत्य हो जाए। योगी ने कहा कि आज नवरात्रि की सप्तमी तिथि है और महाकाली की पूजा होती है। तो आज लोग कितने आसानी से पूजा करने जाते हैं। कहीं कोई समस्या नहीं है। तो बस विकसित भारत की परिकल्पना मोदी सरकार में ही की जा सकती है। कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का चौतरफा विकास हो रहा है। डिजिटल इंडिया बन चुका है। अपराध पर लगाम लगा है।जो भी घोटालेबाज थे वह जेल के अंदर कैद हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार में कैसा भी खूंखार बदमाश अपराधी क्यों ना हो वह छोटे से भी अपराध करने से पहले 100 बार सोचेंगे। अपराध करने के बाद अपराधियों की क्या सजा होती है। यह सब अपराधी किस्म के लोग जान चुके हैं। उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर कैसे लगाम कसना है, यह सब हमें पूरी तरह मालूम है। किस तरह कौन सा बड़ा अपराधी कानून के शिकंजे में कैसे आएगा उसकी पूरी नसल मुझे पता है। इस बार लोकसभा में एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

## मतदान प्रतिशत में वृद्धि की तैयारी में जुटा प्रशासन



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी वर्गों की शत प्रतिशत प्रतिभागिता एवं मतदान का प्रतिशत में वृद्धि हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु गठित स्वीप कोषांग के तत्वाधान में विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अप्रैल 2024 को पूर्वाह्न 7:00 बजे रन फॉर वोट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी तथा निर्वाचन के वरीय पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अतिरिक्त जिला स्तरीय तथा अनुमंडल स्तरीय सभी पदाधिकारी स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्रा भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का प्रारंभ समाहरणालय औरंगाबाद से हरी झंडी दिखाकर इसका प्रारंभ किया जाएगा। इसके बाद मतदान करने हेतु संदेश देने के उद्देश्य से सभी प्रतिभागी रमेश चौक मुख्य बाजार होते हुए गांधी मैदान औरंगाबाद तक दौड़ेंगे। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## प्रत्याशी के पक्ष में काम करने का मुफस्सिल थाना अध्यक्ष पर आरोप, एसपी ने किया लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। लोकसभा चुनाव से पहले मुफस्सिल थाना अध्यक्ष बबन बैठा हटाए गए हैं। थानाध्यक्ष पर किसी प्रत्याशी के पक्ष में काम करने का आरोप लग रहा था। कई लोगों ने इससे संबंधित शिकायत की थी। जांच में मामला सत्य पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि 2009 बैच के इंस्पेक्टर अशोक कुमार मुफस्सिल के नए थाना अध्यक्ष होंगे। निर्वाचन आयोग में स्वीकृति के लिए चार नए थाना अध्यक्षों के नाम भेजे गए थे, जिनमें अशोक के नाम पर मुहर लगी है।

एसपी ने बताया कि मुफस्सिल थाना अध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया है। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद जिले के चार थाना अध्यक्षों के विरुद्ध अधिकारियों को शिकायत मिली थी। शिकायतों की जांच एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय एवं एसडीओ संतन कुमार सिंह ने की थी। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि जांच के बाद थानाध्यक्ष से जवाब मांगा गया था। शुक्रवार को उन्होंने जवाब दिया था। एसपी ने बताया कि मुफस्सिल थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया है।

बताया जाता है कि चुनाव के दौरान चार थानाध्यक्षों के खिलाफ अधिकारियों को शिकायत मिली थी। शिकायतों की जांच एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय एवं एसडीओ संतन कुमार सिंह के द्वारा की गई थी। सूत्रों के अनुसार जिन थानाध्यक्षों के खिलाफ जांच हुई है उसमें कुटुंबा, मुफस्सिल, रफीगंज एवं कासमा थानाध्यक्ष शामिल हैं।

## बरसात के पहले पंपिंग स्टेशनों की होगी मरम्मत

**पटना (नि.सं.)**। शहर के सभी पंपिंग स्टेशनों पर लॉगबुक खोलने का निर्देश बुडको के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार सागर ने दिया है। सोमवार को उन्होंने कई पंपिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बरसात के पहले पंपिंग स्टेशनों की मरम्मत का काम पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने कंकड़बाग अंचल के अशोकनगर, योगीपुर एनबीसीसी, टीबी टावर, बहादुरपुर हाउंसिंग कॉलोनी, नंदलाल छपरा, ट्रांसपोर्ट नगर, धनुकी मोड़, दशरथा के सभी स्थित विभिन्न ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों तथा जगनपुरा एवं रामकृष्णा नगर के अस्थायी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत देव प्रखंड में चलाया गया घर-घर जागरूकता अभियान

निज संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)**। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 का मतदान 37-लोक सभा संसद क्षेत्र में 19 अप्रैल को होना है। इसके लिए सीईओ बिहार एवं जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसर स्वीप कार्यक्रम के तहत निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को देव ब्लॉक में जीविका दीदी एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वार बूथ 270, 330 में 'घर-घर जागरूकता' अभियान चलाया गया। रफीगंज-बीएचएम नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार और एएनएम सविता, सुनीता एएनएम, अर्चना, अमृता, शोभा, अतिका एएनएम, शकुंतला एएनएम, प्रियंका एएनएम, अनिता, नीतू एएनएम द्वारा चुनाव जागरूकता गतिविधि कार्यक्रम कुटुंबा के झरहा में आंगनबाड़ी केंद्र कोड-37 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आंगनवाड़ी सेविकायो द्वार निकाला गया।

## बीजेपी कैंडिडेट सुशील सिंह ने औरंगाबाद में किया रोड शो, मांगा वोट



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद से बीजेपी प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद सुशील सिंह ने शहर में सोमवार को रोड शो किया। रोड शो की शुरुआत शहर के जसोइया मोड़ हुई जो सिन्हा कॉलेज तक जाकर समाप्त हुई। इस दौरान प्रत्याशी ने शहर के करमा रोड, अहरी, ब्रह्मर्षि चौक, श्रीकृष्ण नगर बाजार एवं अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। रोड शो में नप के मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडेय आदि नेती बीजेपी प्रत्याशी के साथ रोड शो वाले वाहन पर साथ रहे। रोड शो के माध्यम से प्रत्याशी ने अवाम से वोट देने की अपील की। रोड शो में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे।

## श्री फाउंडेशन ट्रस्ट ने देव चैती मास छठ पूजा के दौरान भक्तों के लिए आवासन पंडाल की करायी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद**। श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के बैनर तले, श्री सीमेंट लिमिटेड औरंगाबाद, बिहार 12 अप्रैल से से 15 अप्रैल-2024 तक बिहार के देव औरंगाबाद में चैती मास छठ पूजा मेले में भाग लेने वाले भक्तों के लिए आवासन पंडाल और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ टेंट कैंप के रूप में महत्वपूर्ण आवास सुविधाएं प्रदान कीं। छठ पूजा एक ऐसा त्योहार है जो मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंध और विश्वास और दृढ़ता की शक्ति का उत्सव मनाता है। भक्त उपवास रखकर और प्रकाश, ऊर्जा और जीवन शक्ति के देवता यानी सूर्य देव की पूजा करके त्योहार मनाते हैं। क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक पहलू को मजबूत करने के लिए कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अनिल शर्मा ने कहा कि श्री फाउंडेशन ट्रस्ट अपने सीएसआर प्रयासों के तहत समुदाय में ऐसे भक्तिपूर्ण और पवित्र अवसरों के सहयोग और योगदान के लिए हमेशा सबसे आगे रहा है। बीएस राठौड़ (प्लांट एचआर हेड) ने क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रचार को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय सीएसआर प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा संचालित समुदायों में सकारात्मक योगदान देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मेले में पधारे हुए भक्तों ने इस पवित्र अवसर पर सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए श्री सीमेंट प्रबंधन के प्रति खुशी और आभार व्यक्त किया। हम पिछले 10 वर्षों से इस पुनीत काम के लिए सहयोग कर रहे हैं और इस महत्वपूर्ण छठ पूजा त्योहार के दौरान जिला प्रशासन-औरंगाबाद द्वारा निर्धारित जिम्मेदारियों के साथ जुड़ने की हमारी प्रतिबद्धता हमेशा सर्वोपरि रही है। श्री रोहित कुमार (सीएसआर विभाग) ने गतिविधि का निर्बाध समन्वय किया।

## मॉर्निंग हुआ कोर्ट, अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। सोमवार से कोर्ट मॉर्निंग हो गया। पहले दिन जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के केन्द्रीय कक्ष में कार्यसमिति सदस्य दिवंगत अधिवक्ता सुरेश प्रसाद के निधन पर शोक सभा कर उनके आत्मा के शान्ति की प्रार्थना की गई। सर्वप्रथम उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाल कर उनके आत्मा के शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और निर्णय लिया गया कि आज सभी अधिवक्ता गण न्यायिक कार्य से विरक्त रहेंगे। मीडिया प्रभारी कार्य समिति सदस्य अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व महासचिव परशुराम सिंह, अपर लोक अभियोजक महेंद्र प्रसाद सिंह, कामता प्रसाद सिंह, देवेन्द्र शर्मा, निपेश्वर सिंह देव, महेंद्र मिश्रा, रामनरेश प्रसाद, इरशाद आलम सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ छठ पूजा

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)**। चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व चैती छठ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सोमवार को संपन्न हो गया। सैकड़ों की संख्या में लोग देवकुंड,पेमा देवहरा सहित नदी के विभिन्न घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे। रबिबार को बाहर से आये देर रात तक घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा थी। जिन्होंने उदयमान सूर्य को अर्घ देकर पारन किया गया।सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने देवकुंड स्थित सहस्त्रो धारा तालाब के घुटने तक पानी में खड़े होकर पूजा-अर्चना की तथा सजे-धजे सूपों को हाथ में लेकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। पूजन के दौरान संपूर्ण वातावरण छठ मइया एवं सूर्यदेव की जय-जयकार से गुंजायमान रहा।

लोकपर्व डाला छठ पर रविवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। संध्या बेला में पूरी देवकुंड नगरी ही छठमय दिखाई पड़ी। देवकुंड से लेकर गोह के सभी कुंड, गोह पोखरा, मलहद तालाब पेमा के बीच भी अर्घ्य देने वालों की भीड़ रही। इधर भीड़ को देखते हुए देवकुंड थानाध्यक्ष अनंत कुमार के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया था।

## बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेदकर की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन

निज संवाददाता



**हाजीपुर**। भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में सोमवार को वैशाली रेल प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाष ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में पूमरे के प्रधान विभागाध्यक्षों व उच्चाधिकारियों सहित, यूनियन, एसएसटी एशोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब के जीवनी पर आधारित एक नाटक का भी मंचन किया गया जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं रेलकर्मियों द्वारा काफी सराहा गया।

## चैत्र नवरात्र पर भजन संध्या का आयोजन

**पटना(नि.सं.)**। चैत्र नवरात्र के मौके पर मां वैष्णव देवी सेवा समिति द्वारा मां ब्लड बैंक केंद्र में भजन संध्या हुई। आयोजन श्रीश्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट न्यू, श्रीश्री बालाजी सुंदरकांड समिति, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन एवं भजन कीर्तन समिति परिवार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भजन संध्या से पहले माता की पूजा की गई। पूनम मोर, आस्था बंसल, संकेत अग्रवाल, मोहित शर्मा ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश की।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433